वर्ष 72 अंक 271 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 29 जून, 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
Sunday
www.dainikjagranmpcg.com

### अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने घटाई जिला न्यायाधीशों की ताकत, ट्रंप बोले-यह संविधान और देश के लिए बड़ी जीत

# अब और ताकतवर हो गए ट्रंप!

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय में जिला न्यायालयों की शक्तियों को सीमित करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि वे किसी कार्यकारी आदेश के खिलाफ देशव्यापी स्थगन नहीं जारी कर सकते। यह फैसला विशेष रूप से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जारी उस कार्यकारी आदेश से जुड़ा था, जिसका उद्देश्य जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करना था।

इस फैसले में, न्यायमूर्ति एमी कोनी बैरेट की अगुवाई में 6-3 के बहुमत से यह निर्णय सुनाया गया कि संघीय अदालतें कार्यपालिका की सामान्य निगरानी के लिए नहीं होतीं। न्यायमूर्ति बैरेट ने लिखा, 'जब कोई अदालत पाती है कि कार्यपालिका ने अवैध रूप से कार्य किया है, तो यह जरूरी नहीं है कि अदालत स्वयं भी अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कोई आदेश जारी करे।' फैसले के अनुसार, स्थानीय स्तर पर जारी स्थगन आदेश सिर्फ संबंधित पक्षों पर ही लागू होंगे, पूरे देश पर नहीं।

यह फैसला सीधे तौर पर ट्रंप प्रशासन के उस 2025 के कार्यकारी आदेश से जुड़ा है, जिसमें कहा गया था कि 19 फरवरी 2025 के बाद पैदा होने वाले ऐसे बच्चों को अमेरिकी नागरिकता नहीं दी जाएगी जिनके माता-पिता में से कोई भी अमेरिकी नागरिक या स्थायी निवासी नहीं है। इस आदेश के खिलाफ अमेरिका के 20 से अधिक राज्यों और नागरिक अधिकार समूहों ने देशभर की अदालतों में मुकदमे दायर किए थे। अब जब सुप्रीम कोर्ट ने जिला अदालतों को इस अधिकार से वंचित कर दिया है, तो नागरिक अधिकार समूहों को राज्य या संघीय अपील अदालतों में मामला ले जाना होगा, जिससे न्यायिक प्रक्रिया लंबी और खर्चीली हो सकती है। वहीं, कार्यकारी आदेश के क्रियान्वयन से लाखों अप्रवासी परिवारों की नागरिकता पर खतरा मंडराने लगा है।

यह फैसला अमेरिकी न्यायिक व्यवस्था में शक्ति-संतुलन और कार्यपालिका बनाम न्यायपालिका की बहस में नया मोड़ है।

जहां रिपब्लिकन और ट्रंप समर्थक इसे 'संवैधानिक जीत' बता रहे हैं, वहीं मानवाधिकार समूह और विपक्ष इसे 'न्यायिक स्वतंत्रता पर चोट' मान रहे हैं। यह मामला नागरिकता से आगे कानून की व्याख्या, संघीय शक्ति और प्रवासी अधिकार के भविष्य का प्रश्न बन चुका है।



> "यह फैसला संविधान और राष्ट्र के लिए बड़ी जीत है। अब जजों को ये समझ आ गया है कि उन्हें खुद को कानून के ऊपर नहीं समझना चाहिए। यह फैसला न्याय और कार्यपालिका की स्वतंत्रता की जीत है।
> **- डोनाल्ड ट्रंप,**
> राष्ट्रपति, अमेरिका
> ('ट्रूथ सोशल' पर)

**क्या है जन्म आधारित नागरिकता:** अमेरिकी संविधान का 14वां संशोधन स्पष्ट करता है कि अमेरिका में जन्मे और इसके अधीन रहने वाले हर व्यक्ति को नागरिकता का अधिकार है, चाहे उनके माता-पिता का कानूनी दर्जा कुछ भी हो।

**'नेशनवाइड इंजेक्शन':** नेशनवाइड इंजेक्शन कानूनी आदेश होता है जो किसी एक जिले की अदालत द्वारा पूरे देश में लागू होता है। यह तरीका काफी विवादास्पद रहा है।

## हास्यास्पद प्रक्रिया समाप्त


जेडी वेंस
उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह देशव्यापी निषेधाज्ञा जैसी 'हास्यास्पद प्रक्रिया' को समाप्त करता है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हमारी प्रणाली में हर किसी को कानून का पालन करना होता है, जिसमें जज भी शामिल हैं।' अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि न्याय विभाग, ट्रंप की नीतियों की रक्षा और उन्हें लागू करने के अधिकार का पूरी तरह से समर्थन करता रहेगा।

## तीन न्यायधीशों की चेतावनी


सोनिया
सोटोमायोर

तीन उदारवादी न्यायधीशों सोनिया सोटोमायोर, ऐलेना केगन और केतनजी ब्राउन जैक्सन ने फैसले पर असहमति जताई। जस्टिस सोटोमायोर ने कहा, 'अमेरिका में जन्मे और इसके अधीन रहने वाले बच्चे नागरिक होते हैं। यह स्थापना से ही कानूनी सिद्धांत रहा है। बहुमत इस बात को नजरअंदाज कर रहा है कि कार्यकारी आदेश संविधान के अनुरूप है या नहीं।' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की रणनीति स्पष्ट रूप से राजनीतिक है।

## मानवाधिकार समूहों का विरोध जारी

*राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश को रोकने के लिए अमेरिका के कई नागरिक अधिकार संगठनों ने एक वर्ग-कार्रवाई और अस्थायी प्रतिबंधात्मक आदेश की याचिकाएं दाखिल की हैं।*

- इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्स्टीट्यूशनल एडवोकेसी एंड प्रोटेक्शन के वरिष्ठ वकील विलियम पॉवेल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब हमें राज्य-दर-राज्य या जिला स्तर पर अलग-अलग प्रयास करने होंगे ताकि कार्यकारी आदेश को रोका जा सके।
- एसाइलम सीकर एडवोकेसी प्रोजेक्ट की सह-संस्थापक कोंचिता क्रूज ने कहा, 'यह अप्रवासियों के लिए भ्रमित करने वाला समय है। वे कई बार यह नहीं समझ पा रहे कि इसका सीधा असर उनके अधिकारों और भविष्य पर कैसे पड़ेगा।'
- नेशनल लैटिना इंस्टिट्यूट फॉर रिप्रोडक्टिव जस्टिस ने लिखा है, 'हम नाराज हैं। हम पीछे नहीं हटेंगे। अप्रवासी और उनके परिवार सुरक्षा, सम्मान और न्याय के हकदार हैं। हम संगठित रहेंगे और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।'

### 'कांटा लगा' फेम शिफाली को दी गई अंतिम विदाई

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह नहीं हुई स्पष्ट

**मुंबई, जेएनएन।** लोकप्रिय अभिनेत्री और डांसर शिफाली जरीवाला का शुक्रवार रात (27 जून) 42 वर्ष की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। 'कांटा लगा' गाने से मशहूर हुईं शिफाली को उनके पति और अभिनेता पराग त्यागी ने उपनगर स्थित बेलव्यू मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार 28 जून को उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार ओशिवरा श्मशान घाट में किया गया।

मुंबई पुलिस के अनुसार, शिफाली का शव उनके अंधेरी स्थित घर से मिला। पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को उनके घर लाया गया। हालांकि परिवार की ओर से अभी तक मृत्यु के कारण को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है।

उनका शव मुंबई के विले पार्ले स्थित कूपर अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम किया गया। शुरुआती जांच में कोई संदिग्ध कारण नहीं मिला है, लेकिन अंतिम रिपोर्ट को फिलहाल रिजर्व रखा गया है और आगे की फोरेंसिक जांच जारी है।

पुलिस उपायुक्त दीक्षित गेडाम ने मीडिया से कहा, 'पोस्टमार्टम रिपोर्ट रिजर्व है। हमें फिलहाल कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है, लेकिन जांच अभी जारी है।' पुलिस ने यह खुलासा नहीं किया कि कितने लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं, लेकिन सूत्रों के अनुसार अब तक आठ लोगों से पूछताछ की गई है।



### पति और स्टॉफ से पूछताछ

पुलिस ने मामले में शिफाली के पति पारग त्यागी और घरेलू स्टाफ समेत 8 लोगों से पूछताछ की है। गृहराज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा, 'घटना से जुड़ी सारी जानकारी पुलिस ने इकट्ठा कर ली है। यदि कोई संदेह या शिकायत सामने आती है, तो हम उस पहलू से भी निष्पक्ष जांच करेंगे।'

### सोशल मीडिया पर शोक

मौत की खबर से सोशल मीडिया पर शोक की लहर दौड़ गई। कई सितारों और प्रशंसकों ने श्रद्धांजलि दी। 'मीट ब्रदर्स' फेम मनमीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'भगवान की मर्जी के आगे हम कुछ नहीं कर सकते...'

### शिफाली की यात्रा: कांटा लगा से वेब सीरीज तक

शिफाली जरीवाला ने 2002 में 'कांटा लगा' म्यूजिक वीडियो से रातोंरात लोकप्रियता हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने 2004 की फिल्म मुझसे शादी करोगी के एक गाने में भी हिस्सा लिया। रियलिटी शोज जैसे 'नच बलिए 5 और 7' में अपने पति के साथ भाग लेने के अलावा वे वेब सीरीज 'बेबी कम ना' में भी नजर आईं। उनका करियर छोटे पर्दे, डांस और ओटीटी में काफी चर्चित रहा।



# लघु सीमांत किसान भाई भी करेंगे उन्नत खेती : विक्रम सिंह

जागरण, सतना

लघु सीमांत और हरिजन आदिवासी किसान भाइयों के लिए रामपुर बघेलान कृषि विज्ञान केंद्र में बीज वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह ने कहा कि लघु सीमांत एवं हरिजन आदिवासी किसानों की आय को बढ़ाने सरकार ने कृषि कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के माध्यम से किसानों को दलहनी मिनी किट निःशुल्क उपलब्ध करा कर उन्नत खेती के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त अरहर और उड़द के बीज उपलब्ध करात हैं ताकि कम जमीन में भी अच्छी पैदावार करते हुए किसान ज्यादा मुनाफ़ा कमा सकें जिससे हमारा प्रदेश और देश दिन प्रति दिन ऊंची ऊंचाइयों को छूट नजर आए।उन्होंने कहा कि वह रामपुर बघेलान क्षेत्र वासियों के लिए अनेका नेक योजनाए लाकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं साथ ही कृषि क्षेत्र होने के कारण किसानों पर भी विशेष ध्यान आकर्षित करके उन्हें उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित करते हैं उन्होंने कहा की भाजपा सरकार किसानों के लिए बेहतर से बेहतर योजनाएं लाकर भारत को कृषि प्रधान देश होने के कारण और ऊंचे शिखर तक ले जाने के लिए प्रयासरत है। आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रावेद्र सिंह छोटू ने की वही कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी जिला पंचायत सदस्य रमाकांत पयासी जनपद उपाध्यक्ष अखिलेश शर्मा कृषि सभापति अनिल साकेत जनपद सदस्य नंदकिशोर पटेल नंदू सतीश मिश्रा कृषि विकास अधिकारी अशोक निगम बीपीओ महेश शर्मा पूर्व एसडीओ आरएस दहिया शिवमोहन सिंह लाला कुबेर ताम्रकार कृषि विस्तार अधिकारी रमेश प्रजापति एईओ शिवानी मिश्रा मुन्नी गंधर्व विनम्रता मशीह अंजली तिवारी अतुल मिश्रा विष्णु प्रताप सिंह निकिता गौतम बलवंत सिंह पूर्णिमा त्रिपाठी के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं लघु सीमांत किसान कार्यक्रम में उपस्थित रहे और ऑनलाइन पंजीयन करा कर दलहनी मिनी किट निशुल्क प्राप्त की।




## एमपी ट्रांसको में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया 1 जुलाई से

**सतना।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा कनिष्ठ अभियंता पारेषण.प्रशिक्षु एवं लाइन परिचारक 2024 के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया 1 जुलाई से प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया 3 जुलाई 2025 तक चलेगी। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता अतुल जोशी ने बताया कि सत्यापन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से एमपी ट्रांसको मुख्यालयए शक्तिभवनए ब्लॉक.2 मुख्य अभियंता मानव संसाधन एवं प्रशासन कार्यालयए जबलपुर में किया जाएगा। उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किए गए प्रमाण पत्र अंकसूचियाँ एवं अन्य दस्तावेज़ों का परीक्षण उनकी मूल प्रतियों से किया जाएगा। इसके लिए तीन दल गठित किए गए हैं जो दस्तावेजों का प्रारंभिक सत्यापन करेंगे। तत्पश्चात इन दस्तावेज़ों का अंतिम परीक्षण अधीक्षण अभियंताओं द्वारा किया जाएगा। सभी चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन के संबंध में व्यक्तिगत रूप से सूचना प्रदान की जा चुकी है।

## नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में रामपुर बघेलान ने हासिल किया प्रथम स्थान

### डेढ़ करोड़ की राशि से हुए पुरुस्कृत




**जागरण, सतना।** नीति आयोग की 2025 की डेल्टा रैंकिंग में सतना जिले के रामपुर बघेलान विकासखंड ने मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करके अपने विकासखंड का नाम रोशन किया है प्राप्त जानकारी के अनुसार यह उपलब्धि स्वास्थ्य पोषण शिक्षा कृषि व बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्र में विकासखंड की बहु आयामी प्रगति का परिणाम है इस समूची उपलब्धि के पीछे जिला पंचायत सीईओ संजना जैन का नेतृत्व एवं रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह के भरपूर सहयोग के साथ जनपद अध्यक्ष रावेद्र सिंह छोटू ने अपनी समस्त जनपद और ग्राम पंचायतों की टीम के सहयोग से इस मुकाम को हासिल किया है।श्री सिंह ने कहा कि नीति आयोग ने देश के 500 आकांक्षी ब्लाकों के लिए एस्पिरेशनल ब्लाक प्रोग्राम की डेल्टा रैंकिंग जारी की है जिसमें जनपद के विकाश के लिए 1.5 करोड़ रु से रामपुर बाघेलान जनपद को पुरुस्कृत किया है उन्होंने कहा कि ये परिणाम उनकी समस्त टीम की मेहनत लगन का नतीजा है कि मध्य प्रदेश में रामपुर बाघेलान जनपद ने पहला स्थान हासिल किया और 1.5 करोड़ का पुरुस्कार हासिल किया है इस पल में जनपद पंचायत सीईओ राहुल पांडेय ने अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर एक अधिकारी नही बल्कि एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य किया है और रामपुर बघेलान जनपद को इन ऊंचाइयों तक लाने में विशेष सहयोग प्रदान किया है।

## चैतन्य पाल का कंट्री डिलाइट में उत्पादन अधिकारी के रूप में चयन



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के 2021 स्नातक बैच के प्रतिभाशाली छात्र चैतन्य पाल ने कंट्री डिलाइट प्राइवेट लिमिटेड गुड़गांव हरियाणा में उत्पादन अधिकारी पद हेतु चयन प्राप्त कर विभाग एवं संस्थान का गौरव बढ़ाया है। यह चयन केवल उनकी शैक्षणिक प्रतिभा का प्रमाण नहीं बल्कि उनके अनुशासित दृष्टिकोण सतत श्रम की परिणति है। चैतन्य पाल ने प्रशिक्षण एवं औद्योगिक अनुभव स्नातक शिक्षा अवधि में रिएजेंट बेवरेजेस जुबिलेंट फूडवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड तथा बिकानो फूड्स जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित खाद्य कंपनियों में प्रशिक्षण प्राप्त किया जहाँ उन्होंने गुणवत्ता नियंत्रणए उत्पादन प्रबंधन तथा खाद्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं में व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया। उनकी प्रेरणा का स्रोत उनके माता–पिता और शिक्षकों के लिए हर्ष और गर्व का क्षण हैए उनके सहपाठियों और जूनियर्स के लिए भी एक प्रेरणा है। यह सिद्ध करता है कि समर्पित अध्ययन प्रशंसा एवं बधाई संदेश देते हुए डॉण्नीरज वर्माएएसोसिएट डीन ने कहा कि चैतन्य की यह उपलब्धि आने वाले स्टूडेंट्स के लिए एक प्रेरक उदाहरण है।

## ट्राईसिकिल तो दी गई मगर नहीं बने चार्जिंग प्वाइंट

### पेंशन ढाई हजार करने व जगतगुरु रामभद्राचार्य को भारत रत्न की उपाधि प्रदान करने रखी मांग

**जागरण, सतना।** राष्ट्रीय संगठन सचिव पंकज श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव प्रदेश सचिव वंदना अग्रवाल ने बताया कि सतना जिले में कुल 18399 दिव्यांगजन है जिनमें से 17983 को 600 रुपये पेंशन मिल रही है ।उसको सरकार से आग्रह किया है कि कम से कम ढाई हजार की जाए। ट्राइसाइकिल तो वितरित होती है लेकिन उनमें जो बैटरी लगी है उसका रिचार्ज प्वाइंट कुछ स्थानों में लगाए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। साथ ही जगद्गुरु राम भद्राचार्य को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया जाए। राज्य सरकार के अलावा भारत सरकार से ये मांग है कि सभी दिव्यांगजनों वृद्धों विधवाओं को पेंशन भारत में एक समान लागू की जाना चाहिए।जिस तरह से सेना के अधिकारियों में वन रैंक वन पेंशन की योजना है उसी प्रकार पूरे भारत में समान रूप से पेंशन लागू की जाए। राष्ट्रीय सचिव पंकज श्रीवास्तव ने सरकार से आग्रह किया है कि जब तक पेंशन ढाई हजार रुपये प्रतिमाह एवं मूलभूत सुविधाएं समान रूप से सभी दिव्यागजनों को नहीं मिलेगी तब तक यह संगठन राज्य सरकार एवं भारत सरकार से मांग उठाता रहेगा।



## नहर निर्माण का रूका हुआ कार्य शुरू



**जागरण, सतना।** उचेहरा तहसील अंतर्गत धनेह में वर्तमान ने नहर की साखाओ का निर्माण कार्य हो रहा है लेकिन धनेह के अम्मा धम्मा बौद्ध विहार में नहर का निर्माण रुका हुआ था जब कि धारा 11 व 19 के तहत नोटिश जारी कर खाते में मुआवजे की राशि शासन के द्वारा डाली जा चुका है फिर भी अम्मा धम्मा बौद्ध विहार के लोग शाखा नहर निर्माण का विरोध कर रहे थे जिस वजह से नहर निर्माण के रुके कार्य को शुरू कराने 2 थानों के पुलिस बल को आना पड़ाविभागीय अमले द्वारा अम्मा धम्मा बौद्ध विहार के लोगो को अंडर ग्राउंड नहर निर्माण करवाने का आश्वासन दिया गया है। उचेहरा एसडीएम सुनेश कुमार दुवेदी,थाना प्रभारी सतीश मिश्रा,तहसीलदार ज्याति पटेल, नागौद थाना के पोड़ी चौकी प्रभारी अनिल तिवारी, उचेहरा परसमनिया चौकी प्रभारी रामावतार सिंह पटेल समेत महिला पुलिस बल की मौजूदगी में यह निर्माण कार्य शुरु किया गया।

## अमराई गांव की रोड कीचड से सनी



**जागरण सतना।** जिले का मझगवा तहसील अंतर्गत ग्राम बारी अमराई ग्राम की हालत देखते बनता है। 5 वर्ष पहले इस मार्ग में ग्रेवल सड़क बनाई गई थी अब यह हालत यह है कि ग्राम वासी मुख्य मार्ग पैदल नहीं पहुंच सकते कई वर्ष से सरपंच की मुरूम के लिए बोला जा रहा लेकिन सरपंच किसी कार्य करने की रुचि नहीं ले रहा बुलाने पर भी गांव नहीं आते है एक तरफ सरकार सभी राजस्व ग्रामों को प्रधानमंत्री सड़क से जोड़ चुके है मगर ग्राम बारी अमराई राजस्व ग्राम होकर भी पक्की सड़क से वाचित है कई बार सर्वे हुआ लेकिन बजट आज तक नहीं मिला अब तो मुरूम की आस भी नहीं है।

## युवा कर्मचारी नेता प्रतीक बने सम्भागीय अध्यक्ष



**जागरण, सतना।** म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी सन्घ के प्रान्तीय अध्यक्ष विजय मिश्रा ने सम्भागीय अध्यक्ष रीवा का पदभार युवा कर्मचारी नेता प्रतीक पाण्डेय सन्युक्त सन्चालक कोष एवम् लेखा रीवा मे पदस्थ सहायक वर्ग दो को सौंप कर रीवा सतना सीधी सिगरौली मैहर माऊगन्ज जिले को सम्बल प्रदान करने की कोशिश की गयी है ।श्री पाण्डेय को नेतृत्व सौपते समय प्रान्तीय महामंत्री आर डी द्विवेदी सन्युक्त मोर्चा जिला सतना के सन्रक्षक राजाराम गर्ग कर्मचारी कान्ग्रेसके जिला सतना के उपाध्यक्ष कुलदीप शुक्ल सन्युक्त सन्चालक कोष एवम् लेखा रीवा से सहायक सन्चालक वी पी चतुर्वेदी देवेन्द्र सिह निज सहायक एम पी त्रिपाठी आडिट आफीसर मनीष त्रिपाठी कामराज सिंह अरूणेन्द्र प्रताप सिंह अजय सिंह बघेल रोहित सिंह लोधी श्रीमती नम्रता पटेल श्रीमती प्रिया त्रिपाठी सहायक ग्रेड दो महिपाल कुशवाहा रविन्द्र पटेलए सहायकग्रेड तीन अभयराज द्विवेदी योगेश गुप्ता प्रशान्त सिह सौरभ त्रिपाठी अभिषेक श्रीवास्तव नरेन्द्र शर्मा आदि की उपस्थिति में पदभार सौपा गया है। युवा कर्मचारी नेता के पास सम्भागीय सचिव रीवा सम्भाग का दायित्व पहले से ही रहा है । पदभार ग्रहण करने पर सम्भाग की जिला इकाई अध्यक्षो की ओर से बधाइयाँ और शुभकामनाएं दी गयी हैं ।बधाइयाँ देने वालो मे सतना अध्यक्ष विकल्प गौतम मैहर अध्यक्ष अशोक तिवारी सम्भागीय सचिव श्रीमती सबिता शुक्ल सिगरौली के नाम प्रमुख रहे हैं ।युवा नेतृत्व से सम्भाग के अन्य जिलों में भी बदलाव होगा।

### डाक विभाग एजेंट चयन के लिए साक्षात्कार 7 जुलाई तक

**रीवा।** भारतीय डाक विभाग में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यवसाय अर्जन के लिए डायरेक्ट सेल्स एजेन्ट के लिए साक्षात्कार आयोजित किये जा रहे हैं। अधीक्षक डाक संभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार साक्षात्कार 7 जुलाई तक लिए जाएंगे। आवेदक सुबह 11.30 बजे अपने समस्त दस्तावेज के साथ कार्यालय अधीक्षक डाकघर सिरमौर चौक में उपस्थित हो सकते हैं।

## 23 उपस्वास्थ्य केंद्र भवन को होगा निर्माण



### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत

### ग्राम पंचायत झोंटा में सांसद गणेश सिंह ने किया शिलान्यास

**जागरण, सतना।** शनिवार को मझगवां जनपद की ग्राम पंचायत झोंटा में उपस्वास्थ्य केंद्र भवन तथा सीएचओ भवन के शिलान्यास के अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए सांसद गणेश ने कहा कि चित्रकूट विधानसभा के 23 उपस्वास्थ्य केंद्रों में भवन निर्माण किए जाएंगे जिसकी आज शुरुआत ग्राम पंचायत झोंटा से की गई। इसके लिए चित्रकूट विधानसभा के सभी नागरिकों को बहुत.बहुत बधाई और शुभकामनाएं। सांसद श्री सिंह ने प्रधानमंत्री केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री के प्रति चित्रकूट की जनता की तरफ से उनका विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में पीएम मोदी के आने के बाद अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर स्वास्थ्य सुविधाओं का वितरण हो रहा है वहीं दूसरी तरफकोविड जैसे महामारी से लोगों को निजात दिलाने के लिए जो काम हुआ था उससे जो जागरूकता पूरे देश में आई है यह एक अद्भुत कार्य है।

## चिकित्सा महाविद्यालयों से जुड़े 876 बंधपत्रधारी स्नातकोत्तर चिकित्सकों की पदस्थापना के आदेश जारी

**जागरण, सतना।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में नियमित चिकित्सक भर्ती प्रक्रिया, चिकित्सा महाविद्यालयों की क्षमता वृद्धि तथा स्वास्थ्य संस्थानों के अधोसंरचना विकास के कार्य भी निरंतर प्रगति पर हैं। इसी क्रम में 876 बंधपत्रधारी विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना की गई है, जिससे चिकित्सकीय संसाधनों को मजबूती मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पदस्थ सभी चिकित्सकों से अपेक्षा व्यक्त की है कि वे कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता एवं पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे जनसाधारण को श्रेष्ठ और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके 876 बंधपत्रधारी चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। यह पदस्थापनाएँ चिकित्सकों द्वारा स्नातकोत्तर प्रवेश के समय प्रस्तुत अनिवार्य सेवा बंधपत्र के अनुक्रम में की गई हैं।

## अध्यक्ष ने तैयार की आंदोलन की रणनीति

### तीन जुलाई को जिला पंचायत में तालाबंदी को लेकर चली तैयारी



**जागरण, सतना।** जिला पंचायत में पिछले एक वर्ष से व्याप्त प्रशासनिक अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार को सीईओ द्वारा पोषण दिए जानें के खिलाफ जिला पंचायत सदस्यों नें 03 जुलाई गुरुवार से कार्यालय में तालाबंदी के साथ अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन का विगुल तीन दिन पहले ही बजा दिया था। 28 जून शनिवार को सतना सर्किट हाउस में जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आंदोलन की तैयारी बैठक आयोजित हुई । बैठक में आंदोलन को सफल बनानें के लिए टीमों का गठन किया गया। इसमें सतना मैहर जिले की ग्राम पंचायतों में व्याप्त समस्यायें जिनका आज तक समाधान नहीं हो पाया का चिन्हांकन,पंचायतों के निर्वाचित वार्ड सदस्यों का 03 वर्ष में एक बार का भी मानदेय न पानें वालों पंचों का चिन्हांकनए जनपद पंचायतों के लिए निर्वाचित सदस्यों की समस्याओं और 15 वें व 05 वें वित्त की राशियों का आवंटन न पानें वालों का चिन्हांकन, जिले में ऐसे कार्य जिनका पैसा निकाला गया लेकिन कार्य नहीं हुआ और जांच के नाम पर पिछले एक वर्ष से बहाना बनाया जा रहा है का चिन्हांकन, भुगतान के लिए लम्बित फाइलों का चिन्हांकन, भीड़ प्रबंधन, प्रचार–प्रसार समिति, आंदोलन व्यवस्था समिति आदि को लेकर तैयारी की गई है। तैयारी बैठक के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार, सहकारिता सभापति रमाकान्त मिश्रा, संचार संकर्म सभापति ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू, कृषि सभापति महेन्द्र सिंह, जैव विविधिता के सभापति सुभाष बुनकर व जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह कछवाह के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

## भारत इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ



**जागरण, सतना।** भारत इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती पदमा सुनील सोनी एवं डायरेक्टर अभिषेक सोनी ने शनिवार के दिन रामपुर बाघेलान क्षेत्र के चोपड़ा नाथ धाम पहुंचकर अपने विद्यालय के बच्चों के द्वारा संगीत एवं वाद्य यंत्रों के माध्यम से बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ कराया उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कार देना अति आवश्यक है जो हमारी परंपरा है जो बच्चों को किसी न किसी माध्यम से मिलनी चाहिए ताकि वह सनातनी परंपरा से सदा जुड़े रहे और उसके महत्व को समझें आयोजित कार्यक्रम में संगीत शिक्षक एवं अन्य शिक्षकों के साथ छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं चन्द्रवती सिंह (CHANDRAVATI SINGH) पत्नी सेना संख्या 08026342H पद नायक TS नाम लक्षमन सिंह (LACHIMAN SINGH) जन्मतिथि 01.01.1959 निवासी ग्राम पो दिया जिला पन्ना म0प्र0 आधार न 5986 7562 3961 की होकर शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि यह कि मेरे पति के सैनिक दस्तावेज में मेरा नाम चन्द्रभथी (CHANDRABATHI) तथा जन्मतिथि गलत दर्ज हो गई है। जब कि मेरा वास्तविक सही नाम चन्द्रवती सिंह (CHANDRAVATI SINGH) तथा मेरी सही जन्मतिथि 01.01.1959 है तथा मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों मेरा नाम चन्द्रवती सिंह (CHANDRAVATI SINGH) तथा जन्मतिथि 01.01.1959 है। उक्त शपथपत्र में अपने वास्तविक नाम चन्द्रवती सिंह (CHANDRAVATI SINGIH) तथा जन्मतिथि 01.01.1959 प्रमाणीकरण हेतु निष्पादित कर रही हूं। यदि उक्त नाम एक जन्मतिथि के संबंध में कोई आपत्ति आती है तो उसकी सम्पूर्ण जबाबदारी मेरी स्वयं की है।

### कार्यालय नगर परिषद बिरसिंहपुर जिला सतना म.प्र.

क्रमांक /656 / न.प./2025 बिरसिंहपुर दिनांक 27.06.2025

नामान्तरण/(हकान्तरण) हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार नामान्तरण / हकान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्राप्त हुआ है।

| हस्तान्तरण कर्ता का नाम | हस्तान्तरण ग्रहिता का नाम | वार्ड क्रमांक | रकवा | नामान्तरण का आधार पर |
|---|---|---|---|---|
| 1. स्व. श्री रामगोपाल द्विवेदी | श्री पारशनाथ द्विवेदी , श्री दिनेश प्रसाद द्विवेदी | 06 | 20×80 वर्गफुट 20×80 | पिता कि मृत्यु पर आपसी बटवारा पारत्र क आधार पर |

इस संबंध में जिस व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रमाण सहित कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों में कोई भी विचार नही किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बिरसिंहपुर
जिला सतना म.प्र.

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण Sunday

वर्ष 72 ▸ अंक 271 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 29 जून, 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com


## ऑफ बीट

### इतना शांत कमरा कि सुन सकते हैं धड़कनें



प्रतिकात्मक फोटो

*दुनिया में कई हैरान करने वाली जगहे हैं। इनके बारे में जानकर यकीन करना मुश्किल होता है। इनमें कई बेहद रहस्यमयी और डरावनी भी हैं। आज हम आपको दुनिया के सबसे शांत कमरे के बारे में बताने वाले हैं। यह कमरा कहीं और नहीं बल्कि माइक्रोसाफ्ट के ऑफिस में है। यह रूम इतना शांत है कि इसमें जाने के बाद आपको अपने खून की आवाजें सुनाई देने लगेंगी। यह जगह बाहरी शोरगुल से बिल्कुल शांत है। यही कारण है कि इस रूम को दुनिया की सबसे शांत जगहों में शामिल किया गया है। इसे काफी अच्छे से डिजाइन किया गया है, ताकि बाहर की हल्की सी आवाज भी अंदर न जाने पाए। इस कमरे के भीतर प्रवेश लेने के बाद आपको अपनी हार्ट बीट की आवाजें भी सुनाई देंगी। आप यहां पर अपनी हड्डियों की रगड़ने की आवाजें भी सुन सकते हैं। इन्ही कारणों से इस कमरे की अक्सर चर्चा होती है।*

## संक्षिप्त खबरें

### मोतिहारी की विभा बनीं देश की पहली ई-वोटर

**पटना, जेएनएन।** शनिवार को देश में पहली बार मोबाइल एप के जरिए वोटिंग हुई। मोतिहारी की विभा ने एप से पहला वोट डाला, जिससे वह देश की पहली ई-वोटर बन गई हैं। बिहार के 26 जिलों की 42 नगर पालिकाओं के उपचुनाव में छह नगर पालिकाओं में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ई-वोटिंग की गई। यह प्रोजेक्ट वोटिंग सेंटर्स तक पहुंचने में असमर्थ लोगों को आसानी से वोटिंग कराने के लिए किया गया है। वोटिंग के लिए दो ऐप लॉन्च किए गए हैं। यह सुविधा लेने के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराना था। चुनाव आयोग के अनुसार ई-वोटिंग के लिए 50 हजार से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक ई-वोटिंग हुई। दुबई, कतर जैसे देशों में रह रहे प्रवासी बिहारियों ने भी ऐप के जरिए वोटिंग की। बिहार में 6 नगर निकाय की 136 सीटों के लिए वोटिंग हो रही है। इसमें 3 नगर निकायों का कार्यकाल पूरा होने पर मतदान हो रहा है। जबकि बाकी जगह पर उपचुनाव हो रहा है।

### पराग जैन बने खुफिया एजेंसी रॉ के नए प्रमुख

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की बाह्य खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) को नया प्रमुख मिल गया है। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पराग जैन को दो साल की अवधि के लिए रॉ का नया चीफ नियुक्त किया गया है। वह 1989 बैच के पंजाब कैडर के अधिकारी हैं और 1 जुलाई से कार्यभार संभालेंगे। जैन ने रावी सिन्हा की जगह ली है, जो 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पराग जैन को 'ऑपरेशन सिंदूर' की रणनीति का मुख्य सूत्रधार माना जाता है, जिसमें पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए गए थे। रॉ प्रमुख बनने से पहले वे एविएशन रिसर्च सेंटर का नेतृत्व कर रहे थे, जो एरियल सर्विलांस, सिग्नल इंटेलिजेंस और इमेजरी इंटेलिजेंस के लिए जाना जाता है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और कनाडा जैसे क्षेत्रों में उनका खुफिया अनुभव काफी गहरा रहा है।

**कोलकाता गैंगरेप मामला:** अब तक चार गिरफ्तार, सीसीटीवी और वीडियो फुटेज जांच में

# कॉलेज का सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार एसआईटी करेगी आगे की जांच

**कोलकाता, जेएनएन।** दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज में एक छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने अब तक चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार देर रात कॉलेज के 55 वर्षीय सुरक्षा गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जो कथित रूप से घटना के समय मौजूद था और आरोपियों को अपना कमरा इस्तेमाल करने दिया। इससे पहले तीन आरोपी—मूल आरोपी मनोजित मिश्रा (31), जैब अहमद (19), और प्रमित मुखोपाध्याय (20) को गिरफ्तार किया जा चुका है।

कोलकाता पुलिस ने शनिवार को इस गंभीर मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया है, जिसकी अगुवाई एक सहायक आयुक्त स्तर के अधिकारी करेंगे। एसआईटी इस पूरे मामले की तेजी से जांच कर दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रमाण जुटाएगी। पीड़िता के अनुसार, गार्ड घटना के समय मौजूद था, लेकिन उसने हस्तक्षेप नहीं किया। उसने मुख्य आरोपी मनोजित मिश्रा के कहने पर अपना गार्ड रूम खाली कर दिया, जहां कथित दुष्कर्म की वारदात हुई। पुलिस ने गार्ड के बयानों में विरोधाभास पाए और कॉलेज में लगे सीसीटीवी फुटेज में भी उसकी मौजूदगी दर्ज की गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'गार्ड की भूमिका निष्क्रिय नहीं, बल्कि संदिग्ध प्रतीत हो रही है। वह क्यों रुका नहीं, क्यों कुछ नहीं किया—इसकी जांच की जा रही है।' पुलिस ने घटना वाले दिन दोपहर 3.30 बजे से रात 10.50 बजे तक का 7.5 घंटे का सीसीटीवी फुटेज जब्त किया है। यह फुटेज जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यूनियन रूम में कौन-कौन मौजूद था, कौन बाहर था, और गार्ड की भूमिका क्या थी। शनिवार सुबह एक फोरेंसिक टीम ने कॉलेज का दौरा कर अहम साक्ष्य जुटाए।



### डेढ़ मिनिट का वीडियो जांच में शामिल

पीड़िता की मेडिकल जांच में गैंगरेप की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल जब्त कर लिए हैं। एक मोबाइल से एक मिनट तीस सेकंड का वीडियो मिला है, जिसे लेकर संदेह है कि वह पीड़िता को धमकाने के लिए रिकॉर्ड किया गया था। पीड़िता ने शिकायत में पहले ही कहा था कि घटना का वीडियो बनाया गया और उसे वायरल करने की धमकी दी गई।

### क्या है पूरा मामला

पुलिस ने मुताबिक यह घटना बुधवार शाम 7.30 बजे से 10.50 बजे के बीच हुई है, जब छात्रा आगामी परीक्षा के लिए कुछ फॉर्म भरने के लिए कॉलेज गई थी। छात्रा को आरोपी ने कुछ चर्चा के लिए रुकने के लिए कहा, उसने अपनी शिकायत में कहा। मोनोजित मिश्रा ने छात्रा से शादी के लिए कहा, लेकिन छात्रा ने उसे ठुकरा दिया। इसके बाद युवती से बदला लेने के लिए आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया था।

### शिक्षा मंत्री ने मांगी रिपोर्ट

पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कॉलेज प्रशासन से रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने कहा कि 'कॉलेज परिसर में इस तरह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।' शिक्षा विभाग ने कॉलेज गवर्निंग बॉडी की सोमवार को आपात बैठक बुलाने का निर्देश दिया है।

### भाजपा ने बनाई तथ्य-जांच

भाजपा ने चार सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई है, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री सतीपाल सिंह, मीनाक्षी लेखी, लोकसभा सांसद बिप्लब देब और राज्यसभा सांसद मनन मिश्रा शामिल हैं। यह समिति जल्द ही कॉलेज का दौरा करेगी और अपनी रिपोर्ट भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को सौंपेगी।

### ममता से मांगा इस्तीफा

घटना को लेकर भाजपा ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी से इस्तीफा मांगा है। भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि सीएम ममता बनर्जी को माफी मांगते हुए तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। इस घटना का मुख्य आरोपी टीएमसी के छात्र संघ का नेता भी रह चुका है।

**वाहनों में डीजल के साथ पानी भरने का मामला**

# जिलों में की जाएगी पेट्रोल पंपों की जांच



**भोपाल, जेएनएन।** रतलाम में मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल होने वाले वाहनों की टंकियों में डीजल के साथ पानी भरने के बाद हुई किरकिरी को देखते हुए अब सरकार इस मामले में अलर्ट हो गई है। खाद्य, नागरिक और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री ने प्रदेश के सभी जिलों में मौजूद पेट्रोल पंपों की जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। कलेक्टरों से कहा है कि पेट्रोल पंपों में क्वालिटी वाले पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता के साथ इंडियन ऑयल के नियमों के हिसाब में दी जाने वाली सभी सुविधाएं मौजूद रहनी चाहिए।

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश के सभी पेट्रोल पंपों की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रतलाम में हुई घटना पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को हर हाल में गुणवत्तायुक्त पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध कराया जाए। राजपूत ने वरिष्ठ अधिकारियों को ऑयल कंपनियों के साथ बैठक कर जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### एसीएस ने ली अधिकारियों की बैठक

अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण रश्मि अरुण शमी ने इस घटना के बाद 27 जून को ही इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने घटना के संबंध में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश बीपीसीएल को दिए। वर्तमान में वर्षा के मौसम को देखते हुए ऑयल कंपनियों को प्रदेश के समस्त पेट्रोल पंपों का निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

### जांच में शामिल बिंदु

- किसी भी स्थिति में किसी भी उपभोक्ता को पानी मिश्रित अथवा खराब गुणवत्ता का पेट्रोलियम उत्पाद प्रदाय नहीं किया जाए।
- जांच में पम्प के नोजल से सही और पूरा डीजल एवं पेट्रोल दिए जाने का रिपोर्ट दी जानी है।
- जांच में रोज सुबह निरीक्षण एवं समय-समय पर नियमित निरीक्षणों की रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज की जाए।
- इस संबंध में जरूरी साफ्टवेयर का निर्माण भी किया जाएगा।
- पेट्रोल पंपों पर आवश्यक नागरिक सुविधाओं जैसे निःशुल्क हवा, पेय जल मिलना चाहिए।

> "निरीक्षण में यह आवश्यक रूप से देखा जाएगा कि पेट्रोल पंपों के भूमिगत टैंकों में पानी का रिसाव तो नहीं हो रहा है। ऐसा पाया जाता है तो पानी के रिसाव को रोकने संबंधी एवं उपभोक्ताओं को सही गुणवत्ता का डीजल और पेट्रोल प्रदाय करने की कार्यवाही की जाएगी।
> **- रश्मि शमी**, एसीएस

# हिमाचल में बादल फटने से तबाही, अब तक 9 की मौत

### सोलन-सिरमौर में फ्लैश-फ्लड का अलर्ट



**शिमला/नई दिल्ली, जेएनएन।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही बारिश और बादल फटने की घटनाओं ने भारी तबाही मचाई है। शनिवार को कुल्लू और धर्मशाला से दो और शव बरामद किए गए, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है। वहीं कुल्लू के बिहाली गांव से लापता 14 वर्षीय मूर्ति देवी का शव बक्शाल इलाके में मिला। साथ ही धर्मशाला के खनियारा में भी एक शव बरामद किया गया है। शिमला में शनिवार शाम को तेज बारिश हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने सोलन और सिरमौर जिलों के लिए फ्लैश-फ्लड का अलर्ट जारी किया है। अगले 5 दिनों तक पूरे प्रदेश में भारी बारिश के आसार हैं।

हिमाचल के साथ-साथ उत्तर भारत के अन्य राज्यों में भी मानसून ने जोर पकड़ लिया है। यूपी में लखनऊ, वाराणसी, अलीगढ़ समेत 35 शहरों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी उफान पर है और रामघाट क्षेत्र में दुकानों में पानी घुस गया है। सहारनपुर में बरसाती नदी के पानी ने कई गांवों को चपेट में ले लिया है, वहीं बिजली गिरने से बीते 24 घंटे में 5 लोगों की मौत हो चुकी है। हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में जोरदार बारिश से नारनौल में जलभराव की स्थिति बन गई है। करनाल के एक सरकारी स्कूल में ढाई फीट लंबा कोबरा घुस आया।

### 'पुष्पा स्टाइल' में बहकर पहुंचीं लकड़ियां

कुल्लू में बादल फटने के बाद भारी मात्रा में लकड़ियां ब्यास नदी में बहती हुई पंडोह डैम तक पहुंच गईं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस विधायक कुलदीप राठौर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू से वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अवैध कटान और अवैध खनन ही कुल्लू जैसी आपदाओं का कारण बन रहे हैं।

# संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्षता' नासूर: धनखड़

**नई दिल्ली, जेएनएन।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता' जैसे शब्दों को जोड़ना एक नासूर है, और यह 'सनातन परंपरा की आत्मा के साथ अपवित्रता' है। उन्होंने 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल को संविधान के लिए 'सबसे अंधकारमय काल' बताया।

दिल्ली में एक पुस्तक विमोचन समारोह में बोलते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना किसी भी संविधान की आत्मा होती है और भारत को छोड़कर दुनिया के किसी भी देश में इसे नहीं बदला गया है। उन्होंने कहा, 'प्रस्तावना बदली नहीं जा सकती। यह संविधान का बीज है, इसकी आत्मा है। लेकिन भारत की इस प्रस्तावना को 1976 में 42वें संशोधन के जरिए बदला गया, जिसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े गए।' धनखड़ की यह टिप्पणी के पहले आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने इन शब्दों को प्रस्तावना से हटाने पर सार्वजनिक बहस की मांग की थी। इसके समर्थन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और जितेंद्र सिंह ने भी बयान दिए थे।

### भाजपा के संविधान में 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्षता' के प्रति आस्था

इस पूरे विवाद में दिलचस्प तथ्य यह है कि भाजपा ने अपने संविधान और नियमावली (संशोधित संस्करण, सितंबर 2012) में खुद ही इन दोनों शब्दों को अपनी विचारधारा और उद्देश्य का हिस्सा बनाया है। भाजपा का संविधान सीधे 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' की बात करते हैं। भाजपा के संविधान की धारा-2: उद्देश्य में लिखा है- पार्टी विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान तथा समाजवाद, पंथ निरपेक्षता और लोकतंत्र के सिद्धांतों के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखेगी तथा भारत की प्रभुसत्ता, एकता और अखंडता को कायम रखेगी।

**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी**

### बैतूल के छात्र की एनएसए के तहत गिरफ्तारी अवैध

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के 24 वर्षीय लॉ छात्र की राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 (एनएसए) के तहत की गई गिरफ्तारी को पूरी तरह से 'अवैध और असंगत' करार देते हुए उसे तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। यह छात्र लगभग एक वर्ष से जेल में बंद था।

जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा एनएसए की धारा 3(2) गिरफ्तारी की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करती है। इस धारा के अंतर्गत, राज्य या केंद्र सरकार उस व्यक्ति को निवारक रूप से हिरासत में ले सकती है जो राज्य की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था, या आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को प्रभावित करता हो।

**तत्काल रिहाई का आदेश**

**यह है मामला:** 14 जून 2024 को मध्यप्रदेश के बैतूल में एक छात्र और प्रोफेसर के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद छात्र पर हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई। 16 जून को उसने आत्मसमर्पण किया और न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इसी दौरान एनएसए के तहत हिरासत का आदेश 11 जुलाई 2024 को जिलाधिकारी ने जारी किया, जो हर तीन महीने पर बढ़ाया जाता रहा। अंतिम विस्तार 12 जुलाई 2025 तक के लिए था। राज्य सरकार ने छात्र के खिलाफ नौ आपराधिक मामलों का हवाला देते हुए एनएसए का समर्थन किया। लेकिन याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि नौ में से पांच मामलों में छात्र को बरी किया गया है, एक में केवल जुर्माना लगा है।

### एयर होस्टेस से छेड़छाड़ गलत तरीके से छुआ

**जयपुर, जेएनएन।** दुबई से जयपुर आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में एयर होस्टेस के साथ पैसेंजर ने छेड़खानी की। उसने एयर होस्टेस को गलत तरीके से छुआ। आरोप है कि पैसेंजर पाबंदी के बावजूद फ्लाइट में शराब पी रहा था। उसे रोका गया तो हंगामा करने लगा।

पूरी यात्रा के दौरान कई बार उसने एयर होस्टेस के साथ बदतमीजी की। जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट के पहुंचने के बाद क्रू मेंबर ने सीआईएसएफ जवानों को बुलाया। सीआईएसएफ ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन की ओर से जयपुर एयरपोर्ट थाने में एयर होस्टेस के साथ छेड़खानी की शिकायत दी गई है। यह फ्लाइट शुक्रवार की रात 12.45 पर दुबई से जयपुर के लिए रवाना हुई थी।

# अतिथि शिक्षक का मिला शव

### अनिरुद्धाचार्य से पूछा था- मेरी शादी कब होगी?



**जागरण, जबलपुर।** मेरी शादी कब होगी महाराज? प्रसिद्ध कथावाचक अनिरूद्धाचार्य से किया गया यह सवाल जबलपुर के एक अतिथि शिक्षक की मौत का कारण बन गया। शादी करने उत्तरप्रदेश गए अतिथि शिक्षक की 27 दिन बाद लाश कुशीनगर में अज्ञात हालत में मिली है। पुलिस को आशंका है कि अनिरुद्धाचार्य से किए गए सवाल का वीडियो देखकर ही किसी ने शादी का झांसा देकर लूट की नीयत से हत्या को अंजाम दिया है।

जानकारी के मुताबिक जबलपुर के पड़वार में रहने वाले 49 वर्षीय अतिथि शिक्षक इंद्रकुमार तिवारी 30 मई को शादी करने कुशीनगर के लिए रवाना हुआ है। कुशीनगर निवासी किसी खुशी नामक महिला से 2 जून को होना थी। गांव से जाने के बाद इंद्रकुमार का गांव के रिश्तेदारों से 5 जून तक संपर्क होता रहा, लेकिन इसके बाद मोबाइल बंद हो गया। तीन दिन तक मोबाइल बंद मिलने पर परिजनों ने 8 जून को मझौली थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी। 27 दिन बाद शुक्रवार को जबलपुर पुलिस को सूचना मिली कि कुशीनगर के हाटा कोतवाली क्षेत्र के उपासपुर गांव में एक अज्ञात शव बरामद हुआ है।

# उप-राष्ट्रपति जी, पार्टी का संविधान पढ़ा नहीं या भूल गए!

*देश के संविधान की प्रस्तावना में 1976 में जोड़े गए 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' जैसे शब्दों की समीक्षा को लेकर पैदा हुए विवाद में शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी कूद पड़े। अपने निवास पर आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा, भारत के अलावा दुनिया के किसी भी देश की संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ, क्योंकि प्रस्तावना अपरिवर्तनीय होती है। संविधान की आत्मा होती है। लेकिन भारत की प्रस्तावना को 1976 में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत बदल दिया गया, उसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता जैसे शब्द जोड़ दिए गए। उन्होंने इन शब्दों को नासूर करार दिया।*

*इससे पहले शुक्रवार को वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना में जो 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्द इंदिरा गांधी के कार्यकाल में जोड़े गए थे, उन्हें हटाने पर विचार होना चाहिए। इसी तरह की बात जम्मू में डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी दोहराई थी।*

*दरअसल, इन बयानों की गंभीरता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि संवैधानिक और नैतिक भी है। खास बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी के इन नेताओं ने जिन शब्दों को लेकर आपत्ति जताई है उनकी पार्टी के संविधान में उनके प्रति स्पष्ट शब्दों में निष्ठा घोषित की गई है।*



जगदीश धनखड़



### भाजपा का अपना संविधान क्या कहता है?

*भारतीय जनता पार्टी के संविधान में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पार्टी भारत की एकता और अखंडता बनाए रखने तथा लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद की भावना के प्रति प्रतिबद्ध रहेगी। पार्टी का यह संविधान सार्वजनिक है, और सदस्य होने के नाते हर पदाधिकारी, विधायक और सांसद का धर्म है कि वह उसके अनुरूप आचरण करे। अब प्रश्न यह उठता है कि जगदीप धनखड़ जो उप राष्ट्रपति हैं या फिर शिवराज सिंह चौहान जो चार बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं और अब केंद्र में मंत्री हैं-इन्हें अपनी ही पार्टी का संविधान नहीं पता?*

**त्वरित टिप्पणी | अजीत सिंह**

### क्या धर्मनिरपेक्षता व समाजवाद थोपे गए?

*यह तर्क कि 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्द इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान थोपे, तकनीकी रूप से से सही हो सकता है क्योंकि 42वें संविधान संशोधन (1976) के जरिए ये शब्द प्रस्तावना में जोड़े गए। लेकिन विचारधारा के रूप में ये मूल्य संविधान के मूल ढांचे में पहले से मौजूद थे। संविधान के अनुच्छेद 14 से 30 तक के प्रावधान, मौलिक अधिकार, अल्पसंख्यकों की रक्षा, धर्म की स्वतंत्रता, और राज्य की समाज कल्याणकारी भूमिका-सब इन्हीं दो मूल्यों की अभिव्यक्ति हैं।*

*इसलिए यह कहना कि इन्हें सिर्फ आपातकाल के दौरान थोपा गया, ऐतिहासिक तथ्यों और संवैधानिक व्यवस्था, दोनों को नजरअंदाज करना है। और यदि आज इन शब्दों को हटाना सुधार है, तो क्या संविधान के उन सभी अनुच्छेदों को भी हटाने का प्रस्ताव है जो इन मूल्यों को मूर्त रूप देते हैं?*

*यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संवैधानिक मूल्यों पर हमला अब प्रतिष्ठा की बात बन गई है। भाजपा नेता एक ओर अपने पार्टी संविधान में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के प्रति प्रतिबद्धता की बात करते हैं, और दूसरी ओर सार्वजनिक मंचों पर इन्हीं शब्दों को नासूर करार देते हैं। यह एक गंभीर वैचारिक भ्रम नहीं तो कम से कम राजनीतिक अवसरवादिता अवश्य है।*

*क्या यह बयानबाजी समाज में ध्रुवीकरण फैलाने की कोशिश है? या फिर यह भारत के संविधान को मनमाने ढंग से बदलने की मनोदशा की झलक है? जो भी हो, इससे यह संदेश जरूर जा रहा है कि सत्ता के लिए कुछ भी कहा और किया जा सकता है-भले ही वह आपकी ही पार्टी के संविधान के विरुद्ध क्यों न हो।*

*बहरहाल, आज जरूरत इस बात की है कि हम संविधान की आत्मा और उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को समझें। अगर समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को हटाने की बात कहने वाले नेता अपने ही संगठन की मूल नीति-प्रतिज्ञाओं से अनभिज्ञ हैं या उन्हें जानबूझकर नजरअंदाज कर रहे हैं, तो यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।*

# 2 दिन बाद था रिटायरमेंट, 50 हजार की घूस लेते पकड़ाया

### लाइसेंस रिन्यू करने के एवज में मांगे थे 1 लाख



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की सागर यूनिट ने शनिवार को सागर के कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी (एसएडीओ) संतोष कुमार जैन को 50 हजार की रिश्वत गिरफ्तार किया है। सुनील कुमार जैन की सागर में कृषक खुशहाली नामक कृषि दवा एवं बीजों की दुकान है, जिसका लाइसेंस कृषि विभाग देता है। लाइसेंस के नवीनीकरण, लाइसेंस में प्रिंसिपल सर्टिफिकेट चढ़ाने और मक्का की सैंपल रिपोर्ट सुनील जैन के पक्ष में देने एसएडीओ संतोष कुमार जैन ने 1 लाख की घूस मांगी थी। इसकी शिकायत सुनील ने लोकायुक्त पुलिस की सागर यूनिट को की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद कृषि अधिकारी संतोष जैन को रंगे हाथ पकड़ने का प्लान बनाया गया।

### 30 को रिटायरमेंट

संतोष जैन का रिटायरमेंट 30 जून को है। साथ ही उनका शनिवार को जन्मदिन भी था। ट्रैप करने वाली टीम को भी संतोष के बर्थडे की जानकारी तब लगी जब उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जा रहा था। संतोष ने रिटायरमेंट का हवाला देकर माफी मांगी। टीम ने संतोष के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बाद जानकारी जिला कलेक्टर और कृषि विभाग को भेज दी।

**सार्थक ऐप में लगातार सामने आ रहा बड़ा फर्जीवाड़ा**

# सागर के बाद अब विदिशा में बाहर हुए 6 अतिथि विद्वान, रीवा में ठंडे बस्ते में शिकायत

## गंभीर मामले पर भी अधिकारी नहीं ले रहे संज्ञान

**जागरण,रीवा।** उच्च शिक्षा विभाग में सार्थक ऐप में हुआ फर्जीवाड़े ने हड़कंप मचा दिया। इस मामले में लगातार जांच की जा रही है व संचालनालय से लगातार जांच कर कार्यवाही की जा रही है। सागर के बाद अब विदिशा के शासकीय कन्या महाविद्यालय गंजबासौदा के 6 अतिथि विद्वानों की सेवा समाप्त कर दी गई। इन अतिथि विद्वानों द्वारा भी फर्जी तरीके से ऐप में हाजिरी लगाई जा रही थी, वीडियो व वीडियो कॉलिंग के माध्यम से कॉलेज में न होते हुए भी कॉलेज की लोकेशन पर वह हाजिरी लगा रहे थे। जांच में फर्जीवाड़ा आया तो वल्लभ भवन से उनकी सेवा ही समाप्त कर दी गई। लगातार हो रही कार्रवाइयों के बीच हैरानी की बात यह है कि क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा कार्यालय में सार्थक ऐप के ही फर्जीवाड़े से जुड़ी शिकायत पर प्रभारी एडी डॉ.आरपी सिंह ने अब तक संज्ञान नहीं लिया है। इस शिकायत का भी हाल पूर्व की शिकायतों की तरह की है और वह रद्दी की टोकरी में फेंक दी गई हैं। हालांकि पूर्व की तरह इस मामले में भी प्रभारी एडी का दावा है कि जांच बैठा दी गई है लेकिन जिसे वह जांच सौंपने की बात कह रहे हैं, उन्होंने इस बात से साफ इंकार कर दिया है कि उन्हें कोई जांच सौंपी गई है।

### आयुक्त उच्च शिक्षा से शिकायत

बता दें कि पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव रामप्रकाश तिवारी डैडू ने एडी रीवा से शिकायत कर बताया था कि शासकीय कॉलेज खड्डी जिला सीधी में कई अतिथि विद्वान गलत तरीके से हाजिरी लगा रहे हैं। वह लोकेशन में रहते नहीं हैं इसके बाद भी उनकी लोकेशन खड्डी बताती है और आकर कई दिनों का एक साथ हस्ताक्षर भी करते हैं। प्रभारी प्राचार्य डॉ.रामसुरेश भारती कभी आते नहीं हैं और इन्हीं मनमानी करने वाले अतिथि विद्वानों को सार्थक ऐप का एडमिन आईडी पासवर्ड दे रखा है। पूर्व प्रदेश सचिव ने कहा कि शिकायत पर एडी ने संज्ञान नहीं लिया और उन्होंने शिकायत आयुक्त उच्च शिक्षा से की है और इसमें उन्होंने प्राचार्य व प्रभारी एडी पर भी कार्यवाही की मांग की है।

सार्थक ऐप से संबंधित शिकायत मिली हैं, शासकीय कॉलेज खड्डी जिला सीधी में कुछ अतिथि विद्वानों के गलत हाजिरी लगाने की शिकायत मिली है। जांच के लिए लीड कॉलेज सीधी प्राचार्य को आदेशित किया है।

**डॉ.आरपी सिंह, प्रभारी क्षेत्रीय संचालक उच्च शिक्षा रीवा संभाग।**

**************

मेरे पास कोई आदेश सार्थक ऐप में जांच संबंधित नहीं आए हैं, एडी रीवा ने इस संबंध में कोई आदेश नहीं दिया है।

**डॉ.रामनारायण स्वर्णकार, प्राचार्य लीड कॉलेज सीधी।**

**स्कूल खेल जगत को मिली एक और बड़ी उपलब्धि**

# पहली बार रीवा को मिली राष्ट्रीय शालेय खेल की मेजबानी, दिसंबर में होगी फुटबॉल प्रतियोगिता

## वर्ष 2017 में जूडो के बाद नहीं मिली कोई प्रतियोगिता, पहली बार फुटबॉल का बड़ा आयोजन कराएगा जिला



**जागरण स्पेशल न्यूज**

**जागरण,रीवा।** जिले में खिलाड़ियों और खेल को लगातार एक बाद एक बड़ी उपलब्धि मिल रहीं हैं, रीवा खेल जगत को एक और बड़ी सौगात मिली है। इस वर्ष 2025 में रीवा फुटबॉल 14 वर्ष राष्ट्रीय शालेय खेल की मेजबानी करेगा। यह सौगात रीवा को 7 वर्ष कड़े संघर्ष के बाद मिली है। इसके पहले रीवा को जूडो खेल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी दी गई थी। सबसे खास बात यह है कि इस वर्ष जिले को फुटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी दी गई है। इस प्रतियोगिता की मेजबानी मिलते ही स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों ने तैयारियां शुरू कर दी है। बताया गया कि इस उपलब्धि में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का विशेष योगदान है, उनकी मंशा थी कि इस वर्ष रीवा फुटबॉल प्रतियोगिता की राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करे और प्रस्ताव तैयार करने आदेशित किया गया था। जिसके बाद अफसरों ने इस संबंध में प्रस्ताव भेजा था, वार्षिक कलेंडर बीते दिनों जारी हुआ जिसमें रीवा को फुटबॉल 14 वर्ष के राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी दी गई है।

### मेजबानी करने वाला प्रदेश का पहला जिला रीवा

जानकारों की मानें तो हमेशा ही फुटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी अन्य राज्य को दे दी जाती थी लेकिन पहली बार मप्र को राष्ट्रीय शालेय खेल फुटबॉल 14 वर्ष की मेजबानी दी गई है और प्रदेश स्तर से यह प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए रीवा संभाग को जिम्मा दिया गया है। इसके पहले वर्ष 2017 में जूडो 19 वर्ष खेल की मेजबानी रीवा ने की थी। इसके पूर्व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व.श्रीनिवास तिवारी के प्रयासों से गंगेव में राष्ट्रीय वालीबॉल 14,16 व 19 वर्ष तीनों ग्रुप की मेजबानी रीवा संभाग को दी गई थी।

### 25 राज्यों के खिलाड़ी लेंगे भाग

बताया गया कि प्रतियोगिता में करीब 25 राज्यों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे, जिसमें 550-600 खिलाड़ी सहित ऑफिसियल स्टाफ रीवा पहुंचेंगे। शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रतियोगिता के लिए शहरी क्षेत्र में आधा दर्जन फुटबॉल मैदान में यह प्रतियोगिता कराई जाएगी। रीवा को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी भी दी गई है। वार्षिक कलेंडर के अनुसार दिसंबर प्रथम सप्ताह में राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### तैयारियों में जुटा विभाग

बता दें कि इस आयोजन के मिलते ही स्कूल शिक्षा विभाग तैयारियों में जुट गया है, बीते दिनों वार्षिक खेल कलेंडर का विमोचन किया गया। इसमें वर्तमान क्रीड़ा अधिकारियों के साथ-साथ पूर्व क्रीड़ा अधिकारियों का सहयोग भी लिया जा रहा है। पूर्व क्रीड़ा अधिकारियों में भी प्रतियोगिता को लेकर काफी उत्साह है और वह निःशुल्क सेवा देने के लिए तैयार हैं। बताया गया कि पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी ओपी द्विवेदी व संभागीय क्रीड़ा अधिकारी आईपी तिवारी, पूर्व योग प्रभारी शिष्टधर शर्मा, विनोद कुमार सिंह, धर्मराज सिंह, शलकांत बहादुर सिंह सहित अन्य ने प्रतियोगिता में हर प्रकार से निःशुल्क सहयोग करने की बात कही है। बता दें कि स्कूल शिक्षा विभाग के पास जिले में पीटीआई की संख्या काफी कम है, इसलिए इनका सहयोग प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण होगा।

रीवा जिले को पहली बार फुटबॉल 14 वर्ष राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है, दिसंबर प्रथम सप्ताह में इसका आयोजन प्रस्तावित है। रीवा शालेय खेल के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। आयोजन के संबंध में तैयारियां की जा रही हैं।

**चंदन सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी रीवा**

# ई अटेंडेंस का ट्रायल शुरू, सेल्फी लेकर उपस्थिति दर्ज करा रहे शिक्षक



## 1 जुलाई से शिक्षकों के लिए यह व्यवस्था अनिवार्य, इधर दबी जुबान होने लगा विरोध

**जागरण,रीवा।** जिले के सरकारी स्कूल के शिक्षकों के ई-अटेंडेंस का ट्रायल शुरू हो गया। शिक्षक सेल्फी लेकर ई-गवर्नेंस प्रणाली पर अपलोड कर रहे हैं। कुछ स्कूलों में नेटवर्क नहीं मिलने के कारण शिक्षकों को परेशानी हो रही है। वहीं कुछ लोग दबी जुबान में विरोध भी करने लगे हैं। जिले के सभी शिक्षकों को उपस्थिति सेल्फी के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज होगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने नई तकनीक हमारे शिक्षक प्रणाली तैयार किया है। यह प्रणाली शिक्षा पोर्टल 3.0 पर उपलब्ध है। हर शिक्षक के मोबाइल पर इस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करेंगे। सेल्फी अपलोड करने के बाद शिक्षकों की लोकेशन भी ट्रेस हो रही है और शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज हो रही है। इसका ट्रायल 30 जून तक किया जाएगा। इसके बाद 1 जुलाई से शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इससे जो शिक्षक अपने स्थान पर दूसरों को पढ़ाने भेजते हैं या अनुपस्थित रहते हैं, उस पर लगाम लग सकेगी। इसकी निगरानी जिला शिक्षा अधिकारी करेंगे।

**अवकाश के भी आवेदन ऑनलाइन दर्ज :** इस नई व्यवस्था में कर्मचारियों और शिक्षकों के सभी आवेदन प्लेटफार्म के माध्यम से प्रस्तुत करने की सुविधा दी जा रही। यही वजह है कि इस ऐप के बाद अब शिक्षकों को अपने स्वत्वों से संबंधित आवेदन देने, उनके हितलाभ की जानकारी, उनका संधारण, व्यक्तिगत लाभ एवं स्वत्वों के भुगतान की भी सुविधा होगी। इसी ऐप के माध्यम से अब शिक्षक अपने अवकाश आदि के आवेदन भी दे सकेंगे। इसी ऐप पर शिक्षकों की क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान आदि विभाग से जुड़ी सभी जानकारियां उपलब्ध भी रहेगी।

**ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में हुई परेशानी :** ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों को नेटवर्क नहीं मिलने के कारण परेशानी हुई। शिक्षकों ने सेल्फी तो ले ली लेकिन पोर्टल पर अपलोड नहीं हो सकी। शिक्षकों का कहना है कि आधा घंटा का समय इस सिस्टम में लग रहा है। ऑनलाइन अटेंडेंस का शिक्षक विरोध भी कर रहे हैं। बताया गया है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को फेस रिकॉग्निशन (फेस स्कैन) के जरिए उपस्थिति दर्ज करानी होगी।


## PGI लखनऊ के प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. अजय शुक्ला आज रविवार को रीवा में



**रीवा।** रीवा में उपलब्ध प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, SGPGI लखनऊ से डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग सुपर स्पेशलिस्ट, विंध्य प्रदेश (रीवा) में सेवायें देन वाले एकमात्र एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, हार्मोन इंडिया संस्थापक डॉ अजय शुक्ला MBBS, MD (मेडीसिन), DM (एंडोक्रिनोलॉजी, मेटाबॉलिज्म) SGPGI लखनऊ, MRCP SCE (K) इंडोक्रिनोलॉजी, SCOPE सर्टिफिकेट ओबेसिटी एक्सपर्ट, वर्तमान कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ दिनाँक 29 जून 2025 रविवार (प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक ) को सुबह 10 बजे से शाम 03 बजे तक रीवा न्यू बस स्टैंड स्थिति कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक, डायग्नोस्टिक (कामता मेडिकल), A-ब्लॉक, समदड़िया कॉम्प्लेक्स में, डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड एवं हॉर्मोन्स से संबंधित बीमारियां जैसे लंबे समय से डायबिटीज व थायराइड से ग्रसित होना बहुत बार इलाज लेने के बाद भी आराम न लगना डायबिटीज के कारण अन्य परेशानी होना, बच्चों में डायबिटीज (मधुमेह),थायराइड या हार्मोन्स की कमी या अधिकता, थायराइड की गांठ या अति दुबलापन, अत्यधिक मोटापा के कारण का पता लगाना व रोकथाम, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स आदि का बढ़ना, किडनी में बार बार पथरी का बनना, (मेटाबोलिक स्प्रोन स्टडी), प्यास का ज्यादा लगना, बार बार पेशाब का लगना, मासिक धर्म का अनियमित होना या न होना, बांझपन (निःसन्तानता), पोलोस्टिक ओवरी, स्त्रियों में अतिरोमिता, गैलोक्टरिया छाती से असमय स्राव, योवन संबंधी विकार समय से पहले या देर से आना, जनन अंगों के विकास सम्बन्धित रोग व हार्मोन्स की गड़बड़ी, पुरुषों में स्तन का बढ़ना, पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन की कमी, नपुंसकता निःसन्तानता, असमय बुढ़ापा आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा , डॉ शुक्ला विगत 5 वर्षों से प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को नियमित रीवा में अपनी सेवायें दे रहे हैं और हजारों रोगियों का सफल इलाज कर चुके है, और विंध्य क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों को नही जाना पड़ा है, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं- 9399312433 कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। Advt


# शासकीय आईटीआई पचौर बैढ़न में एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न



**जागरण, बैढ़न।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पचौर बैढ़न ने बताया कि शासकीय आईटीआई में एल एण्डी टी कन्सट्रक्सन सीएसटीआई कांचीपुरम चेन्नई के द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें 56 अभ्यर्थियों ने पंजीयन किया एवं कंपनी द्वारा 36 अभ्यर्थियों का चयन किया गया । चयनित अभ्यर्थियों को 16500 का सीटीसी रूपये प्रतिमाह सैलरी एवं अन्य सुविधाएं कंपनी द्वारा दिया जाएगा।

## बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया

**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने राहत आयुक्त के निर्देशानुसार मानसून सत्र के लिए जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपा है। अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से बचाव के लिए ड्यूटीरत अधिकारी-कर्मचारियों को सूचना के आधार पर तत्काल जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर कार्यालय में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07732-252342 एवं 250204 है। अधीक्षक भू अभिलेख त्रिलोक सिंह पूसाम 9009675874 को बाढ़ कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है।

# मास्टर ट्रेनर्स का जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**पन्ना ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में समस्त बीएलओ को राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा स्तर पर आगामी 3 से 13 जुलाई तक आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इस क्रम में गत 21 जून को राज्य स्तर पर प्रशासन अकादमी भोपाल में राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। भोपाल में शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना के सहायक प्राध्यापक डॉ. आनंद चैरसिया द्वारा राज्य स्तरीय एवं डॉ. बी.एन. जायसवाल द्वारा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया गया था, जबकि शासकीय उ.मा. विद्यालय बिसानी के प्राचार्य नीरज तिवारी, डाइट के उच्च माध्यमिक शिक्षक हरिराम माली एवं सुनहरा विद्यालय में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक रामकिशोर गर्ग द्वारा विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

अब शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना के कला भवन में रविवार, 29 जून को सुबह 11 बजे से शाम 4.30 बजे तक अन्य मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके उपरांत प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर आगामी निर्धारित दिवसों में विधानसभा एवं तहसील स्तर पर निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों में बीएलओ को एक दिवसीय गहन प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. परमार को प्रशिक्षण प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण प्रभारी के सहयोगी के रूप में प्राध्यापक डॉ. पी.पी. मिश्रा, डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी एवं डॉ. जे.के. वर्मा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

## टीआरएस में हेल्पडेस्क का शुभारंभ

**रीवा।** नई शिक्षा नीति के तहत नए कोर्सो का संचालन शासकीय महाविद्यालय में हुआ है। टीआरएस कॉलेज में एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त बीबीए(बैचलर ऑफ बिजनस एडमिनस्ट्रेशन) व बीसीए (बैचल ऑफ कंम्प्यूटर एप्लीकेशन) पाठ्यक्रम का शुरू किया गया है। जिसके लिए हेल्पडेस्क का शुभारंभ शुक्रवार को प्राचार्य डॉ.अर्पिता अवस्थी ने किया। बताया गया कि इन पाठ्यक्रमों में रजिस्ट्रेशन जारी है जो आगामी 1 जुलाई तक चलेगा। प्रथम चरण में सुधार 2 व 3 जुलाई को होगा।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



## मकान किराये से देना है

नेहरू नगर रीवा में ज्योति स्कूल से लगा हुआ सर्व सुविधायुक्त मकान का प्रथम मंजिल जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्ग फिट है ऑफिस/कोचिंग अन्य कार्य हेतु किराये से देना है, सम्पर्क करें- मो. 9200086777
9993331740
RN. 82647 (2/7)


**राज्य शिक्षा केन्द्र ने पांचवी, आठवीं का द्वितीय परीक्षा परिणाम किया जारी**

# 5वीं में 2727 ने दी परीक्षा, 2186 पास 8वीं में 5480 में से 4088 छात्र पास

## मूल्यांकन के बाद जारी हुआ रिजल्ट, रायपुर कर्चु. में पास हुए कम छात्र



**जागरण,रीवा।** राज्य शिक्षा केन्द्र ने 20 मार्च को पांचवीं और आठवीं की द्वितीय परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। 5वीं में 2727 ने दी परीक्षा 2186 पास, 8वीं में 5480 में से 4088 छात्र पास हुए हैं। छात्रों के रिजल्ट ने सब को चौंका दिया है। द्वितीय परीक्षा में आठवीं के छात्रों से पांचवीं के छात्र पासिंग प्रतिशत में आगे रहे। ज्ञात हो कि पांचवीं और आठवीं की द्वितीय परीक्षाएं जून प्रथम सप्ताह में में हुई। इसके पहले प्रथम परीक्षा का आयोजन फरवरी से शुरू होकर मार्च तक परीक्षा किया गया था। द्वितीय परीक्षा में रीवा और मऊगंज जिला से करीब 8207 छात्र शामिल हुए थे। हालांकि इस परीक्षा में एक बार फिर रीवा के पांचवी और आठवीं के छात्रों ने भी कमाल किया है। पांचवी में परीक्षा में शामिल छात्रों में से 80.16 छात्र पास हो गए। वहीं आठवीं का परीक्षा परिणाम 73.35 फीसदी रहा। आठवीं से पांचवी के छात्रों का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा।

### रायपुर कर्चुलियान का परीक्षा परिणाम रहा खराब

पांचवी और आठवीं के परीक्षा परिणाम ने सब को चौंका दिया है। बोर्ड परीक्षा पैटर्न पर परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें भी छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। रीवा और मऊगंज जिला में रायपुर कर्चुलियान के छात्रों ने प्रथम परीक्षा परिणा में सबसे अच्छा परफार्मेंस दिया था लेकिन द्वितीय परीक्षा में दोनों ही कक्षाओं में सबसे कम पासिंग प्रतिशत रहा। पांचवी में रायपुर कर्चुलियान का परीक्षा परिणाम सबसे अधिक 96.34 प्रथम परीक्षा में था लेकिन द्वितीय परीक्षा में 69.40 फीसदी रहा। इसी तरह आठवीं में भी रायपुर कर्चुलियान का परीक्षा परिणाम 94.34 फीसदी प्रथम परीक्षा में रहा लेकिन द्वितीय परीक्षा में परिणाम घटकर 59.60 फीसदी हो गया।

### 12वीं की परीक्षा में 89 अनुपस्थित

बता दें कि शुक्रवार को हुई 12वीं की परीक्षा में 89 छात्र अनुपस्थित रहे, शुक्रवार को जीव विज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें कुल 1072 छात्रों में 983 छात्रों ने ही परीक्षा दी। जिसमें 89 छात्र अनुपस्थित रहे।

5वीं और 8वीं का द्वितीय परीक्षा परिणाम जारी हो गया है, द्वितीय परीक्षा में 5वीं में 80.16 प्रतिशत व 8वीं में 73.35 छात्र पास हुए हैं।

**विनय मिश्रा प्रभारी डीईओ रीवा**

### आठवीं का परिक्षा परिणाम

| ब्लाक | रजिस्टर्ड | शामिल | पास | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| गंगेव | 488 | 383 | 318 | 83.02 |
| हनुमना | 1206 | 837 | 668 | 79.00 |
| जवा | 929 | 497 | 323 | 64.90 |
| मऊगंज | 552 | 552 | 436 | 77.50 |
| नईगढ़ी | 399 | 301 | 211 | 70.09 |
| रायपुर कर्चु | 528 | 260 | 155 | 59.60 |
| रीवा | 1735 | 1336 | 961 | 71.90 |
| सिरमौर | 1010 | 1336 | 619 | 78.10 |
| त्योंथर | 693 | 522 | 397 | 76.05 |
| योग | 7233 | 5480 | 4088 | 73.35 |

### पांचवीं का परीक्षा परिणाम

| ब्लाक | रजिस्टर्ड | शामिल | पास | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| गंगेव | 258 | 175 | 150 | 85.71 |
| हनुमना | 390 | 261 | 232 | 88.80 |
| जवा | 481 | 302 | 207 | 68.50 |
| मऊगंज | 281 | 190 | 167 | 87.80 |
| नईगढ़ी | 245 | 197 | 177 | 89.80 |
| रायपुर कर्चु | 300 | 154 | 107 | 69.40 |
| रीवा | 1054 | 805 | 624 | 77.51 |
| सिरमौर | 490 | 412 | 322 | 78.10 |
| त्योंथर | 349 | 231 | 200 | 86.50 |
| योग | 3848 | 2727 | 2186 | 80.16 |

# घोड़े के व्यवहार, प्रबंधन एवं प्रमुख बीमारियों से अवगत हुए छात्र

## वेटरनरी कॉलेज में घोड़ा प्रशिक्षण शिविर का समापन



**रीवा।** वेटरनरी कॉलेज रीवा में नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन में अश्व कल्याण, व्यवहार, दयालु संचालन, अश्वपालन और फेरियरी पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजीत प्रताप सिंह के दिशा-निर्देशन में, पशु शल्य चिकित्सा एवं विकिरण विज्ञान विभाग द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय के इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों के लिये संचालित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं ब्रूक इंडिया के बीच एमओयू के तहत आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्रूक इंडिया के डॉ. शैली मित्तल, डॉ. मुकेश राजपुरोहित एवं फेरियर चंदन सिंह ने प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को घोड़े के व्यवहार, कल्याण, प्रबंधन एवं प्रमुख बीमारियों के साथ फेरियरी से अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के सैद्धांतिक के साथ-साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिये महाविद्यालय में स्थित एन.सी.सी. इकाई के प्रमुख लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. क्षितिज मित्तल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन समारोह में अधिष्ठाता ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयोगिता पर जोर दिया। उन्होंने ब्रूक इंडिया की सराहना करते हुए संस्था द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण में महाविद्यालय के डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, डॉ. नीलम टांडिया, डॉ. अनुराधा नेमा, डॉ. प्रिया सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंह एवं डॉ. योगेश ए. चतुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराधा नेमा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीलम टांडिया द्वारा किया गया।


**कार्यालय तहसीलदार हनुमना**
**जिला मऊगंज ( म0प्र0 )**
tehsildrahanumana@gmail.com

**क्रमांक 765/प्रवा./2025 हनुमना दिनांक 26/06/2025**

विषयांकित के संबंध में लेख किया जाता है कि आवेदक विजयकांत तिवारी अध्यक्ष नव निधि सेवा समिति हनुमना के द्वारा ग्राम अमहा वासुदेव की शासकीय भूमि ख0क्र0 512/1/1 रकवा 0.648 हे0 के अंश रकवा 0.220 हे0 भूमि आवंटन हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय जिला मऊगंज के न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र क्रमांक 0113400603067-APP-24715946 दिनांक 01.05.2025 प्रकरण क्रमांक 0001/अ-20(2)/2025-26 माननीय कलेक्टर महोदय मऊगंज के न्यायालय से अनुविभागीय अधिकारी हनुमना को प्राप्त हुआ है। अनुविभागीय अधिकारी महोदय हनुमना के माध्यम से उक्त प्रकरण मूलतः जांच प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय/न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त भू-आवंटन प्रकरण में जिस किसी को कोई भी आपत्ति हो तो वह इश्तहार जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति स्वयं या अन्य किसी के माध्यम से लिखित रूप से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। वाद समय प्राप्ति आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 26.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील हनुमना**
**जिला मऊगंज ( म.प्र. )**
RN 82292



**Homi Bhabha Centre for Science Education**
**Tata Institute of Fundamental Research**

**Indian Olympiad Qualifier in Mathematics (IOQM) 2025-26**

All students wishing to participate in the Indian National Mathematical Olympiad (INMO) 2026 must appear for the corresponding Indian Olympiad Qualifier Examination in Mathematics (IOQM) on September 7, 2025. Qualifying in IOQM is the first step towards participation in the International Mathematical Olympiad (IMO) of 2026 and European Girls' Mathematical Olympiad (EGMO) 2027 as an official member of the Indian team.

For more details and enrollment link: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in & https://www.mtai.org.in/

Registration can be done directly at respective centres. Alternatively, registration can be done online from 1st July 2025 onwards at https://ioqmexam.in/ . Last date: 26th July 2025.

cbc48143/12/0003/2526

# करोड़ों के पुल पर दो एवं चार पहिया वाहनों का सफर




## लौआर-कोरसर गोपद नदी के पुल पर बसों के चलने का इंतजार

### सालों से तैयार थी करोड़ों से निर्मित बड़ी पुल




जागरण, सीधी

सीधी-सिंगरौली की सीमा और सिहावल विधानसभा क्षेत्र के लौआर व कोरसर गोपद नदी में करोड़ों की लागत से बनी पुल के समीप मिट्टी फिलिंग का काम होने के बाद दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का सफर शुरू हो गया है। पुल के समीप डामरीकरण का कार्य न होने के कारण अब भी यात्री बसों एवं भारी वाहनों की आवाजाही नहीं हो पा रही है। दर्जनों गांवों के लोगों को काफी बेसब्री से इंतजार है कि गोपद नदी पुल पर बसों का संचालन शुरू हो जाए और उन्हें आसानी से आवागवन में सुविधा मिल सके। बताते चलें कि गोपद नदी में करोड़ों की लागत से पुल बनकर एक साल पहले तैयार हो गई थी लेकिन सिंगरौली जिले की सीमा में कोरसर के मुख्य मार्ग प्रधानमंत्री से इसको जोड़ने में कुछ स्थानीय कास्तकार रोड़ा बने हुए थे। लिहाजा नवनिर्मित पुल को सड़क से जोड़ने के लिए मिट्टी फिलिंग का काम रुका था। समाचार पत्रों में उक्त समस्या के प्रकाशन के पश्चात सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक के साथ ही सिंगरौली जिला प्रशासन द्वारा तत्परता पूर्वक पहल की गई और रोड़ा बने कास्तकारों से चर्चा कर उन्हें मुआवजा भुगतान का आश्वासन देकर मिट्टी फिलिंग का काम पूरा कराते हुए आवागमन शुरू कराया गया। नई मिट्टी फिलिंग के बाद बरसात शुरू हो गई है। ऐसे में डामरीकरण के पश्चात ही यात्री बसों एवं भारी वाहनों का संचालन पुल से शुरू हो पाएगा। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सिहावल विधायक विश्वामित्र की पहल से ही लौआर-कोरसर गोपद नदी पर पुल का निर्माण कार्य सुनिश्चित हो सका था और उनकी पहल से ही भूमि विवाद का जो रोड़ा बना हुआ था वह भी दूर हो गया। उक्त पुल के व्यवस्थित संचालन के लिए गोपद नदी के पुल से लेकर कोरसर मुख्य मार्ग तक लगभग 1 किलोमीटर सड़क का डामरीकरण होना काफी आवश्यक है। इसी वजह से क्षेत्रीय लोगों को गोपद नदी के बड़े पुल पर बसों का संचालन शुरू होने का इंतजार बना हुआ है। बसों के चलने से जो यात्रा कई घंटों की है वह काफी आसान हो जाएगी और प्रयागराज के लिए भी यहां से बस का संचालन आसानी से शुरू हो जाएगा।

### चार जिले की जनता को मिलेगा लाभः हेमप्रताप

समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हेमप्रताप तिवारी का कहना है कि लौआर-कोरसर गोपद नदी में पुल का संचालन छोटे वाहनों के लिए शुरू है। सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक के प्रयास से बरसात बाद सड़क का डामरीकरण कार्य पूर्ण होने पर बसें भी नियमित रूप से चलने लगेंगी। श्री तिवारी ने कहा कि गोपद नदी पुल पर बसों का संचालन शुरू हो जाने से चार जिलों की जनता को लाभ मिलेगा। सिंगरौली के चितरंगी के अलावा सीधी, मऊगंज, रीवा के रास्ते सुगम हो जाएंगे। यहां तक कि चितरंगी से अगर किसी को प्रयागराज जाना है तो यात्रा काफी कम हो जाएगी। साथ ही सीधी का रास्ता भी पुल के समीपी क्षेत्रों का महज 1 घंटा का रह जाएगा। इस पुल के बन जाने और व्यवस्थित संचालन शुरू हो जाने से क्षेत्रीय जनता का विकास तो होगा ही साथ ही दुर्गम यात्रा भी काफी सुगम हो जाएगी। यह काम काफी मुश्किल भरा था लेकिन सिहावल विधायक के प्रयासों से जनता की यात्रा जल्द ही सुगम होने वाली है।



लौआर-कोरसर गोपद नदी पुल के समीप मिट्टी फिलिंग का काम हो चुका है। जिससे आवागवन शुरू हो गया है। बरसात के बाद सड़क का डामरीकरण कार्य शुरू हो जाएगा। जिसके बाद यात्री वाहनों की आवाजाही भी निर्बाध रूप से शुरू हो जाएगा। उक्त पुल में आवागवन शुरू कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

**विश्वामित्र पाठक, विधायक विधानसभा क्षेत्र सिहावल**

# सीएचसी रामपुर में मरीज के बेड में कुत्ता



## सोशल मीडिया में सुर्खियां बटोर रहा वायरल वीडियो

जागरण, सीधी

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन से एक अजीबोगरीब और हैरान कर देने वाला वायरल वीडियो सोशल मीडिया में सुर्खियां बटोर रहा है। वायरल वीडियो ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलकर रख दी है। वायरल वीडियो में अस्पताल के मरीजों के बेड पर इंसान नहीं बल्कि कुत्ता आराम फरमाते नजर आ रहा हैं। शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे का यह वीडियो बताया जा रहा है, लेकिन शनिवार सुबह से ही यह सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि जिस बेड पर मरीज को इलाज मिलना चाहिए, वहां कुत्ता आराम फरमा रहा हैं। मजे की बात ये कि कुछ मरीज इस कुत्ते के बगल में बेड पर लेटे हुए हैं। सोशल मीडिया में यह दृश्य देखकर आम जनता हैरान ही नहीं, बल्कि व्यंग्यात्मक टिप्पणियों के साथ अपना गुस्सा भी जाहिर कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल अब इंसानों का नहीं बल्कि जानवरों का हो गया है। एक बुजुर्ग ने कटाक्ष करते हुए कहा, अब तो कुत्ते भी इंसानों जैसी सुविधा पा रहे हैं, लगता है उन्हें भी अब सलाइन और इंजेक्शन लगाने की सुविधा मिलेगी। कुछ लोगों ने इसे वेटनरी विंग फॉर स्ट्रे डॉग्स की शुरुआत तक बता दिया। वहीं जब इस पूरे मामले में सीधी की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबीता खरे से बात की गई, तो उन्होंने वीडियो की जानकारी होने से इंकार कर दिया और कहा अगर ऐसा कुछ है तो दिखवाते हैं।

# सार्थक एप में लगातार सामने आ रहा बड़ा फर्जीवाड़ा



**जागरण, सीधी।** उच्च शिक्षा विभाग में सार्थक एप में हुआ फर्जीवाड़े ने हड़कंप मचा दिया। इस मामले में लगातार जांच की जा रही है व संचालनालय से लगातार जांच कर कार्यवाही की जा रही है। सागर के बाद अब विदिशा के शासकीय कन्या महाविद्यालय गंजबासौदा के 6 अतिथि विद्वानों की सेवा समाप्त कर दी गई। इन अतिथि विद्वानों द्वारा भी फर्जी तरीके से एप में हाजरी लगाई जा रही थी, वीडियो व वीडियो कालिंग के माध्यम से कॉलेज में न होते हुए भी कॉलेज की लोकेशन पर वह हाजरी लगा रहे थे। जांच में फर्जीवाड़ा आया तो वल्लभ भवन से उनकी सेवा ही समाप्त कर दी गई। लगातार हो रही कार्यवाहियों के बीच हैरानी की बात यह है कि क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा कार्यालय में सार्थक एप के ही फर्जीवाड़े से जुड़ी शिकायत पर प्रभारी एडी डॉ. आरपी सिंह ने अब तक संज्ञान नहीं लिया है। इस शिकायत का भी हाल पूर्व की शिकायतों की तरह की है और वह रद्दी की टोकरी में फेक दी गई है। हालांकि पूर्व की तरह इस मामले में भी प्रभारी एडी का दावा है कि जांच बैठा दी गई है लेकिन जिसे वह जांच सौंपने की बात कह रहे है उन्होंने इस बात से साफ इनकार कर दिया है कि उन्हें कोई जांच सौंपी गई है। बता दें कि पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव रामप्रकाश तिवारी डैडू ने एडी रीवा से शिकायत कर बताया था कि शासकीय कॉलेज खड्डी जिला सीधी में कई अतिथि विद्वान गलत तरीके से हाजरी लगा रहे हैं। वह लोकेशन में रहते नहीं हैं इसके बाद भी उनकी लोकेशन खड्डी बताती है और आकर कई दिनों का एक साथ हस्ताक्षर भी करते हैं। प्रभारी प्राचार्य डॉ. रामसुरेश भारती कभी आते नहीं हैं और इन्हीं मनमानी करने वाले अतिथि विद्वानों को सार्थक एप का एडमिन आईडी पासवर्ड दे रखा है।

# जिले में 176.3 मि.मी. दर्ज हुई औसत वर्षा

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 28 जून को सीधी जिले में 16.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 4.0 मि.मी., चुरहट में 5.0 मि.मी., गोपद बनास में 5.8 मि.मी., सिहावल में 3.4 मि.मी., बहरी में 59.0 मि.मी., मझौली में 31.0 मि.मी. और कुसमी में 5.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 176.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 28 जून तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 253.6 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 92.0, चुरहट में 139.5, गोपद बनास में 112.6, बहरी में 211.7 मझौली में 203.0 मि.मी. और कुसमी में 222.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 36.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 140.3 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।







# पुलिस अधीक्षक ने रामपुर नैकिन थाने का किया निरीक्षण

## समस्याएं सुनीं, समाधान दिए और किया पुरुस्कृत



जागरण, सीधी

पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा द्वारा आज 28 जून 2025 को थाना रामपुर नैकिन का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के प्रारंभ में एसपी महोदय ने थाना परिसर में परेड का निरीक्षण कर पुलिस बल का टर्नआउट चेक किया और उत्कृष्ट टर्नआउट रखने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात उन्होंने समस्त स्टाफ से भेंट कर उनके स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत/विभागीय समस्याओं की जानकारी ली और समस्याओं के समाधान हेतु यथोचित दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, विवेचना कक्ष, शिकायत शाखा, सीसीटीएनएस कक्ष, समंस-वारंट शाखा एवं व्हीसीएनवी रजिस्टर सहित सभी महत्वपूर्ण शाखाओं का गहन निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने व्हीसीएनवी रजिस्टर में राजनीतिक, सामाजिक एवं भौगोलिक स्थिति का स्पष्ट विवरण दर्ज करने एवं माइक्रो बीट रजिस्टरों को नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश दिए। निरीक्षक के दौरान सभी लंबित शिकायतों, मर्ग, अपराध एवं चालानों का समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की सरप्राइज चेकिंग कर विस्तृत जानकारी तैयार की जाए। नए निगरानी बदमाशों की फाइलें तैयार की जाएं। गंभीर अपराधों में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु ठोस कार्रवाई की जाए। ई-साक्ष्य व ई-रक्षक ऐप का उपयोग विवेचना में अनिवार्य किया जाए। अवैध रेत, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा व अन्य मादक पदार्थ के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए। धार्मिक स्थलों, बैंकों एवं एटीएम की सुरक्षा हेतु नियमित चेकिंग एवं सीसीटीव्ही कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। रात्रि गश्त प्रभावी की जाए, जिससे चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगे। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी, थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, एसपी रीडर उप निरीक्षक आकाश राजपूत, स्टेनो उप निरीक्षक अभिषेक अग्निहोत्री, चौकी प्रभारी पिपरांव उनि शेषमणि मिश्रा, चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत सहित थाना/चौकी स्टाफ उपस्थित रहा।

# इंस्पायर अवार्ड का सांसद की मुख्य आतिथ्य में हुआ समापन




**जागरण, सीधी।** इंस्पायर अवार्ड योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी का समापन सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में हुआ। सत्र 2023-24 एवं 2024-25 के लिये सीधी, रीवा एवं सिंगरौली जिले से 106 विद्यार्थियों ने अपने मॉडल का प्रदर्शन किया। 11 विद्यार्थियों का विज्ञान माडल राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिये चयनित किया गया। वर्ष 2023-24 के 4 एवं वर्ष 2024-25 के 7 अवार्डी विद्यार्थी चयनित हुये। सत्र 2023-24 के लिये करण तिवारी रीवा, चेतन्य स्वरूप सिंगरौली, शिवेन्द्र कुमार शाह सिंगरौली, रोशनी मिश्रा सीधी का चयन किया गया। इसी प्रकार सत्र 2024-25 में आराध्या तिवारी रीवा, अनहद कौर रीवा, मानशी विश्वकर्मा रीवा, दिव्या तिवारी सीधी, प्रवीण कुमार सिंह सीधी, श्रेया द्विवेदी सिंगरौली, देविना यादव सिंगरौली का चयन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित मॉडलो की सराहना की गई। सांसद ने राज्य स्तर के लिये चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और जिनका चयन नही हुआ उन्हे आगे प्रयास करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में डीपीसी राजेश तिवारी, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शम्भूनाथ त्रिपाठी, जूरी सदस्य डॉ दिवाकर सिंह, विराट त्रिपाठी, एडीपीसी प्रवीण शुक्ला, रामकृष्ण तिवारी, उत्कृष्ट विद्यालय के विजय सिंह चौहान, अशोक तिवारी, अनिल मिश्रा, शिव कुमार गुप्ता, डी.पी. सिंह, राजेश सिंह, संतोष सिंह, डॉ संजीव त्रिपाठी, अमर बहादुर सिंह, गिरजा प्रसाद तिवारी, पुष्पराज सिंह चंदेल खुटेली, प्रकाश सिंह चौहान जमुनिहा, उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक, पंजियन एवं प्रोटोटाईप समिति के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।







# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## जिपं सदस्य की पहल से खाम्ह में लगा ट्रांसफार्मर



**जागरण, सेमरिया।** जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 6 सेमरिया भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरस्वती बहेलिया ने अपनी पहल से ग्राम पंचायत खाम्ह में जला हुआ ट्रांसफार्मर बदलवाया गया है। ग्राम वासियों ने जिला पंचायत सदस्य को बताया था कि हरिजन बस्ती में बिजली सप्लाई न होने के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जिला पंचायत सदस्य ने विद्युत विभाग के नेबूहा सर्किल के सब इंजीनियर, सीधी जिले के एई श्री चंद्रा को खराब ट्रांसफार्मर की जानकारी दी। श्री चंद्रा ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई कर ट्रांसफार्मर लगवा दिया। जहां जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया ने नेबूहा सर्किल के जेई, श्री चंद्रा और बिजली विभाग के स्टाफ को धन्यवाद दिया है। इस पहल से ग्राम वासियों को बिजली सप्लाई सुचारु रूप से मिलने लगी है और उनकी कठिनाइयों का समाधान हुआ है।

## शिवसेना आज व्यापारी जागरूकता अभियान करेगी शुरू



**जागरण, सीधी।** शहर में व्यापारियों के बीच फैलाई जा रही भ्रामक खबरों और दुष्प्रचार के खिलाफ शिवसेना आज रविवार को जागरूकता अभियान चलाएगी। इस अभियान की जानकारी शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह पहले व्यापारियों के बीच कानूनी गाइडलाइन के विरुद्ध भ्रामक खबरें फैलाकर दुष्प्रचार किया गया था, जिसका शिवसेना ने विरोध दर्ज किया था। अब इस मुद्दे को लेकर शिवसेना प्रशासनिक गाइडलाइन के अनुसार जागरूकता अभियान शुरू करेगी। रविवार को शहर में शिवसेना पदाधिकारी और कार्यकर्ता सम्राट चौक से दोपहर 1 बजे पैदल मार्च की शुरुआत करेंगे। इस दौरान व्यापारी वर्ग को सही जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। अभियान में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नाहर सिंह गौड़, युवा सेना प्रदेश अध्यक्ष प्रभात पुरैनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष पप्पू तिवारी का भी प्रथम आगमन होगा, जो आंदोलन में भाग लेंगे।

## दो नाबालिग बालिकाओं को किया गया सकुशल दस्तयाब

**जागरण, सीधी।** जिला सीधी की पुलिस द्वारा दो अलग-अलग मामलों में लापता हुई नाबालिग बालिकाओं को सतत प्रयासों और त्वरित कार्रवाई के चलते सफलतापूर्वक दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन में थाना रामपुर नैकिन पुलिस द्वारा की गई। चौकी खड्डी में 27 जून 2025 को एक परिजन द्वारा चौकी खड्डी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई है। आसपास एवं रिश्तेदारों में पता लगाने पर कोई जानकारी नहीं मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज कुमार साकेत द्वारा तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा सूचना एकत्रित कर महज 24 घंटों के भीतर बालिका को शहडोल जिले के ब्यौहारी से दस्तयाब कर वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करने के उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया। दूसरे मामले में 23 जून 2025 को थाना रामपुर नैकिन में एक अन्य परिजन ने अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की सूचना दर्ज कराई थी। गहन पड़ताल व सुराग संकलन करते हुए पुलिस टीम ने सुनियोजित प्रयासों से बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया, जिसे आवश्यक कानूनी प्रक्रिया उपरांत सकुशल परिजनों को सौंपा गया। इन दोनों मामलों की सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुधांशु तिवारी, उप निरीक्षक मोतीलाल रावत, चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज कुमार साकेत, लालमणि बंसल, शत्रुघ्न भारती, आरक्षक महेंद्र तिवारी, दीपेंद्र सिंह तथा साइबर सेल से आरक्षक कृष्ण मुरारी द्विवेदी की विशेष भूमिका रही।

## भरे हुए खेत तालाबों को देखकर कृषकों के चेहरे खिले

**जागरण, सीधी।** जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून 2025 के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किसानों को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से हितग्राही मूलक कार्य मनरेगा योजना से कराए जाने हेतु निर्णय लिया गया। योजना का क्रियान्वयन मनरेगा योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं अतिरिक्त कार्यक्रम समन्वयक अंशुमन राज के निर्देशन में सीपरी सॉफ्टवेयर के उपयोग से सीरीज ऑफ फॉर्म पौंड का चयन किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य खेत का पानी खेत में रोकना है ताकि कृषकों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता बनी रहे जिससे फसल उत्पादन बढ़ने के साथ आय में भी वृद्धि हो। आज ग्राम पंचायत गोतरा एवं रामपुर के कृषकों द्वारा बनाए गए खेत तालाबों के बारे में वहां के हितग्राहियों हरिहर गोस्वामी, रामचंद्र शुक्ल, बच्चू लाल बंसल गोतरा एवं विश्वनाथ, दिनेश रामपुर द्वारा बताया गया कि इस बार समय पर वर्षा होने के कारण वर्षा का पानी खेत तालाबों में ही एकत्र हो गया है जिसका उपयोग हम इस बार धान की फसल में करेंगे तथा उम्मीद जगाई कि इस बार धान की अच्छी पैदावार कर पाएंगे। ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक के द्वारा खेत तालाबों के निर्माण में परस्पर सहयोग प्रदान किया गया।

## जिला जेल में जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित



**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार शिवहरे, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल ऋषभ सिंह द्वारा जिला जेल सीधी में शनिवार 28 जून को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजन के साथ जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया गया। उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर ने बंदियों से अधिवक्ता, जेल में भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सकीय मेल-मिलाप तथा अन्य समस्याओं के संबंध में पूछताछ की तथा बंदियों को उनके अधिकार संबंधी जानकारी दी। सचिव मुकेश कुमार शिवहरे ने जागरूकता शिविर में बंदियों को विधिक सहायता, उनके अधिकार, अपीलीय अधिकार, जमानत के अधिकार, प्ली बार्गेनिंग तथा सालसा की योजना की जानकारी दी। शिविर में चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने उपस्थित बंदियों को अपील एवं पेरोल के अधिकार तथा विधिक सहायता योजना की जानकारी दी गई।

संस्थापक ▶ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## फैकल्टी फर्जीवाड़ा : राज्य में उच्च शिक्षा की साख पर सवाल

> यह घटना व्यापक अर्थों में उच्च शिक्षा व्यवस्था की छवि को धक्का पहुँचाती है। इस मामले में विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा विभाग दोनों की जवाबदेही बनती है। क्या दोषी कॉलेजों पर दंडात्मक कार्रवाई होगी?

प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एजुकेशन, मैनेजमेंट, लॉ और फिजिकल एजुकेशन कॉलेजों में एक गंभीर अनियमितता उजागर हुई है। अनेक कॉलेजों ने फर्जी तरीके से ऐसे शिक्षकों को अपनी फैकल्टी बताया है जिनका वास्तव में उन संस्थानों से कोई लेना-देना नहीं है। यह न केवल शिक्षा की गुणवत्ता पर आघात है, बल्कि एक व्यापक शैक्षणिक घोटाले की आहट भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

कॉलेजों की यह चालबाजी प्रायः मान्यता प्राप्त करने, सीटें बढ़वाने या निरीक्षण से बचने के उद्देश्य से की जाती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) जैसे नियामक निकायों की शर्तों के अनुसार कॉलेजों में न्यूनतम फैकल्टी स्ट्रेंथ अनिवार्य होती है। लेकिन कई निजी कॉलेज इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए शिक्षकों के पुराने अनुभव प्रमाणपत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड आदि का दुरुपयोग कर रहे हैं - यहाँ तक कि कई शिक्षक ऐसे हैं जिन्हें खुद नहीं पता कि वे किसी कॉलेज में 'नामांकित' हैं।

दरअसल, यह मामला केवल दस्तावेजी धोखाधड़ी नहीं है, बल्कि छात्रों के भविष्य से खुला खिलवाड़ भी है। जब फर्जी नामों पर मान्यता ली जाती है, तो कक्षा में पढ़ाने वाला शिक्षक अक्सर अयोग्य, अस्थायी या अनुपस्थित होता है। ऐसे में न सिर्फ पाठ्यक्रम अधूरा रह जाता है, बल्कि मूल्यांकन और व्यावसायिक कौशल का स्तर भी गिरता है।

इस फर्जीवाड़े का खुलासा होना बरकतउल्ला विवि के निरीक्षण तंत्र और शासन की निगरानी व्यवस्था की कमजोरी को भी उजागर करता है। यदि किसी कॉलेज ने वर्षों से ऐसे शिक्षकों को दिखाकर मान्यता बनाए रखी, तो यह सवाल उठता है कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर की जाने वाली जांचें क्या केवल कागजी खानापूर्ति होती रही हैं?

इस मामले में विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा विभाग दोनों की जवाबदेही बनती है। क्या अब तक की मान्यताएं रद्द की जाएंगी? क्या दोषी कॉलेजों पर दंडात्मक कार्रवाई होगी? क्या छात्रों की पढ़ाई और डिग्री की वैधता को सुनिश्चित करने के लिए कोई विशेष कदम उठाए जाएंगे?

यह घटना व्यापक अर्थों में उच्च शिक्षा व्यवस्था की छवि को धक्का पहुँचाती है। जब शिक्षक ही फर्जी हैं, तो संस्थान की प्रतिष्ठा, डिग्री की विश्वसनीयता और छात्रों के करियर की बुनियाद कितनी खोखली हो जाती है- यह सोचकर भी भय होता है।

बहरहाल, आवश्यकता इस बात की है कि बरकतउल्ला विवि मामले में कठोर रुख अपनाए, कॉलेजों की जांच कराए और दोषियों को ब्लैकलिस्ट करे। यह भी सुनिश्चित हो कि भविष्य में ऐसे फर्जीवाड़े की पुनरावृत्ति न हो। यह केवल एक विश्वविद्यालय की नहीं, पूरी उच्च शिक्षा व्यवस्था की साख का सवाल है। अगर समय रहते कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो 'शिक्षा के मंदिर' महज 'डिग्री के बाजार' बन कर रह जाएंगे।

## रक्षा निर्यात में आत्मनिर्भरता से वैश्विक भूमिका तक बढ़ते कदम

रक्षा निर्यात

**शशांक द्विवेदी**




> पिछले कुछ वर्षों में भारत ने डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता की दिशा में जिस तेजी से कदम बढ़ाए हैं, उसका असर अब वैश्विक मंच पर भी दिखने लगा है। रक्षा उत्पादों के आयातक देश से निर्यातक देश बनने की दिशा में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने वाली सरकारी नीतियों ने देश को रक्षा निर्माण और निर्यात में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।

भारत में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की स्थापना 1958 में हुई थी। सैन्य उपकरणों के विकास और उत्पादन में दशकों से लगे रहने के बावजूद इसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारत उन देशों से हथियार मंगाने को मजबूर था, जो निर्यातित सामग्री का मूल्य रुपये में लेने को तैयार थे या गुटनिरपेक्ष भारत को नाटो जैसे प्रतिद्वंदी गुटों के असर से बाहर रखना चाहते थे। तत्कालीन सोवियत संघ ने भारत को सैन्य उपकरण मुहैया कराने में दरियादिली दिखाई, पर उसके शस्त्रास्त्र पश्चिमी देशों के अत्याधुनिक उपकरणों की तुलना में कुछ फीके रहते थे। अतः भारत को अमेरिका, फ्रांस और इस्राइल पर निर्भर होना पड़ा। पर वैश्विक सहायता पर आश्रित भारत ने पिछले दस-पंद्रह वर्षों में फौजी साज-ओ-सामान के निर्माण में ऐसी प्रगति की है कि वह सैन्य उपकरणों का उभरता निर्यातक बन गया है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और यूरोप के 85 से अधिक देशों को रक्षा उत्पादों का निर्यात किया है। इनमें प्रमुख देश हैं- मॉरीशस, सेशेल्स, वियतनाम, फिलीपींस, म्यांमार, नेपाल, भूटान, इंडोनेशिया, श्रीलंका, अर्जेंटीना, मोजाम्बिक, नाइजीरिया, बहरीन, मलेशिया, यूएई, सऊदी अरब, पोलैंड, इक्वाडोर, ब्राजील। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का रक्षा निर्यात वित्तीय वर्ष 2017-18 में मात्र 1,521 करोड़ रुपये था, जो 2023-24 में बढ़कर 16,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह लगभग 950 फीसदी की वृद्धि है, जो यह दर्शाता है कि भारत अब रक्षा निर्माण और निर्यात के क्षेत्र में एक मजबूत शक्ति के रूप में उभर रहा है। सरकार ने रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं मसलन रक्षा उत्पादन नीति, निजी कंपनियों को प्रोत्साहन, विदेशों में रक्षा अटेचेज़ की नियुक्ति, सिंगल विंडो क्लियरेंस, डिफेंस एक्सपो जैसे अंतर्राष्ट्रीय आयोजन। हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड, भारत डायनामिक्स लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड जैसे सार्वजनिक उपक्रमों के साथ-साथ टाटा, एल एंड टी, भारत फोर्ज जैसी निजी कंपनियों ने डिफेंस निर्यात को नया आयाम दिया है। सरकार ने लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल बनाया है, जिससे निजी कंपनियां भी रक्षा उत्पादन और निर्यात में भाग ले सकें। रक्षा निर्यात से जुड़े लाइसेंस और परमिशन अब सिंगल विंडो सिस्टम से मिल रहे हैं। भारत को आने वाले वक्त में वैश्विक प्रतिस्पर्धा, तकनीकी आवश्यकताओं और लॉजिस्टिक्स जैसी चुनौतियों से जूझना होगा। कारगर रणनीतियां और निजी क्षेत्र की सक्रियता इस राह को आसान बना सकती हैं। इनसे निपटने के लिए भारत को अनुसंधान एवं विकास में निवेश, रक्षा स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन और वैश्विक साझेदारियों को मजबूत करना होगा। भारत से निर्यात किए जाने वाले प्रमुख रक्षा उत्पादों में आर्टिलरी गन सिस्टम्स ( धनुष) आकाश मिसाइल प्रणाली, रडार सिस्टम्स (स्वाति रडार), गश्ती नौकाएं और मिसाइल बोट्स, डोर्नियर एयरक्राफ्ट, ध्रुव, बुलेटप्रूफ जैकेट्स, हेल्मेट्स, स्मॉल आर्म्स और गोला-बारूद, ड्रोन ,यूएवी आदि शामिल हैं । सरकार ने रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड , भारत डायनामिक्स लिमिटेड , भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड जैसे सार्वजनिक उपक्रमों के साथ-साथ टाटा एयरोस्पेस, लार्सेन एंड टूब्रो, भारत फोर्ज, महिंद्रा डिफेंस, गोदरेज डिफेंस जैसे जमे खिलाड़ियों के साथ अब नये महारथी भी जुड़ रहे हैं। सूक्ष्म और सटीक उच्च गुणवत्ता के पुर्जे और धातु के सामान बनाने वाली छोटी-छोटी नयी कंपनियां भी अद्भुत क्रियाशीलता का परिचय दे रही हैं। शेयर बाजार में रक्षा उत्पादन कंपनियों के शेयर मूल्य में जबरदस्त उछाल सारे देश की सोच को प्रतिबिंबित करता है। सरकार ने लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल बनाया है, जिससे निजी कंपनियाँ भी रक्षा उत्पादन और निर्यात में भाग ले सकें। रक्षा निर्यात से जुड़े लाइसेंस और परमिशन अब सिंगल विंडो सिस्टम से मिल रहे हैं। विदेशों में भारतीय दूतावासों में रक्षा अटेचेज़ की नियुक्ति की गई है, जो वहां के रक्षा आयातकों से संवाद बनाते हैं।

**ब्रह्मोस मिसाइल का निर्यात** : ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली भारत की रक्षा तकनीक की एक उत्कृष्ट उपलब्धि है। यह सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल भारत और रूस के संयुक्त उपक्रम ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा विकसित की गई है। अब यह न केवल भारत की सैन्य क्षमताओं का एक अभिन्न हिस्सा है, बल्कि भारत के डिफेंस निर्यात की पहचान भी बन रही है। भारत ब्रह्मोस मिसाइल का निर्यात करने की दिशा में सफलतापूर्वक कदम बढ़ा चुका है। यह भारत और रूस के संयुक्त उपक्रम ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा विकसित एक सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल है, जो दुनिया की सबसे तेज क्रूज़ मिसाइलों में से एक मानी जाती है। यह भारत के डिफेंस एक्सपोर्ट सेक्टर की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि इससे भारत विश्व के चुनिंदा मिसाइल निर्यातक देशों की सूची में शामिल हो गया है। जनवरी 2022 में, भारत ने फिलीपींस के साथ लगभग 375 मिलियन (करीब 2700 करोड़ रुपये) का सौदा किया। इस सौदे के तहत भारत शिप-लॉन्च ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति कर रहा है। यह भारत की पहली बड़ी मिसाइल निर्यात डील है। भारत लंबे समय से वियतनाम को ब्रह्मोस मिसाइल बेचने की दिशा में बातचीत कर रहा है। राजनीतिक और रणनीतिक कारणों से अब तक कोई अंतिम डील नहीं हुई है, लेकिन बातचीत आगे बढ़ रही है। इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया, यूएई, ब्राजील, अर्जेंटीना आदि देश – संभावित ग्राहक .भारत ने इन देशों को ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की पेशकश की है। ब्रह्मोस के लैंड, शिप और एयर वर्जन को लेकर इन देशों में रुचि जताई गई है।

**ब्रह्मोस निर्यात क्यों महत्वपूर्ण है?** : ब्रह्मोस निर्यात भारत की तकनीकी और सामरिक क्षमताओं को दर्शाता है। ब्रह्मोस जैसे हाई-एंड हथियारों के निर्यात से भारत के डिफेंस एक्सपोर्ट को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। दक्षिण चीन सागर और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत की स्थिति मजबूत होती है। इससे आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया की वैश्विक छवि सशक्त हो रही है। भारत का लक्ष्य है कि वह 2047 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बने और डिफेंस मैन्युफै. रिंग इसमें एक प्रमुख स्तंभ बने। रक्षा निर्यात को बढ़ावा देना न केवल विदेशी मुद्रा कमाने का जरिया है, बल्कि यह भारत की वैश्विक रणनीतिक स्थिति को भी मजबूत करता है। इससे भारत की सॉफ्ट पॉवर और स्ट्रैटेजिक पावर दोनों को बढ़ावा मिलता है।

**चुनौतियां और भविष्य** : भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा, तकनीकी आवश्यकताओं और लॉजिस्टिक्स जैसी चुनौतियों से जूझना होगा। लेकिन सरकार की रणनीतियाँ और निजी क्षेत्र की सक्रियता इस राह को आसान बना सकती हैं। इनसे निपटने के लिए भारत को अनुसंधान एवं विकास में निवेश, रक्षा स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन और वैश्विक साझेदारियों को मजबूत करना होगा। भारत का डिफेंस सेक्टर अब आत्मनिर्भरता से आगे बढ़कर वैश्विक योगदानकर्ता बनने की ओर अग्रसर है। बीते पांच वर्षों में जिस प्रकार से रक्षा निर्यात में उछाल आया है, वह न केवल तकनीकी प्रगति का प्रतीक है, बल्कि मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल पहल की सफलता भी दर्शाता है।यदि यही गति बनी रही, तो निकट भविष्य में भारत रक्षा उत्पादों के लिए विश्व का प्रमुख निर्यातक बन सकता है- जो न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि रणनीतिक रूप से भी भारत को वैश्विक मानचित्र पर नई ऊँचाई प्रदान करेगा।

## सामूहिक सम्मोहन बन रहा क्रिकेट का व्यापारिक साम्राज्य

खेल संस्कृति

**अविजित पाठक**



> क्रिकेट एक बेहद लाभदायक व्यापारिक साम्राज्य में तब्दील हो गया है। चूंकि नवउदारवाद के युग में बाजारवाद को एक गुण माना जाता है, एक दिवसीय क्रिकेट अपनी तात्कालिकता, जोशीलेपन, विज्ञापन मशीनरी और तकनीकी रूप से परिष्कृत लाइव कवरेज के साथ- एक बिक्री योग्य वस्तु बन गया है। क्रिकेट इस विषाक्त समय में एक अति-राष्ट्रवादी उत्प्रेरक बन गया है। और यह बिक रहा है।

हाल ही में, बिहार के ग्रामीण बच्चों के एक समूह के साथ बातचीत में, मैंने उनके पसंदीदा खेल के बारे में पूछा। उन्होंने बड़े उत्साह के साथ जवाब दिया, 'क्रिकेट'। मैंने आगे जानना चाहा; और इस बार उनके पसंदीदा क्रिकेटर का नाम पूछा। और भी जोश के साथ जवाब आया, 'विराट कोहली'। इसने मुझे संवाद आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और पूछा, क्या आप मुझे किसी महान हॉकी खिलाड़ी या महिला पहलवान का नाम बता सकते हैं? इस बार गहरी खामोशी छा गई। वास्तव में, यह चुप्पी बताती है कि किस तरह क्रिकेट ने हमारी चेतना पर कब्ज़ा जमा लिया है और अंततः ध्यानचंद जैसे हॉकी के दिग्गज, इंदर सिंह जैसे फुटबॉलर या विनेश फोगाट जैसी महिला पहलवान से जुड़ी हमारी सामूहिक यादों को मिटा दिया है। वास्तव में, क्रिकेट सर्वव्यापी हो गया है; चाहे गांव हों या शहर; यह झुग्गियों में भी है और गेट लगी कालोनियों में भी; और ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक कांस्टेबल से लेकर रसोई में काम करने वाली गृहिणी तक; या कॉर्पोरेट कार्यकारी से लेकर युवा छात्र तक- हर कोई क्रिकेट से सम्मोहित है। इसलिए, इसमें कोई हैरानी नहीं कि और जैसा कि एक अनुमान बताता है, हाल ही में आयोजित आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) को देखने वाले टीवी दर्शकों की संख्या 50 करोड़ से अधिक रही। ऐसा लगता है कि क्रिकेट सिर्फ एक अन्य खेल नहीं है। यह एक तमाशा बन चुका है; एक बहुत बड़े पैमाने पर उपभोग की वस्तु; और सबसे बढ़कर, एक ऐसी आधुनिक पौराणिक कथा, जो जीवन शैली बेचती है- ग्लैमर, पैसा और स्टारडम। असल में, इस घटनाक्रम को समझने के लिए हमें तीन चीजों को समझने की जरूरत है।

पहली, क्रिकेट एक बेहद लाभदायक व्यापारिक साम्राज्य में तब्दील हो गया है। वास्तव में, हम आईपीएल को एक बेहतरीन बिजनेस मॉडल के रूप में इस तरह समझ सकते हैं, जब हमें यह पता चले कि इसने केवल घरेलू मीडिया राजस्व के ज़रिए ही 1.21 बिलियन डॉलर से कम नहीं कमाए हैं। तो इसमें क्या हैरानी कि आईपीएल सीजन के दौरान 34 करोड़ से ज़्यादा भारतीयों ने इस जुएबाजी में हिस्सा लिया और दुनियाभर से हुई कमाई 1 बिलियन डॉलर से ज़्यादा की रही। जब मैं इन आंकड़ों को देखता हूं, तो मुझे फटे कपड़ों वाला वह ग्रामीण लड़का याद आता है, जो विराट कोहली को अपना हीरो मानता है। मैं उसे समझाने की कोशिश करता हूं कि उसका पसंदीदा क्रिकेटर भी एक 'उत्पाद' या 'ब्रांड' ही है; और इस बार उसकी 'नीलामी कीमत' सिर्फ़ 21 करोड़ रुपये थी; और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु नामक एक कंपनी ने उसे खरीद लिया। उसने मुझे बेहद आश्चर्य से देखा। इन क्रिकेटरों की चमक-दमक से जुड़ी परी कथाओं से विस्मित हो जाना मुश्किल नहीं। उनका ग्लैमर, उनकी 'ब्रांड वैल्यू', उनके 'प्रेम प्रसंग', यत्न करके गढ़ी गई छवि और उनकी जीवनशैली हमें लुभाती है। दरअसल, वे बॉलीवुड सेलेब्रिटीज़ से कम 'भड़कीली हकीकत' नहीं हैं। सिर्फ़ इतना ही नहीं। बाज़ारवाद की खींच इतनी अधिक कि यदि आप किसी भी आईपीएल टीम के खिलाड़ियों की जर्सी पर अलग-अलग प्रायोजकों के प्रतीक चिन्ह (लोगो) देखें, तो लगेगा मानो वाकई 'चलते-फिरते बिल बोर्ड' बन चुके हैं। दरअसल, खेलते वक्त भी वे आपको यह उत्पाद खरीदने के लिए लालायित करते हैं।

यही मुद्रा घुमाने का चक्र है। आप और हम पागल हो जाते हैं, आईपीएल की टिकट ब्लैक में खरीदते हैं या घंटों टीवी के सामने बैठकर जिंदगी की एकरसता से उबरने के लिए क्रिकेट देखते हैं। और इस बीच, क्रिकेटर और उनके प्रायोजक दिमाग हिला देने वाली दौलत कमाते हैं। और तीसरी, एक अन्य कठोर सच्चाई, जिसे स्वीकार करना महत्वपूर्ण है- क्रिकेट का हथियारीकरण।

कल्पना करें कि भारत और पाकिस्तान विश्व कप में खेल रहे हैं। हमें खेल को युद्ध की तरह लेने को बरगला दिया जाता है। जहां मैच में जीत आत्ममुग्धता भरे अहंकार को बढ़ाती है, वहीं हार सामूहिक शोक में डुबा देती है। वास्तव में, एक उपभोग की वस्तु होने के अलावा, क्रिकेट इस विषाक्त समय में एक अति-राष्ट्रवादी उत्प्रेरक बन गया है। और यह बिक रहा है। क्रिकेट नामक तमाशा जिस किस्म का सामूहिक सम्मोहन पैदा कर रहा है, उसके घातक परिणाम होकर रहेंगे।

बेंगलुरु के एक क्रिकेट स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के बारे में विचार कीजिए। जिस स्टेडियम की कुल क्षमता ही 32,000 है, वहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आईपीएल जीत का जश्न मनाने के लिए 200,000 से अधिक लोग पहुंच जाएं।

आप और मैं ऐसी भीड़ मानसिकता और इससे जुड़ी त्रासदी को कैसे अक्लमंदी कह पाऐंगे? संभवतः, वे उनकी एक झलक पाना चाहते थे, उन्हें छूना चाहते थे, उन्हें सूंघना चाहते थे। इस तरह की झुंड मानसिकता से पता चलता है कि क्रिकेट वास्तव में एक नशे की लत बन चुका है।

प्रसंगवश

## सामने आई एससीओ की आतंकवाद पर उदासीनता


> पाकिस्तान के दोस्त चीन के दबदबे वाले शंघाई सहयोग संगठन ने ज्वाइंट स्टेटमेंट में पहलगाम की घटना को नजरअंदाज किया। जिससे पता चलता है कि भारत की आतंकवाद पर नई नीति को और ढंग से समझाने की जरूरत है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के क्विंगदाओ में संपन्न शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ सम्मेलन समाप्ति के बाद जारी साझा बयान पर हस्ताक्षर करने से मना करके आतंकवाद पर भारतीय पक्ष को ही पुष्ट किया है। जिसके चलते दो दिवसीय सम्मेलन की समाप्ति पर ज्वाइंट स्टेटमेंट जारी नहीं हो सकी। दरअसल,भारत चाहता था कि अंतिम दस्तावेज में आतंकवाद को लेकर भारतीय चिंताओं को जगह दी जाए। रक्षामंत्री ने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार करने की भारत की नई नीति की रूपरेखा सम्मेलन में रखी। कट्टरता, उग्रवाद और आतंकवाद शांति, सुरक्षा और विश्वास को कम कर रहे हैं। आतंकवाद पर तार्किक प्रहार किए बिना सदस्य देशों में शांति व समृद्धि संभव नहीं है। रक्षा मंत्री ने उन तत्वों को बेनकाब करने का प्रयास किया जो आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिये उसे प्रश्रय देते हैं। आतंकवाद पर दोहरा रवैया अपनाए बिना एससीओ को पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करनी चाहिए। पहलगाम की घटना दुनिया के सामने स्पष्ट थी और दुनिया के तमाम देशों ने इसकी निंदा भी की। लेकिन पाकिस्तान और उसके करीबी सहयोगियों के नापाक इरादों को दुनिया को बताने तथा भारत की बात हर देश तक पहुंचाने के लिए हमने बहु-पक्षीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया भर में भेजे। लेकिन पाकिस्तान के सदाबहार दोस्त चीन के दबदबे वाले शंघाई सहयोग संगठन ने सम्मेलन के समापन पर जारी ज्वाइंट स्टेटमेंट में पहलगाम की घटना को नजरअंदाज किया। जिससे पता चलता है कि भारत की आतंकवाद पर नई नीति को और ढंग से समझाने की जरूरत है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि मेजबान चीन, एससीओ का प्रमुख संस्थापक सदस्य और उस पाक का सदाबहार मित्र है, जिसकी जमीन से पहलगाम साजिश को अंजाम दिया गया। ऐसे में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा ज्वाइंट स्टेटमेंट पर हस्ताक्षर न करना भारत की नाराजगी जाहिर करने की दिशा में सही कदम ही है।

सदस्य देशों को उन देशों की आलोचना करने से नहीं हिचकना चाहिए जो आतंकवाद को राज्य की नीति के साधन के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। निस्संदेह, संगठन ने भारतीय पक्ष पर ध्यान न देकर अपने मंसूबों को उजागर किया है। ऐसे में संगठन के सदस्य देशों में विश्वास, मित्रता और संबंधों को मजबूत बनाने के लक्ष्य पूरा होना संदिग्ध ही है। प्रधानमंत्री ने भी कड़ा संदेश अमेरिका को दिया था, जिसने 'आतंकवाद विरोधी' प्रयासों में पाकिस्तान की भूमिका की सराहना की थी। साथ ही उसके सेना प्रमुख के लिये लाल कालीन बिछाया था। वही संदेश एससीओ की बैठक में रक्षामंत्री ने चीन को दिया है। भारत को आतंकवाद के खिलाफ अपने कूटनीतिक प्रयासों को धार देनी चाहिए।



॥गीता॥



**श्लोक**

सर्वद्वारेषु देहेऽस्मिन्प्रकाश उपजायते । ज्ञानं यदा तदा विद्याद्विवृद्धं सत्त्वमित्युत ॥

**भावार्थ**

जिस समय इस देह में तथा अन्तःकरण और इन्द्रियों में चेतनता और विवेक शक्ति उत्पन्न होती है, उस समय ऐसा जानना चाहिए कि सत्त्वगुण बढ़ा है।

जीवन दर्शन

## जीने का सबसे जिम्मेदारी भरा तरीका चंचल होना

दुनिया में चंचल होना हमेशा गैर-जिम्मेदाराना माना जाता है। तथाकथित आध्यात्मिक लोग कहते हैं कि पैसा जीवन को छीन लेगा, लेकिन ऐसा नहीं है। अगर आप अपने भीतर व्यापार कर रहे हैं, तो यह बहुत विनाशकारी है। हम कृष्ण के बारे में जो कुछ भी सीख पाए, वह वास्तव में उनके साथ न्याय नहीं कर सकता। वे जो कुछ भी करते थे, उसके प्रति उनमें कितना जुनून था। हर स्थिति में - चाहे वह एक बच्चे के रूप में हो, एक युवा के रूप में, एक योद्धा के रूप में, एक राजनेता के रूप में, समाज में एक निश्चित संतुलन स्थापित करने का प्रयास करते व्यक्ति के रूप में, एक शिक्षक के रूप में हो, या जब लोगों ने उन्हें एक दिव्य अवतार के रूप में देखा - एक क्षण भी ऐसा नहीं था जब उनके जीवन में शिथिलता आई हो। वह हर समय जीवन में पूरी भागीदारी के साथ शामिल थे। जो लोग, जिस भी कारण से, हर समय खुद को जारी रखने में सफल होते हैं, वे निश्चित रूप से एक बड़ी संभावना के रूप में विकसित होने लगते हैं। हम अपना ध्यान चाहे जागरुकता पर, भक्ति, कर्म, या अपनी ऊर्जा पर केंद्रित करें - अंततः, हमारा ध्यान इस बात पर होता है कि इस जीवन को हर समय कैसे जारी रखा जाए। यदि यह हर समय सक्रिय रहे, तो यह आपको परम प्रकृति तक ले जाएगा। इसे हमेशा कैसे जोशपूर्ण रखें? हालांकि कृष्ण ने अपनी शिक्षाओं में सभी चार मौलिक तरीकों के बारे में बात की है। यदि आप अपने जीवन को खुशहाली के संदर्भ में देखते हैं, तो मान लीजिए कि आज आपका व्यवसाय अच्छा चल रहा है, आपकी नौकरी अच्छी चल रही है, सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है, लेकिन यदि आपके जीवन में कोई भावनात्मक समस्या है, तो आप उन सब चीजों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। दूसरी ओर, मान लीजिए कि आज आपकी नौकरी या व्यवसाय बहुत अच्छा नहीं चल रहा, लेकिन आप घर आते हैं और परिवार में भावनात्मक स्तर पर सब कुछ अच्छा है - तो भावनात्मक पहलू बाकी सब चीजों पर हावी हो जाता है। अधिकांश लोगों के लिए उनकी भावना ही प्रधान होती है। वे जीवन के किसी भी अन्य पहलू की तुलना में भावनाओं के माध्यम से बहुत आसानी से चरम तीव्रता को प्राप्त कर सकते हैं। भावना, भक्ति या जुनून का मार्ग एक विशेष बेफिक्री की मांग करता है। यही चीज़ लोगों को डराती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने अपनी सुरक्षा के कितने इंतजाम किए हैं, आप जीवन की घटनाओं के प्रति वैसे भी हर समय असुरक्षित हैं। जिस क्षण आप सोचते हैं कि आपको दूसरे व्यक्ति से अपनी मनचाही चीज नहीं मिल रही, तो यह बंद हो जाता है। यह व्यापार है। यदि आप शेयर बाजार में व्यापार कर रहे हैं तो यह ठीक है। लेकिन अगर आप अपने भीतर व्यापार कर रहे हैं, तो यह बहुत विनाशकारी है। यह जीवन ले लेता है।

## संक्षिप्त खबरें

### री-यूज वॉटर पोर्टल का निर्माण देश में पहली बार

**विसं, भोपाल।** अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय शुक्ला ने कहा कि नगरीय सेवाओं में कार्य करना चुनौती है, जिसमें समर्पण के साथ तकनीकी और प्रशासनिक दक्षता की आवश्यकता होती है। भारत में पहली बार री-यूज वॉटर पोर्टल का निर्माण किया जा रहा है, जो प्रदेश में जल संरक्षण और पुनःउपयोग की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रमुख सचिव शुक्ला शुक्रवार को इंदौर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला और जल संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि इंदौर की कार्यशाला में प्राप्त निष्कर्षों का क्रियान्वयन इंदौर के साथ-साथ प्रदेश के अन्य नगरीय क्षेत्रों में श्रेष्ठ नवाचार के रूप में पहचाना जायेगा। आयुक्त नगरीय विकास एवं प्रशासन संकेत भोंडवे ने बताया कि जल प्रबंधन के लिये 3 सिद्धांत री-यूज, रीड्यूज और री-साइकल पर आधारित रणनीति अपनायी जा रही है।

### मप्र पुलिस को पासपोर्ट वेरिफिकेशन में सम्मान

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** विदेश मंत्रालय ने मप्र पुलिस को 2024-25 के दौरान पासपोर्ट आवेदकों के तेजी से सत्यापन करने नई दिल्ली में सम्मानित किया गया है। प्रदेश पुलिस को सेवा और सुशासन में योगदान के लिए, पासपोर्ट आवेदन सत्यापन डाटा के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में चुना गया था। विगत 24 जून को नई दिल्ली में आयोजित 13 वें पासपोर्ट दिवस समारोह में विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने एमपी को सर्टिफिकेट ऑफ रिकॉग्नाइजेशन प्रदान किया। प्रदेश सरकार की तरफ से आईजी लॉ एंड ऑर्डर अंशुमान सिंह ने यह पुरस्कार हासिल किया।

### अरुणाचल प्रदेश से 252 मेगावाट बिजली खरीदेंगे

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार अरुणाचल से 252 मेगावाट बिजली खरीदेगी। शुक्रवार को सीएम हाउस में समझौता हुआ। इस दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव मौजूद रहे। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आवंटित 252 मेगावाट विद्युत क्रय अनुबंध पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी और एनएचपीसी के मध्य एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। एनएचपीसी की अरुणाचल के लोअर दिबांग वैली जिले में स्थित बहुउद्देशीय जल विद्युत परियोजना से मध्यप्रदेश को केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आवंटित 252 मेगावाट विद्युत मिलेगी। विद्युत क्रय अनुबंध पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक राकेश ठुकराल और एनएचपीसी के महाप्रबंधक ओंकार यादव ने हस्ताक्षर किए।

# मंत्रियों को पसंद के अफसरों के साथ योजनाएं पूरी करने का मिलेगा टारगेट

## अधिकारी-कर्मचारियों के तबादलों के बाद कुछ मंत्रियों की नाराजगी आई सामने, अब संतुष्ट करने का प्रयास

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में पिछले दिनों नई तबादला नीति के तहत अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले किए गए। जिसे लेकर कुछ मंत्रियों की नाराजगी भी सामने आई है। सूत्र बताते हैं कि कई मंत्रियों ने अपने विभाग के अधिकारी बदले जाने की गुहार लगाई है। खबर है कि जल्द ही मंत्रियों को उनके पसंद के अधिकारी मिल जाएंगे, लेकिन साथ ही उन्हें उनके विभाग से जुड़ी योजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य भी थमाया जाएगा। गौरतलब है कि स्थानांतरण के दौरान कुछ मंत्रियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सीधे शिकायत की थी। मंत्रियों ने सीधे अपने विभाग प्रमुखों पर आरोप लगाए, कि तबादलों में उनके अनुमोदन को महत्व नहीं दिया गया। सूत्रों का कहना है कि प्रशासनिक सर्जरी में व्यापक स्तर पर जो फेरबदल होगा, उससे मंत्रियों को संतुष्ट करने का प्रयास किया जाएगा। चर्चा है कि सीएम ने शिकायत करने वाले मंत्रियों से उनकी पसंद के अधिकारियों के बारे में जानकारी ली है और साथ ही उनसे कह दिया है कि अगर उनके हिसाब से विभाग में अधिकारी पदस्थ किए जाते है,तो फिर उन्हें और तेजी के साथ काम करना होगा। इसके बाद किसी भी मंत्री से यह नहीं सुना जाएगा कि उनके विकास की परफार्मेंस धीमे होने की वजह क्या है। खबर तो यह भी है कि सीएम ने मंत्रियों से यहां तक कह दिया है कि अगले कुछ माह में यदि उनके विभाग की गतिविधियों में सुधार नहीं आया या विभाग दिए गए लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाया तो अधिकारियों के साथ-साथ मंत्रियों के विभागों में भी फेरबदल किया जा सकता है। प्रशासनिक गलियारे से जुड़े सूत्रों की मानें तो मुख्य सचिव द्वारा हर माह प्रत्येक विभागों की परफार्मेंस रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। जिन विभागों की स्थिति सही नहीं है, उनके अधिकारियों की सीएस स्वयं क्लास लेते हैं, जबकि मुख्यमंत्री संबंधित मंत्रियों से इस संबंध में बात करते हैं।




### राजस्व सहित कई विभागों के अधिकारी और मंत्रियों में दिखा तालमेल का अभाव

पिछले दिनों मंत्रालय से छनकर बाहर आई खबरों पर गौर करें, तो राज्य शासन के राजस्व, एमएसएमई, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग में मंत्री और उनके अधिकारियों के बीच तालमेल के अभाव की बात सामने आई है। कहा जा रहा है कि इन विभाग के मंत्रियों ने कई बार अलग-अलग विषयों पर मुख्यमंत्री से अधिकारियों द्वारा उपेक्षा करने की शिकायत की है। इसी आधार पर इन विभागों के प्रमुख अधिकारियों को अगले फेरबदल में बदला जा सकता है। इनमें कुछ अधिकारियों के पास दूसरे विभागों का अतिरिक्त प्रभार भी है, जिससे उन्हें मुक्त कर अहम विभागों की जिम्मेदारी दी जा सकती है।

### अधिकारियों की बनाई गई है कैटागिरी

सूत्रों का कहना है कि मंत्रालय से लेकर मैदानी अमले में तैनात अधिकारियों की कार्यक्षमता के आधार पर उनकी ग्रेडिंग की गई है। ए, बी, सी और डी कैटागिरी में इन अधिकारियों को बंटा गया है। ऐसे अधिकारी जो परिणाम लाते हैं, उन्हें एक्सीलेंस यानि कि ए कैटागिरी में रखा गया है। इन अधिकारियों को मंत्रालय में प्रमुख विभाग दिए जाते हैं। बी कैटागिरी में उन अधिकारियों को रखा गया है, जो औसत कार्य परिणाम लाते हैं, तो सी कैटागिरी के अधिकारियों का अपने मंत्री और विभागीय अधिकारियों के साथ तालमेल का अभाव रहता है, जबकि डी कैटागिरी के अधिकारियों की सूची में उन अफसरों के नाम हैं, जिन्हें कई बार मौके मिले, लेकिन सरकार और शासन की उम्मीदों पर अब तक खरे नहीं उतरे हैं। हालांकि अधिकृत तौर पर ऐसी कोई प्रशासनिक व्यवस्था नहीं है।

# 4 जुलाई को 91 हजार विद्यार्थियों को मिलेगी लैपटॉप, स्कूटी के लिए राशि

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के 91 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए और सरकारी स्कूलों के बारहवीं की परीक्षा में टॉपरों को स्कूटी साथ दी जाएगी। इसके लिए चार जुलाई को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। लैपटॉप वितरण में करीब सवा दो सौ करोड़ और स्कूटी में 80 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च होगी। हालांकि मुख्यमंत्री से समय मिलने पर तिथि में परिवर्तन भी किया जा सकता है। प्रदेश में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल से बारहवीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे ऊपर अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि दी जाती है। पिछले साल 89 हजार 710 विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए राशि दी गई थी। दो साल पहले इनकी संख्या 78 हजार 641 थी। इस बार माशिमं की बारहवीं परीक्षा में 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 91 हजार के आसपास है। यह संख्या पिछले साल की तुलना में लगभग 2 हजार ज्यादा है। इस बार विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए राशि देने में सवा दो सौ करोड़ से ज्यादा खर्च किया जाएगा। शासकीय स्कूलों में बारहवीं के एक-एक टॉपर को स्कूटी भी दी जाएगी।

## हाईकोर्ट ने खेल मैदान में मोबाइल टावर लगाए जाने को चुनौती पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी, भोपाल के खेल मैदान में मोबाइल टावर लगाए जाने की मंजूरी को चुनौती पर जवाब-तलब कर लिया है। इसके अंतर्गत राज्य शासन प्रमुख सचिव व आयुक्त नगरीय प्रशासन, कलेक्टर व एसपी भोपाल, इंडस टावर लिमिटेड, भारती इंफ्राटेल, ईई हाउसिंग परमीशन विभाग व भोपाल कमिश्नर सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। जनहित याचिकाकर्ता भोपाल निवासी दौलतराम जाटव की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि जब से खेल मैदान में मोबाइल टावर लगाए जाने को मंजूरी दी गई तभी से क्षेत्रीय लोग विरोध करते आ रहे थे। आंदोलन किया गया। ज्ञापन सौंपे गए। संबंधित अधिकारियों को अभ्यावेदन दिए गए। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसीलिए व्यापक जनहित में हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

# देश में 11 साल से अघोषित आपातकाल : दिग्विजय सिंह

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह का कहना है कि देश में पिछले 11 साल से अघोषित आपातकाल लागू है। इस दौरान कई लोगों को असंवैधानिक तरीके से गिरफ्तार किया गया है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि 1975 के दौरान लगाए गए आपातकाल तो 50 साल पुरानी बात हो गई है। लेकिन पिछले 11 वर्षों में देश में क्या हो रहा है, यह देश की जनता से छिपा नहीं है। उन्होंने संघ के पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबाले के उस बयान पर कटाक्ष किया, जिसमें उनके द्वारा कांग्रेस को 50 साल पहले इंदिरा गांधी सरकार के लगाए गए आपातकाल के लिए माफी मांगने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि वह (होसबाले) यह क्यों भूल जाते हैं कि तत्कालीन संघ प्रमुख बालासाहेब देवरस ने इस आपातकाल का समर्थन किया था। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार के संस्कृति विभाग ने देश के इतिहास में पहली बार आपातकाल के खिलाफ अभियान चलाने का आधिकारिक निर्देश जारी किया है। सिंह ने देवास जिले के खिवनी अभयारण्य में वन विभाग की हालिया अतिक्रमण निरोधक कार्रवाई को 'अमानवीय बर्ताव' करार दिया और आरोप लगाया कि बारिश में आदिवासियों के घर उजाड़ कर उनके साथ अन्याय किया जा रहा है।

**विकास को विरोध समझने की आदत है कांग्रेस की:** इधर खिवनी घटना पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की आदत है विकास को विरोध समझने की। गरीबों को घर, राशन मिले, जब वनभूमि सुरक्षित हो तब कांग्रेस को अन्याय दिखता है। किसी समस्या पर भ्रम फैलाना कांग्रेस की नीति रही है, जबकि हर समस्या का समाधान देना भाजपा सरकार की रीति रही है।

# आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की गई थी: सीएम

## आईएसबीटी स्थित निगम के सभागार में भाजयुमो ने बुलाई युवा संसद, कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम, वीडी शर्मा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा युवा मोर्चा ने शुक्रवार को आपातकाल विषय पर युवा संसद लगाई। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा सहित दूसरे बड़े नेता मौजूद रहे। इस मौके पर सीएम ने कहा कि आपातकाल लगाकर तत्कालीन प्रधानमंत्री ने संविधान की हत्या की थी।

आईएसबीटी स्थित निगम के सभागार में हुए इस संवाद में सीएम ने कहा कि आपातकाल लागू करने के संबंध में न केंद्रीय कैबिनेट ने स्वीकृति दी थी न ही राज्यों की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव दिया गया था। जिम्मेदार लोगों ने ही संविधान का पालन नहीं किया। अभिव्यक्ति और प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया। इस मौके पर डॉ. यादव ने युवाओं से आपातकाल लागू किए जाने के प्रसंग पर प्रश्न पूछे और उन्हें मौजूदा दौर की विशेषताओं पर विचार व्यक्त करने का अवसर दिया। युवा संसद को प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद वीडी शर्मा ने संबोधित करते हुए, कहा कि आज की पीढ़ी को इमरजेंसी का प्रसंग बताया जाना आवश्यक है। अनेक युवाओं ने आपातकाल की बुराइयों पर विचार व्यक्त किए और आपातकाल लागू करने को लोकतंत्र विरोधी कदम बताया। वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी विभीषण सिंह का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मान किया। भाजयुमो अध्यक्ष वैभव पवार और राष्ट्रीय पदाधिकारी रोहित चहल द्वारा भी युवा संसद में विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर भोपाल की महापौर मालती राय नगर निगम भोपाल के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी और अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### छात्रा की बात पर बोले सीएम- ये थोड़ा ज्यादा है

आयोजन के दौरान सीएम ने अलग-अलग भूमिका निभा रहे छात्र-छात्राओं से संवाद किया। एचआरडी मंत्री की भूमिका निभा रही एक छात्रा से सीएम ने सवाल किया कि इमरजेंसी में आपको सबसे खराब क्या लगा, संक्षिप्त में बताइए, तो छात्रा ने जवाब देते हुए कहा कि इमरजेंसी में हमारे जो संवैधानिक अधिकार थे, उन्हें छीन लिया गया था। हमारे पास न तो बोलने की स्वतंत्र थी और न ही हमारे पास जीने का अधिकार। इस पर सीएम ने कहा कि जीने का अधिकार तो थोड़ा ज्यादा हो गया। थोड़ा संशोधन तो कर लो बहन जी। घर से उठाकर जेल में डाल दिया, लेकिन जीने का तो अधिकार था।

# एनसीईएल के जरिए किसानों का उत्पाद होगा निर्यात

## कार्यशाला में हुआ त्रिपक्षीय एमओयू, देश का पहला निर्यातक राज्य बनेगा मप्र: सारंग

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के किसानों के उत्पादों का निर्यात नेशनल को-ऑपरेटिव एक्सपोर्ट लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए, शुक्रवार को भोपाल में सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग एवं कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना की मौजूदगी में त्रिपक्षीय एमओयू किया गया। इस मौके पर सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश किसानों के उत्पाद के लिए भी दुनिया में निर्यातक बनने का कीर्तिमान स्थापित करेगा और देश में नंबर एक होगा। राज्य स्तरीय कार्यशाला में एनसीईएल के साथ सहकारी संघ एवं मंडी बोर्ड सहकारी संघ एवं मंडी बोर्ड के बीच हुए समझौते के उपरांत सारंग ने अपने संबोधन में कहा कि कि राष्ट्रीय स्तर पर को-ऑपरेटिव सेक्टर में निर्यात की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए नेशनल को-ऑपरेटिव एक्सपोर्ट लिमिटेड (एनसीईएल) का गठन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी आंदोलन को मजबूत करने और इसके माध्यम से किसानों को उनकी फसल का और अधिक लाभ उपलब्ध कराने की मंशा से राष्ट्रीय स्तर पर को-ऑपरेटिव सेक्टर में निर्यात की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए नेशनल को-ऑपरेटिव एक्सपोर्ट लिमिटेड (एनसीईएल) का गठन किया। इसके माध्यम से किसानों को उनके उत्पाद के अधिक से अधिक लाभ मिल सकेगा।



### किसानों के लिए एक नया प्लेटफार्म उपलब्ध होगा

सारंग ने कहा कि यह एमओयू मध्यप्रदेश के किसानों के लिए एक नया प्लेटफार्म उपलब्ध कराएगा। इसके माध्यम से किसान अपने उत्पाद का निर्यात कर सकेंगे। सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश की 1578 सोसाइटियों ने एनसीईएल की मेंबरशिप ली है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एंदल सिंह कंषाना ने सहकारिता को कृषि का महत्वपूर्ण अंग बताया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से ही लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। हिंदुस्तान कृषि प्रधान देश है और मध्यप्रदेश देश में कृषि क्षेत्र में अग्रणी है। मध्य प्रदेश को सात बार कृषि कर्मण अवार्ड भी मिला है। अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने कहा कि एमओयू के जरिये किसानों के उत्पाद को डिमांड के अनुसार पहुंचाने पर सही दाम मिल सकेगा।

### मानव मल खिलाने का मैसेज वायरल करने के आरोप में जीतू पटवारी पर एफआईआर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मुंगावली पुलिस ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ सोशल मीडिया पर मानव मल खाने के लिए मजबूर करने का एक मैसेज वायरल करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गजराज लोधी ने गुरुवार को अशोकनगर कलेक्टर को हलफनामे में बताया कि कांग्रेस नेता पटवारी ने सोशल मीडिया पर फर्जी मैसेज वायरल किया था, जिसमें उसे मल खाने के लिए मजबूर करने का दावा किया गया था। गजराज ने बताया कि 25 जून को वह और उसका भाई ओरछा में जीतू पटवारी से मिले थे, जिसमें पटवारी ने उन दोनों से मीडिया को बयान देने को कहा था और इसके एवज में मोटरसाइकिल देने का आश्वासन भी दिया था। इस हलफनामे के आधार पर शुक्रवार की शाम अशोकनगर जिले के मुंगावली थाने में जीतू पटवारी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दो दिन में आदेश से पलटा जीएडी, 5 तहसीलदार बने प्रभारी डिप्टी कलेक्टर

## कार्यवाहक पदोन्नति नहीं देने का आदेश किया था जारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सामान्य प्रशासन विभाग ने दो दिन पहले ही विभागों को निर्देशित किया था कि अब किसी भी अधिकारी कर्मचारी को कार्यवाहक पदोन्नति नहीं दी जाएगी, अलबत्ता उन्हें लोकसेवक पदोन्नति नियम के तहत पदोन्नत किया जाएगा। लेकिन शुक्रवार को जीएडी ने एक आदेश जारी कर पांच तहसीलदारों को प्रभारी डिप्टी कलेक्टर बना दिया। जानकारी के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग ने बैतूल तहसीलदार अलका को पांढुर्णा में प्रभारी डिप्टी कलेक्टर के तौर पर पदस्थ किया है। आगर मालवा के तहसीलदार आलोक वर्मा को शाजापुर,अनिल कुमार तलैया को छतरपुर तहसीलदार से पदोन्नत करते हुए पन्ना, ग्वालियर तहसीलदार अनिल राघव को ग्वालियर और बालकृष्ण मिश्रा को कटनी तहसीलदार से पदोन्नत करते हुए सतना का प्रभारी डिप्टी कलेक्टर बनाया है।



### आबकारी विभाग ने भी बनाए कार्यवाह अधिकारी

इसी तरह से आबकारी विभाग ने 62 आबकारी उपनिरीक्षकों को कार्यवाहक सहायक जिला आबकारी अधिकारी बनाया है। जानकारों की मानें तो कुछ दूसरे विभागों में भी अपने अधिकारी कर्मचारियों को बतौर कार्यवाह के रूप में पदोन्नत करने की तैयारी की जा रही थी। लेकिन गुरुवार (26 जून) मुख्य सचिव द्वारा विभाग प्रमुखों की बैठकों में जल्द से जल्द लोकसेवा पदोन्नति नियम 2025 के तहत पात्र अधिकारी कर्मचारियों को पदोन्नत करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने अधिकारियों से सभी स्तर पर 31 जुलाई तक पदोन्नति करने की मंशा जताई थी। इसके बाद से दूसरे विभागों ने अपनी सूची जारी करने से रोक दी और विभागीय पदोन्नति समिति का गठन कर पात्र अधिकारी कर्मचारियों की सूची तैयार करना शुरू कर दिया है।

### जीएडी को मिले 24 अफसर

इधर सामान्य प्रशासन विभाग ने मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग से चयनित 24अधिकारियों की पदस्थापना कर दी है। इनमें एक अधिकारी 2021 बैच के तो 23 अधिकारी 2022 बैच के है। जानकारी के मुताबिक राज्य शासन ने इन सभी अधिकारियों की पदस्थापना करने के साथ ही एक बांड भी भराने का आदेश दिया है। जिसमें कहा गया है कि अगर किसी अधिकारी का प्रोबेशन पीरियड सफल नहीं होता है तो इस अवधि में शासन द्वारा संबंधित अधिकारी पर खर्च किए गए वेतन और यात्रा भत्ते के अलावा अन्य अग्रिम खर्च किए गए तथा प्रशिक्षण में जाने वाले खर्च की राशि की वापसी करनी होगी। इन्हें सभी अधिकारियों को प्रशासन अकादमी से विभागीय परीक्षाएं भी पास करना होगा।

## एडिशनल एसपी स्तर के 43 पुलिस अधिकारियों के तबादले

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** गृह विभाग ने शुक्रवार को एडिशनल एसपी स्तर के 43 अफसरों के तबादले किए गए हैं। गृह विभाग द्वारा तबादलों की दो अलग अलग लिस्ट जारी की गई। पहली सूची में 4 और दूसरी लिस्ट में 39 अफसरों के नाम थे। पहली सूची के अनुसार संदीप मिश्रा को दमोह एएसपी के पद से हटाकर पीएचक्यू में एआईजी, पल्लवी शुक्ला को उज्जैन एएसपी से जबलपुर एएसपी, संजय सिंह पंवार को 7वीं बटालियन भोपाल से एडिशनल डीसीपी यातायात भोपाल और विक्रम सिंह रघुवंशी को एडिशनल डीसीपी यातायात भोपाल से एआईजी पीटीआरआई के पद पर भेजा गया है। दूसरी लिस्ट के मुताबिक दिनेश कौशल को एसपी स्पेशल ब्रांच भोपाल से एसपी स्पेशल ब्रांच सागर, घनश्याम मालवीय को एडिशनल डीसीपी भोपाल से एडिशनल एसपी शाजापुर, महावीर सिंह मुजाल्दे को एडिशनल डीसीपी भोपाल से जोनल एसपी स्पेशल ब्रांच भोपाल, नीरज कुमार पांडे को एडिशनल एसपी पुलिस अकादमी भौंरी से एआईजी पीएचक्यू, शशांक गर्ग को एसपी डायल हंड्रेड भोपाल से एसपी रेडियो भोपाल, नीतू कुमरे को एसपी एजेके भोपाल से एडिशनल एसपी रेल भोपाल पदस्थ किया गया है।



**बदलाव** | एसडीआरफ डीजी जारी करेंगी कलेक्टरों को नए निर्देश, हाईअलर्ट पर रहेगा अमला

# गुना में 5 मौतों के बाद आपदा से बचाव की बनी नई रणनीति

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** 24 जून को गुना के धरनावदा में एक कुएं में बछड़े को बचाने के लिए उतरे पांच लोगों की मौत के बाद राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने आने वाली आपदाओं से बचाव की नई रणनीति तैयार की है। एसडीआरएफ की डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव के अनुसार जल्द ही इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को आपात स्थिति या आपदा के लिए नए निर्देश जारी किए जाएंगे। यह कदम गुना में बचाव अभियान के दौरान कई खामियां सामने आने के बाद उठाया जा रहा है। डीजी प्रज्ञा ऋचा ने के अनुसार वे सभी कलेक्टरों को एक नया पत्र भेजेंगी जिसके तहत उन्हें किसी भी आपदा की सूचना मिलते ही तुरंत अलर्ट होने के लिए कहा जाएगा। इस दौरान किसी भी हादसे या आपदा की सूचना तत्काल राहत और बचाव कार्यों से जुड़े एसडीआरएफ समेत अन्य संबंधित विभागों को देने और बरसात के आगामी मौसम के दौरान जिला प्रशासन के अमले को हाई अलर्ट पर रहने को कहा जाएगा।


फाइल फोटो

### गुना हादसे के दौरान ये आई परेशानी

गुना की घटना में जब एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची तो वहां भारी भीड़ मौजूद थी। इस भीड़ को हटाने में समय लगा और बचाव कार्य शुरु करने में बाधा आई। इसके अलावा स्थानीय पुलिस भी देर से पहुंची, और पीड़ितों को कुएं से बाहर निकालने के बाद अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस तक मौके पर मौजूद नहीं थी। एसडीआरएफ के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची तो कुएं में उतरने से पहले पहने जाने वाले ब्रीथिंग एपरेटोस सेट में प्रेशर काफी कम था। इससे टीम को कुंए के अंदर जाकर सांस लेने में दिक्कत हो सकती थी। इसके अलावा घटनास्थल के रास्ते में एक ट्रेन के खड़े होने की वजह से भी टीम देरी से पहुंची। हालांकि होमगार्ड के आला अफसरों का दावा है कि एसडीआरएफ की टीम से पहले ही घटनास्थल पर नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड(एनएफएल) की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी।

### आपदा से बचाव में कलेक्टर की भूमिका सबसे अहम

होमगार्ड और एसडीआरएफ की डीजी के अनुसार जिला स्तर पर कलेक्टर ही आपदा प्रबंधन के लिए जिम्मेदार अधिकारी होते हैं। ऐसे में उन्हें राहत और आपदा प्रबंधन के लिए इंसिडेंट रिस्पांस टीम (आईआरटी) को एक्टिव करने के आदेश जारी करने होते हैं। एसडीआरएफ के अफसरों के अनुसार किसी भी घटना से निपटने के लिए जिला स्तर पर एक कमांड कंट्रोल और कोऑर्डिनेशन सिस्टम होता है जिसमें एक इंसिडेंट कमांडर पदस्थ होता है। जिलों में अपर कलेक्टर और जिला पंचायत के सीईओ को इंसिडेंट कमांड जबकि डिप्टी कलेक्टर नोडल अधिकारी और एडिशनल एसपी इस सिस्टम में सुरक्षा अधिकारी के रूप में काम करते हैं।

### डीआरसी में तैनात होते हैं एसडीआरएफ के दो सदस्य

एसडीआरएफ के अनुसार पूरे मध्य प्रदेश में बरसात के मौसम में 270 आपदा प्रतिक्रिया केंद्र (डीआरसी) चौबीसों घंटे एक्टिव रहते हैं। हर केंद्र पर एसडीआरएफ के दो सदस्य तैनात होते हैं, जिनका काम पुलों, बांधों और पानी से संभावित आपदा वाले स्थानों पर कड़ी नजर रखना है। इसके अलावा बांधों पर भी चैक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां जल संसाधन विभाग के कर्मचारी बांध के वाटर लेवल और बहाव की लगातार मॉनिटरिंग करते हैं। ऐसे में किसी भी असामान्य स्थिति की सूचना तत्काल वरिष्ठ अफसरों को मिल जाती है।

# आईजी का बेटा बनकर होटल में रुका युवक! पुलिस ने किया गिरफ्तार

## कोर्ट ने सुनाई 3 साल कि सजा




**जागरण, डिंडोरी**

कूटरचित दस्तावेजों के सहारे जिला मुख्यालय के एक होटल में ठहरने और होटल संचालक को गुमराह करने वाले युवक को आखिरकार जेल की सलाखों के पीछे जाना पड़ा है। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए आरोपी को तीन अलग-अलग धाराओं में दोषी करार देते हुए 3 साल तक के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है।

**ये पूरा मामला :** दरअसल डिण्डौरी थाना क्षेत्र का है। मीडिया सेल प्रभारी एवं अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी तौसिफ मंसूरी पिता जहांनूर उम्र 27 वर्ष निवासी ई49/बी 325 जनता कॉलोनी, जफराबाद थाना वेलकम, नई दिल्ली, ने नीलम होटल में ठहरने के लिए फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल किया था। आरोपी ने समीर श्रीवास्तव नाम से फर्जी आधार दिखाया और खुद को पुलिस महानिरीक्षक का बेटा बताकर होटल संचालक को भ्रमित किया।

**इंस्टाग्राम के जरिए आया था डिंडौरी..:** पूछताछ में तौसिफ मंसूरी ने गोलमोल जवाब देते हुए पुलिस को बताया कि वह इंस्टाग्राम के जरिए डिण्डौरी आया था। हालांकि उसके डिंडौरी आने का मकसद स्पष्ट नहीं हो सका।

### कैसे हुआ खुलासा

18 नवम्बर 2022 को नीलम होटल के संचालक पवन शर्मा को युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। उसने तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि एक युवक खुद को आईजी का बेटा बताकर होटल में ठहरा हुआ है, जबकि उसकी हरकतें संदेहास्पद हैं। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक अमरसिंह मरकाम के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची।पुलिस को देख आरोपी होटल से निकलकर खेतों की तरफ भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया और कुछ ही घंटों बाद आरोपी को उत्कृष्ट ग्राउंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में आरोपी के पास से दो आधार कार्ड मिले, एक असली, जिसमें उसका नाम तौसिफ मंसूरी था और दूसरा फर्जी आधार कार्ड, जिसमें वही आधार नंबर था लेकिन नाम बदलकर समीर श्रीवास्तव और पता जयपुर (राजस्थान) लिखा गया था।

# जिले में संचालित समस्त छात्रावासों का निरीक्षण अभियान प्रारंभ अधिकारियों को मिली अहम जिम्मेदारी, मूलभूत सुविधाओं की होगी जांच

**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या का उद्देश्य जिले मे संचालित समस्त छात्रावास, सर्व शिक्षा अभियान, शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा जिले में संचालित छात्रावासों की शिक्षा स्तर एंव अन्य व्यवस्थाओं की सुधार हेतु विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत आज जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले के शासकीय छात्रावासों एवं आश्रमों में निरीक्षण अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 30 जून 2025 से 05 जुलाई 2025 तक चलाया जाएगा, जिसमें 39 बिंदुओं पर विशेष ध्यान देते हुए निरीक्षण किया जाएगा। समस्त जिला अधिकारी अपना-अपना प्रतिवेदन कार्यालय में जमा करेंगें और प्रस्तुत प्रतिवेदन पर निरीक्षण अधिकारी से वन-टू-वन चर्चा कर कलेक्टर द्वारा समीक्षा की जाऐगी।

### इन पैमानो पर होगा निरीक्षण एवं सत्यापन

भोजन व्यवस्था - छात्रों को मीनू के अनुसार संतुलित एवं पर्याप्त भोजन मिल रहा है या नहीं, रसोईघर की स्थिति, खाद्यान्न का स्टॉक आदि की जानकारी ली जाएगी।

स्वास्थ्य एवं स्वच्छता -छात्रावास में सफाई की नियमितता, शौचालयों एवं स्नानगृह की स्थिति, स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था आदि की समीक्षा की जाएगी।




पेयजल व्यवस्था -वाटर प्यूरीफायर, आर.ओ., हैंडपंप/बोर/कुंआ आदि से पेयजल की उपलब्धता तथा उसकी गुणवत्ता का परीक्षण किया जाएगा।

रहवासीय सुविधा -कमरों में बिजली, पंखे, लाइट, खिड़कियां, दरवाजे, सीलिंग की स्थिति तथा बेडिंग की पर्याप्तता पर ध्यान दिया जाएगा।

विद्यार्थियों की उपस्थिति -छात्र उपस्थिति पंजी की जांच कर वास्तविक उपस्थिति का मिलान किया जाएगा।

रजिस्टर संधारण - आगमन/निर्गमन पंजिका, छात्र पंजी, खाद्यान्न पंजी आदि का संधारण नियमित है या नहीं।

सुरक्षा एवं प्रकाश -छात्रावास परिसर में प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी की स्थिति एवं भवन की समग्र सुरक्षा परखी जाएगी।

खेल सामग्री एवं पुस्तकालय -छात्रों के लिए खेलकूद की सुविधा एवं पाठ्य सामग्री उपलब्ध है या नहीं, यह भी देखा जाएगा।

बागवानी एवं स्वच्छता प्रयास -परिसर में वृक्षारोपण, गार्डन निर्माण, रंग-रोगन आदि का कार्य हुआ है या नहीं, इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**फोटोग्राफ एवं रिपोर्ट संलग्न करना अनिवार्य :** निरीक्षण के दौरान रसोईघर, टॉयलेट्स, पानी की टंकियों, छात्र कमरों एवं सीसीटीवी से संबंधित फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। निरीक्षण अधिकारी द्वारा अंतिम रिपोर्ट में कमियों को चिन्हित करते हुए सुधार हेतु सुझाव प्रस्तुत किए जाएंगे। अनिल राठौर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डिंडोरी,सुश्री भारती मेरावी, अनुविभागीय अधिकारी डिंडोरी, पंकज नयन तिवारी, नायब तहसीलदार समनापुर, श्याम सिंगौर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, बी.एल. भलावी, कार्यपालन यंत्री पी.आई.यू. डिंडोरी, आर.के. बघेल, कार्यपालन यंत्री, विद्युत विभाग, प्रमोद उपाध्याय, सहायक यंत्री पीएचई, सुंदर लाल यादव, नायब तहसीलदार, अमरपुर, एम.एल. धुर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बजाग, अफजल इमाम उल्ला छात्रावासों का निरीक्षण करेंगे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में किया जा रहा है पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार

## नौगढ़ में स्थिति बावड़ी की साफ-सफाई से बावड़ी दिखने लगी स्वच्छ एवं सुन्दर



**जागरण, बैढ़न।** जल गंगा संवर्धन अभियान मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के अगुवाई मे 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जहा नवीन जल संरचनाओं का निर्माण कर जल संचयन के प्रयास किए जा रहे वहीं पुरानी जल संरचानाओं का जीर्णोद्धार कर उन्हें नया रूप प्रदान किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान नगर निगम के वार्ड क्र. 44 नौगढ़ में स्थित बावड़ी का जन अभियान परिषद के द्वारा सामूहिक भागीदारी से साफ सफाई कर नया रूप प्रदान किया गया। अब बावड़ी के चारों ओर का नजारा देखते ही बनता है, खासकर शाम के समय जब सूर्यअस्त होता है उस समय बावड़ी की सुन्दतरता में चार चॉद लग जाता है। वार्ड के नागरिकों के द्वारा बावड़ी किनारों पर सुबह की सैर करते। खुद ही उसे गंदा होने बचाते है साथ ही समय-समय पर सामूहिक भागीदारी बावड़ी की साफ-सफाई भी करते हैं। वार्ड के नागरिकों ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चलाया जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान लोगों को जल संरक्षण के महत्व को बताने का सबसे बेहतर उपाय है। उन्होंने बताया कि पहले बावड़ी के आस पास कूड़े कचरे का ढेर लगा रहता था। पानी में गंदगी बनी रहती थी। लेकिन अब हम सबने संकल्प लिया है कि अपने क्षेत्र के बावड़ी तालाबों की जनभागीदारी के माध्यम से साफ सफाई कराकर उन्हें स्वच्छ एवं सुन्दर रखेंगे। मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करने में हम लोग भी अपने ओर से प्रयास करेगे।

# मिंगडी गांव में रहस्यमयी आवाज से हड़कंप, देवी प्रकोप या भूगर्भीय हलचल

**जागरण, डिंडोरी।** जनपद के मिंगडी गांव से एक रहस्यमयी और हैरान करने वाली खबर सामने आई है। गुरुवार रात गांव में अचानक एक तेज और रहस्यमयी आवाज सुनाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। यह आवाजें इतनी तेज थीं कि आसपास के गांवों तक सुनाई दीं और देखते ही देखते आवाजों को लेकर गांव में चर्चा का बाज़ार गर्म हो गया। रहस्यमयी आवाज को सुनने के लिए अब दूर-दराज के ग्रामीण भी मिंगडी पहुंच रहे हैं।

ग्रामीणों का दावा है कि यह आवाजें गुरुवार देर रात करीब तीन बजे शुरू हुईं और लगातार किसी झाड़ी की दिशा से आती रहीं। गांव के बुजुर्ग और महिलाएं इसे देवी प्रकोप मान रही हैं, वहीं कुछ ग्रामीणों ने झाड़ियों में विशाल अजगर देखने का भी दावा किया है। खास बात यह रही कि जिस स्थान से आवाज आ रही थी, वहां हिम्मत करके पहुंचे कुछ ग्रामीणों ने एक बेशर्म की झाड़ी में अजगर देखा। अनुमान लगाया जा रहा है कि वहां बड़ी संख्या में मेंढक भी हो सकते हैं, जिससे ऐसी अजीब आवाजें निकल रही हों। गांव के बुजुर्गो का कहना है कि यह प्रकट देवी की आवाज है। मैंने जीवन में कभी ऐसी आवाज नहीं सुनी। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। यह देवी है जो सांप या मेंढक का रूप लेकर प्रकट हुई है। कुछ ग्रामीणों का मानना है कि यह स्थान किसी देवस्थान से जुड़ा हो सकता है और यह आवाज किसी दैवीय शक्ति का संकेत है।



### भूगोल विशेषज्ञ ने बताई वैज्ञानिक वजह

शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय के भूगोल विषय के प्रोफेसर जगतराम झारिया ने इस मामले पर कहा कि मिंगडी गांव जिस क्षेत्र में स्थित है वहां की मिट्टी काली है। काली मिट्टी में शुरुआती बारिश के दौरान अक्सर भूगर्भीय हलचल और गैसों की हलचल से इस प्रकार की आवाजें उत्पन्न हो सकती हैं। यह एक सामान्य भौगोलिक क्रिया है, जिसे रहस्यमयी समझा जा सकता है।

हालांकि कुछ लोगों ने बोरिंग कार्य की आशंका जताई, लेकिन ग्रामीण मनोज कुमार ने बताया कि बारिश के समय बोरिंग कार्य प्रशासनिक रूप से प्रतिबंधित होता है, इसलिए यह संभावना भी गलत प्रतीत होती है। रहस्यमयी आवाज की जांच के लिए ग्रामीणों का झुंड जब खेतों की तरफ पहुंचा तो उन्होंने बेशर्म की झाड़ियों से तेज आवाजें सुनीं जो किसी चक्की चलने जैसी प्रतीत हो रही थीं। लेकिन झाड़ियों के घने होने के कारण स्पष्ट पता नहीं चल सका कि आवाज का स्रोत क्या है। इस रहस्यमयी घटना को लेकर ग्रामीणों में डर के साथ-साथ उत्सुकता भी बढ़ रही है। गांव में अब चर्चा का मुख्य विषय यही रहस्यमयी आवाज बन गया है। प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।अब गांव वाले चाहते हैं कि प्रशासन इस रहस्य की सच्चाई सामने लाए ताकि भय और भ्रम की स्थिति खत्म हो सके।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**जागरण, निगाही।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में विविध कार्यक्रमों को आयोजन किया गया इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि इसका उद्देश्य छात्रों एवं समाज में नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता फैलाना था । कार्यक्रम की शुरुआत एक जागरूकता रैली से हुई। रैली के बाद योग और फिटनेस गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को योग के माध्यम से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के तरीके सिखाए गए। विद्यालय परिसर में एक चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें छात्रों ने नशे के खिलाफ अपने विचारों को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को नशे के कारण प्रभाव और उससे बचाव पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही साथ एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया। जिसमें छात्रों ने नशा उन्मूलन से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी जानकारी का परिचय दिया। अंत में प्राचार्य श्री थापर ने बच्चों को शपथ दिलाई और अपने संबोधन में कहा कि नशे से दूर रहना ही एक स्वस्थ और उज्जवल भविष्य की कुंजी है।

# 110 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त, 2300 किलो महुआ लहान को किया नष्ट



**जागरण, मंडला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण,परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध की गई कार्यवाही में वृत मण्डला में ग्राम मुर्गाटोला में नहर के किनारे मदिरा निर्माण करने वाले अड्डों पर दबिश की कार्यवाही की गई।जिसमें मदिरा का निर्माण करने वाले विभिन्न अड्डों से कच्ची मदिरा 65 लीटर एवम विभिन्न अड्डों से कुल 140 डिब्बों में भरा लाहन पाया। इसी प्रकार वृत नैनपुर में ग्राम जामगांव के निकट भीमकुण्ड में दबिश की कार्यवाही की गई जिसमे तालाब के किनारे स्थित कुआं के नजदीक एवं नाले के किनारे 90 डिब्बा महुआ लहान तथा 45 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। इस तरह कुल 110 लीटर कच्ची शराब जब्त कर कुल 2300 किलो महुआ लहान को नष्ट किया। जब्त मदिरा की एवं लहान की कुल अनुमानित कीमत 2,46,500 /-रुपये है। आबकारी बल को देख आरोपी भाग खड़े हुए। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी, कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सर्वेश नागवंशी, शैली सैयाम,दुर्जन कुलेश, हरे सिंह उइके, आरक्षक विजय कमलेश,नेतराम ककोटिया,महेश पटेल, शंकुतला सैयाम, सत्यपाल मरावी, प्रिया नायडू, बिहारी साहू उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय समापन समारोह 30 जून को

## अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में दोपहर 1 बजे से कार्यक्रम होगा आयोजित

**जागरण, बैढ़न।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश ने कहा कि 30 मार्च से पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन प्रारम्भ किया गया था। यह अभियान शासन और समाज के समन्वय से जल संरक्षणए जल स्रोतों के पुनर्जीवन और जन-जागरूकता को समर्पित रहा है। इस अभियान की कार्य अवधि 30 जून को पूर्ण हो रही है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा प्रत्येक जिले में जन प्रतिनिधियों प्रभारी मंत्री सांसद विधायक पंचायत प्रतिनिधियों नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समुदाय के साथ 24 से 30 जून तक की अवधि में अभियान का समापन किया जाना है। इसका उदेश्य अभियान की उपलब्धियां और किए गए कार्यों के लाभों परिणामों को जन-जन तक पहुंचाना फीड बेक के आधार पर नीतिगत बदलाव करना और जन प्रतिनिधियों जल दूतों तथा स्थानीय नागरिकों को भविष्य की योजनाओं में सहभागी बनाना है। उन्होंने कहा कि उक्त के अनुक्रम में जिला स्तर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम का 30 जून को अपरान्ह 1 बजे से अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में आयोजन किया गया है। उन्होंने कार्यक्रम में जिला अधिकारियों सक्रिय जलदूत स्वसहायता समूह की महिलाएँ सचिव रोजगार सहायक उपयंत्री सहायक यंत्री एडीईओ पीसीओ एवं अन्य जनपद स्तरीय अमले को उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

# जीतू पटवारी मध्य प्रदेश की राजनीति का सबसे दबंग चेहरा जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी



**जागरण, मंडला।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ अशोकनगर जिले के मुंगावली थाने में दर्ज हुई एफआईआर ने एक बार फिर उन्हें सुर्खियों में ला दिया है। यह एफआईआर उसी युवक ने दर्ज कराई है, जिसने दो दिन पहले पटवारी से मुलाकात कर सरपंच पति और बेटे पर गंदगी खिलाने का आरोप लगाया था। उस समय जीतू पटवारी ने तत्काल कलेक्टर को फोन कर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अब युवक अपने बयान से पलट गया है। इस घटनाक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी मंडला के अध्यक्ष एड. राकेश तिवारी ने राजनीति से प्रेरित और सत्ता के दुरुपयोग का जीवंत प्रमाण बताया है, जो कहीं न कहीं जीतू पटवारी की बढ़ती हुई राजनीतिक साख और दबंग छवि को रेखांकित करता है। यह पहला मौका नहीं है जब पटवारी को झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की गई है, जो इस बात का संकेत है कि भाजपा सरकार उनके बढ़ते राजनीतिक कद से चिंतित है।

**वंचितों/पीड़ितों की सशक्त आवाज :** जीतू पटवारी ने इस पूरे मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पीड़ित व्यक्ति पहले कलेक्टर के पास गया, मीडिया में गया और आत्महत्या का प्रयास भी किया। उनके पास आने पर उन्होंने पूरी बात सुनी, कलेक्टर को मौके से फोन किया और पीड़ित की सहमति से ही वीडियो अपलोड किया। जीतू पटवारी का यह बयान उनकी उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह पीड़ितों की आवाज उठाना अपना दायित्व समझते हैं।

कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि भाजपा सरकार दलितों और वंचितों पर लगातार बढ़ते अत्याचारों के बीच इस वीभत्स घटना को दबाने का प्रयास कर रही है। यह आरोप इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि जीतू पटवारी ने लगातार दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और वंचित वर्ग पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ मुखर आवाज उठाई है। उनकी यह भूमिका उन्हें मध्य प्रदेश की राजनीति में वंचितों और शोषितों के सबसे मजबूत पैरोकार के रूप में स्थापित करती है। वे केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहते, बल्कि मैदान में उतरकर सरकार से सीधी लड़ाई लड़ते हैं, जैसा कि इस मामले में कलेक्टर को मौके पर फोन करने से स्पष्ट होता है।

### मप्र की राजनीति में एक दबंग चेहरा

जीतू पटवारी को मध्य प्रदेश की राजनीति में एक दबंग और जमीनी नेता के रूप में देखा जाता है। उनकी छवि एक ऐसे नेता की है जो जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझते हैं और उनके लिए लड़ते हैं। यह स्वतःस्फूर्त और उसके बाद कांग्रेस का मजबूत प्रहार इस बात को पुष्ट करता है कि पटवारी भाजपा सरकार के लिए एक कड़ी चुनौती बन गए हैं। वे केवल बयान देकर शांत नहीं बैठते, बल्कि सरकार को सीधे चुनौती देते हैं और पीड़ितों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ते हैं। उनकी यह कार्यशैली उन्हें अन्य नेताओं से अलग करती है और उन्हें युवाओं के साथ-साथ वंचित वर्ग के बीच लोकप्रिय बनाती है।यह पहला मौका नहीं है जब उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की गई हो। अतीत में भी उन्हें कई बार ऐसे मामलों का सामना करना पड़ा है, लेकिन हर बार वे और अधिक मजबूत होकर उभरे हैं। यह उनकी लचीली प्रकृति और राजनीतिक सूझबूझ को दर्शाता है। वे जानते हैं कि ऐसी दबाव की राजनीति से कैसे निपटना है और कैसे इसे अपने पक्ष में मोड़ना है। यह गुण एक नेता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, खासकर जब वह एक मजबूत सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ लड़ रहा हो।

### डरी हुई BJP ने की दबाव की राजनीति

कांग्रेस ने इस बात पर गहरा आश्चर्य व्यक्त किया है कि जिस व्यक्ति ने पहले वीडियो में अपने साथ हुई क्रूरता का विस्तार से वर्णन किया था और उसे सोशल मीडिया पर साझा करने की सहमति भी दी थी, उसी के हाथ में अब शपथ पत्र थमा दिया गया है। कांग्रेस इसे न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में चल रहा भय का तंत्र मानती है। यह घटना दर्शाती है कि जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस भाजपा सरकार के सामने एक मजबूत विपक्षी दल के रूप में खड़ी है, जो सत्ता के दुरुपयोग और दबाव की राजनीति के खिलाफ आवाज़ उठाने से नहीं डरती। कांग्रेस ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह शपथ पत्र दबाव, डर और राजनीतिक प्रतिशोध की उपज है। एक दलित युवक को न्याय की मांग करने पर चुप क्यों करवाया जा रहा है और सत्ता में बैठे लोग इतनी हड़बड़ी में एफआईआर क्यों करवा रहे हैं। यह सवाल सीधे तौर पर मध्य प्रदेश की कानून व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों पर सवाल खड़े करता है, जिसकी कमान स्वयं मुख्यमंत्री बनाम गृहमंत्री के पास है। कांग्रेस का यह दृढ़ रुख भी जीतू पटवारी के नेतृत्व में पार्टी की आक्रामकता और दृढ़ता को दर्शाता है।

# प्रशासन आपके द्वार: ग्रामीणों को मिली सरकारी योजनाओं की जानकारी

**जागरण, मंडला।** मंडला जिले के नक्सल प्रभावित बिछिया अनुविभाग के वनांचल क्षेत्र में प्रशासन आपके द्वार चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम बांदरवाडी में भी ग्रामीणों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लाभांवित करने के उद्देश्य से चौपाल लगाई गई। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशन में आयोजित इस पहल का लक्ष्य प्रशासन को सीधे ग्रामीणों के द्वार तक पहुंचाना है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ मिल सके।बिछिया अनुविभाग की अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्रीमती सोनाली देव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों ने सीधे गांव में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही समस्याओं का निराकरण भी किया। श्रीमती सोनाली देव ने बताया कि नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायतों में ये कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण को सरकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।

101 आवेदन प्राप्त, 94 आवेदन का मौके पर ही निराकरण बांदरवाडी में आयोजित प्रशासन आपके द्वार चौपाल में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं के संबंध में अपने आवेदन प्रस्तुत किए। कुल 101 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के 16,स्वास्थ्य विभाग के 67, पीएचई के 1, पशु चिकित्सा विभाग के 3, खाद्य विभाग के 2, महिला एवं बाल विकास के 2, राजस्व विभाग के 4, कृषि विभाग के 5, सहकारिता के 1 आवेदन शामिल थे। इनमें से पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के 16, स्वास्थ्य विभाग के 67,पशु चिकित्सा विभाग के 3, महिला एवं बाल विकास के 2,कृषि विभाग के 5, सहकारिता के 1 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर आवेदकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शेष 7 आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर समुचित निराकरण किया जाएगा।

# ग्राम पंचायत हरीरा में नाली संकट बना आफ़त, घरों में घुसा चार फीट तक पानी



## पंचायत की अनदेखी से ग्रामीण बेहाल, सरपंच पर धमकी और अमर्यादित भाषा के आरोप

**पन्ना।** ज़िले की ग्राम पंचायत हरीरा इन दिनों भारी बारिश के बाद आई जल त्रासदी से कराह रही है। नाली निर्माण और जल निकासी की बुनियादी व्यवस्था के अभाव ने गांव के लोगों को बदहाल कर दिया है। स्थिति यह है कि दर्जनों घरों में बारिश का पानी घुस चुका है, और कुछ मकानों में तो चार फीट तक पानी भर गया है। यह कोई एक-दो दिन की परेशानी नहीं है, बल्कि सालों पुरानी एक उपेक्षित समस्या है, जिससे ग्रामीण आज भी उसी असहायता के साथ जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत द्वारा गांव में नालियों का निर्माण न कराए जाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती और हल्की बारिश में भी सड़कें तालाब बन जाती हैं। इस बार की बारिश में हालत और भी विकराल हो गई है। गांव के गरीब परिवारों के घरों में पानी घुस जाने से अनाज, बिस्तर, कपड़े, स्कूल की किताबें और घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं कई दिनों से गंदे पानी में रहने को मजबूर हैं। बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है, लेकिन पंचायत से लेकर प्रशासन तक कोई सुनवाई नहीं हो रही। स्थानीय समाजसेवी रामपाल लोधी ने बताया कि ग्रामीणों ने सरपंच गोविन्द लोधी से बार-बार संपर्क किया, ज्ञापन दिए, मौखिक शिकायतें कीं और व्यक्तिगत रूप से जाकर नालियों की खुदाई व सफाई की माँग की, लेकिन हर बार उन्हें नजरअंदाज़ किया गया। रामपाल लोधी का आरोप है कि सरपंच न केवल ग्रामीणों की बात को अनसुना करते हैं, बल्कि शिकायत करने पर ग़लत भाषा का प्रयोग करते हैं और खुलेआम धमकी भी देते हैं। यह स्थिति न केवल अलोकतांत्रिक है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी से भी मुंह मोड़ने जैसी है। इसी प्रकार, ग्रामीण बीरन लोधी ने बताया कि यह समस्या कोई नई नहीं है, हम वर्षों से इसको झेल रहे हैं। हमने कई बार प्रशासन से लेकर पंचायत तक गुहार लगाई है, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिले। इस बार तो हालात इतने खराब हैं कि हमारे घरों के अंदर चार फीट तक पानी भर गया है। न बच्चों को सुरक्षित जगह मिल रही है, न बुजुर्गों को राहत, और न ही कोई अधिकारी हमारी सुध लेने आ रहा है, उन्होंने कहा। बीरन लोधी के अनुसार, अगर जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो यह समस्या जानलेवा बन सकती है। ग्राम पंचायत हरीरा में यह समस्या पंचायत की मनमानी, प्रशासनिक उदासीनता और जवाबदेही के अभाव की एक बड़ी मिसाल बन चुकी है। गांव में नालियों का अभाव, जलभराव, और आपात स्थिति में राहत सामग्री या पुनर्वास की कोई व्यवस्था न होना दर्शाता है कि ग्रामीणों को उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।

अब वक्त आ गया है कि शासन और प्रशासन इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान दे। केवल उच्चस्तरीय समीक्षा बैठकों और कागज़ी योजनाओं से गांवों की ज़मीनी हकीकत नहीं बदलेगी। जरूरी है कि पंचायतों की कार्यप्रणाली की जाँच हो, सरपंचों को जवाबदेह बनाया जाए, और ऐसे गांवों में तत्काल राहत कार्य शुरू किए जाएँ, जहाँ लोग अपने ही घरों में डूबने की स्थिति में पहुँच चुके हैं।

# जिला खनिज प्रतिष्ठान मद की राशि का विकासपरक कार्यों में बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो : कलेक्टर




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में विगत दिवस शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ संपन्न हुई बैठक में जिला खनिज प्रतिष्ठान मद की राशि से विभिन्न विकासपरक निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृति एवं उपयोगिता के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक गुनौर डॉ. राजेश वर्मा सहित जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे एवं नपाध्यक्ष मीना विष्णु पाण्डेय द्वारा भी विकास कार्यों के संबंध में राशि की उपयोगिता और समय सीमा में आवश्यक स्वीकृतियों के साथ गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य के लिए सुझाव दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों में डीएमएफ फंड की राशि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

जिला खनिज प्रतिष्ठान मण्डल एवं जिला खनिज प्रतिष्ठान की कार्यपालिका समिति की बैठक में अवगत कराया कि पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार विकास कार्यों के संबंध में सभी स्वीकृतियां जारी कर दी गई हैं। अब इस बैठक के निर्णय के परिपालन में भी प्राथमिकता के साथ आवश्यक कार्यों व प्रस्तावों के आधार पर आगामी कार्रवाई प्रारंभ की जाए। बैठक में वर्तमान में उपलब्ध डीएमएफ राशि अनुसार विभिन्न कार्यों के लिए राशि निर्धारित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें मुख्य रूप से अमानगंज रोड पर अमझिरिया के निकट पिकनिक स्पॉट विकसित करने, श्री जगदीश स्वामी मंदिर परिसर से गत माह हटाए गए अवैध अतिक्रमण स्थल पर सीसी रोड निर्माण, कलेक्टेऊट के दो प्रवेश द्वार पर स्वागत द्वार निर्माण सहित मुख्य मार्ग से कलेक्ट्रेट पहुंच मार्ग तक वर्तमान सीसी रोड के चौड़ीकरण एवं पेबर्स वर्क का कार्य शामिल है। समिति की बैठक में विभागवार प्राप्त प्रस्ताव अनुसार सहमति से अन्य कार्यों की स्वीकृति का निर्णय भी लिया गया। साथ ही जिला कलेक्टर द्वारा गत बैठक में स्वीकृत विभिन्न कार्यों की आगामी दिवसों में समीक्षा की बात भी कही गई। इसके अलावा विभागवार जरूरी कार्यों में अतिरिक्त आवंटन की मांग संबंधी प्रस्ताव और प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। कुछ कार्यों मे ग्राम पंचायत सरपंच की लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने धारा 48 के तहत कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में पीएचडी शोध कार्य का नया कीर्तिमान




**पन्ना।** पन्ना जिसे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का गौरव प्राप्त है — ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है। इस संस्थान में वर्तमान में 60 शोधार्थी विभिन्न विभागों में पीएचडी कर रहे हैं, जो कि पन्ना जिले के लिए एक अद्वितीय और प्रेरणादायक उपलब्धि है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. परमार के नेतृत्व में शोध कार्यों को गति मिली है। उनके मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों में उन्नत शोध केंद्र स्थापित किए गए हैं। महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष राजेश गौतम जी ने शोधार्थियों के लिए भौतिक संसाधन उपलब्ध करा करके शोध के लिए एक वातावरण निर्मित किए हैं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी.पी. मिश्रा तथा वरिष्ठ प्राध्यापक एवं रिसर्च प्रभारी डॉ. जे.के. वर्मा के सहयोग से महाविद्यालय में सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक एवं व्यवसायिक विषयों पर शोध को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**शोध निदेशक ( विभाग अनुसार )** : भौतिक शास्त्र- डॉ. नंदकुमार पटेल, रसायन शास्त्र- डॉ. मनोरमा गुप्ता, वनस्पति शास्त्र- डॉ. मनोज कुमार शुक्ला, डॉ. आनंद चौरसिया, जंतु विज्ञान- डॉ. आर.एम. दत्ता, गणित- डॉ. पी.पी. मिश्रा, डॉ. जे.के. वमा, वाणिज्य- डॉ. बी.एन. जायसवाल, डॉ. सचिन गोयल, इतिहास- डॉ. विनय श्रीवास्तव, अंग्रेज़ी- डॉ. राम मोहन तिवारी, डॉ. गुलाब धर, अर्थशास्त्र- डॉ. धरमू प्रसाद कुशवाहा, पीएचडी में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है, जिसके आधार पर शोधार्थियों का चयन किया जाता है। पीएचडी पूर्ण करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक बनने की दिशा में अग्रसर हो रहे हैं। महाविद्यालय में शोध केंद्र स्थापित होने से क्षेत्रीय विद्यार्थियों को अब अपने जिले में ही उच्चस्तरीय शोध कार्य करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। यह महाविद्यालय अब शोध और नवाचार का केंद्र बनकर उभर रहा है, जो पन्ना जिले को शैक्षणिक मानचित्र पर एक नई पहचान दे रहा है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दी विधिक अधिकारों एवं नवीन अभियान की जानकारी

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड राजकुमार गौड़ व जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन की उपस्थिति में गत दिवस महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कई लाभकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई और नगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण व दूरस्थ अंचलों तक इसका प्रचार प्रसार करने का आग्रह किया गया।




बैठक सह शिविर के दौरान प्राधिकरण के सचिव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं अपने कार्यस्थल में आने वाली महिलाओं को भी उनके विधिक अधिकारों के बारे में जागरूक करें तथा प्राधिकरण द्वारा संचालित गतिविधियों से भी अवगत कराएं। जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा विभाग के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को नवीन अभियान जैसे साथी अभियान, आशा अभियान, जागृति अभियान एवं डॉन अभियान के बारे में बताया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि साथी अभियान के तहत ऐसे अनाथ बच्चों का चिन्हांकन किया जाना है, जिनके आधार कार्ड नहीं हैं। आशा अभियान में बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्य करना है। इसमें विभाग और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस मौके पर अधिकतम लोगों को अभियान से लाभांवित करने के लिए सुझाव भी दिए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश सिंह ने भी महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान कर अभियान को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर आंनद त्रिपाठी ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना 2022 और विधिक सहायता योजना की जानकारी प्रदान की। असिस्टेंट विजयलक्ष्मी प्रजापति द्वारा महिलाओं को विधिक अधिकारों, प्रावधानों तथा पॉक्सो एक्ट के बारे में बताया गया। शिविर में परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर तथा पन्ना शहरी अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

# कुंडेश्वर में एसडीआरएफ ने दिया बचाव का प्रशिक्षण, नदी-नालों से दूर रहने की सलाह




**टीकमगढ़।** पुलिस ने मानसून के मौसम में संभावित आपदाओं से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। पुलिस विभाग ने आपदा प्रबंधन टीम को अलर्ट मोड पर रख दिया है। शनिवार को कुंडेश्वर स्थित जमडार नदी के तट पर एसडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों और वॉलेंटियर्स को राहत कार्यों की तकनीक सिखाई गई। उन्हें सुरक्षा उपकरणों के उपयोग और पानी में फंसे लोगों को बचाने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि मानसून में बाढ़ और जलभराव जैसी स्थितियों को देखते हुए एक व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। सभी थाना प्रभारियों को नदी घाटों और नालों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने जिले के हर थाना क्षेत्र में वॉलेंटियर्स की टीम तैयार की है। इन वॉलेंटियर्स को पहले ही आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे मानसून के दौरान सावधानी बरतें और नदी-नालों से दूर रहें। आपात स्थिति में नागरिक 100, 112 या स्थानीय थाना प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक उपेंद्र छारी, एसडीआरएफ प्रभारी अधिकारी अमित दुबे और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# महेंद्र सागर तालाब में कलियुगी माँ ने 25 दिन के नवजात को फेंका

## युवक ने कूदकर बचाई जान, मासूम अस्पताल में भर्ती, आरोपी महिला हिरासत में

**टीकमगढ़।** जिले में शनिवार दोपहर कलियुगी मां ने 25 दिन के नवजात बच्चा को महेंद्र सागर तालाब में फेंक दिया। वहां मौजूद एक युवक ने मासूम को डूबता देख तालाब में कूदकर बाहर निकाला। घटना कोतवाली थाने के बम्होरी कला गांव की है। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लिया है। आरोपी महिला मिथिला लोधी पत्नी सुजान सिंह लोधी बम्होरी कला गांव की रहने वाली है। उसकी शादी दमोह जिले के बकस्वाहा में हुई है। वह अपने मायके आई हुई थी। घटना के दौरान उसकी मां भी उसके साथ थी। वह नवजात बच्चा को तालाब में फेंककर भागने लगी। इस दौरान वहां पहले से मौजूद लल्लन रैकवार निवासी ताल दरवाजा ने तालाब में छलांग लगाकर मासूम को सुरक्षित बाहर निकाला। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल मासूम बच्चा को अस्पताल भिजवाया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पीएल विश्वकर्मा के अनुसार, बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। उसे गहन शिशु चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।



# गुनौर विधायक ने सीसी रोड एवं टीन शेड निर्माण का किया भूमिपूजन

**पन्ना।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने ग्राम पंचायत महेबा में सीसी रोड एवं टीनशेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को सौगात प्रदान की। दोनों कार्यों की कुल लागत 50 लाख रूपए है। बहुप्रतीक्षित मांग पूर्ण होने से स्थानीयजनों में भी हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि जनहितैषी विकास कार्यों की सभी मांग निरंतर पूर्ण होगी। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचाया जाएगा।



# ग्राम तिदुनी में जल निगम और ग्राम जल स्वच्छता समिति के मध्य हुआ अनुबंध

**पन्ना।** शाहनगर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम तिदुनी में ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जल निगम और ग्राम जल स्वच्छता समिति के बीच ओवरहेड टैंकवार संचालन के लिए जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी की उपस्थिति में अनुबंध निष्पादित किया गया है। प्रबंध संचालक म.प्र. जल निगम भोपाल के निर्देशों के अनुरूप यह महत्वपूर्ण अनुबंध संपन्न किया गया। जिसके तहत जल निगम द्वारा तकनीकी दिशा-निर्देशों के अनुसार ओवरहेड टैंक का निर्माण एवं पाइपलाइन नेटवर्क बिछाने का कार्य किया जा चुका है एवं ग्राम जल स्वच्छता समिति को इसके संचालन, निगरानी एवं रखरखाव का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। समिति स्थानीय स्तर पर उपभोक्ताओं से समन्वय बनाकर जल आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करेगी। ग्राम की वर्तमान जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए प्रति




व्यक्ति 55 लीटर प्रति दिन की दर से जल आपूर्ति का मानक निर्धारित किया गया है। योजना के अनुसार प्रत्येक परिवार को प्रतिदिन औसतन 2 से 3 घंटे तक जल आपूर्ति की जाएगी, जिससे घरेलू उपयोग के लिए पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ जल उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने पहल का स्वागत किया एवं उम्मीद जताई कि इस योजना से उनके लंबे समय से चली आ रही जल संकट की समस्या का समाधान हो गया है। ग्रामवासी अब निरंतर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता से संतुष्ट हैं एवं नियमित जल कर भी समिति एकत्रित कर जल निगम को जमा करती है। परियोजना क्रियान्वयन इकाई पन्ना के महाप्रबंधक शिवम सिन्हा और ग्राम पंचायत तिदुनी सरपंच ने हस्ताक्षर कर अनुबंध संपादित किया।

# सीमांकन के दौरान दलालों के इशारे पर चली जरीब पटवारी के कार्यशैली पर ग्रामीणों ने लगाया आरोप

जागरण, चितरंगी





सीमांकन के दौरान दलालों के इशारे पर चली जरीब पटवारी के कार्यशैली पर ग्रामीणो ने आरोप लगाया है। मामला तहसील चितरंगी क्षेत्र अंतर्गत पटवारी हल्का खटाई क्र. 44 का है सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जमीन का सीमांकन किया गया सीमांकन के दौरान तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि जरीब से लगभग पटवारी की दूरी 20 से 25 मीटर है और जरीब के पास दलाल खड़े होकर के अपने मन मुताबिक जरीब चलवा रहे है ऐसे में पटवारी की चुप्पी भी बहुत कुछ बयां कर रही है सूत्र यह भी बताते हैं कि खटाई से10 किलोमीटर के आसपास जहां कहीं पर भी क्षेत्र में जमीन का सीमांकन होता है अक्सर वहां पर भी तथा कथित दलाल देखने को मिल जाते हैं इतना ही नहीं 20 वर्ष पहले इन दलालों के पूर्वजों के नाम 2 से 5 एकड़ के आसपास जमीन थी लेकिन देखते ही देखते बरसात के नदी की तरह उछाल मारती हुई जमीन 15 से 20 और 20 से 30 एकड़ में तब्दील हो गई जो यह दर्शाता है कि जब जमीन खरीदी नहीं गई तो कहीं न कहीं फर्जी पट्टा अपने नाम करवा लिया गया है जिसमें मध्यप्रदेश शासन की भूमि सहित चारोखर की भूमियाँ भी शामिल है वैसे भी तथाकथित दलाल पेशेवर है। जो दूसरे का भी पट्टा बनवाने का माद्दा रखते हैं। सूत्र यह भी बताते हैं कि उनके पास राजस्व विभाग से संबंधित समस्त सील मोहर भी रखे हुए हैं जो कभी यहां तो कभी वहां सील मोहर का जगह परिवर्तित करते रहते हैं विगत 3 माह पूर्व कुलकवार और नेवारी के किसानो ने दलालों के द्वारा ठगे गए एवं जमीन की हेरा फेरी से परेशान होकर राज्यमंत्री पंचायत राज ग्रामीण विकास विभाग राधा सिंह के पास भी फर्जी पट्टे के संबंध में आवेदन निवेदन किया था जहां चर्चित दलालों का नाम भी आया था। कमाल की बात तो यह है कि पटवारी हल्का खटाई 44 के हस्तलिखित राजस्व खसरे के साथ भारी छेड़खानी की गई है जिसको साफ तोर पर देखा जा सकता है और मध्यप्रदेश शासन या अन्य व्यक्तियों के नाम इन्ही दलाल और दलालों के चहेंतों के नाम काट.पीट कर लिखे गए हैं। इतना ही नहीं लिखावट और स्याही में भिन्नता भी प्रतीत होती हैजो यह दर्शाता है शासकीय अभिलेख पर भी दलाल भारी पड़ रहे हैं जब शासकीय अभिलेखों के साथ ऐसा होने लगेगा तो आखिर विश्वास किस पर किया जाए जन चर्चा में तरह.तरह के सवाल उठ रहे है। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या जिला प्रशासन उक्त मामले को संज्ञान में ले पयेगा है या ऐसे ही दलालो की दलाली सर चढ़कर बोलती रहेगी और कानून व्यवस्था दम तोड़ती रहेगी। वहीं क्षेत्र वासियों ने चर्चा करते हुए जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराया है कि चितरंगी तहसील के हस्तलिखित राजस्व खसरे की बारीकी से जांच हो हस्ताक्षर स्याही और सील मोहर एवं लिखावट की तकनीकी वैज्ञानिक की जांच हो जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी होने में देर नहीं लगेगी और जल्द ही भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे हो होंगे ।तथा वर्तमान पेट में तब्दील जमीन फि र से मध्यप्रदेश शासन के नाम सुरक्षित हो जाएगी।

### सौपें गए दायित्वों को कार्यक्रम के पूर्व पूर्ण कर

# नोडल अधिकारी के माध्यम से पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें : कलेक्टर



**जागरण, बैढ़न।** जिले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के तैयारियो की संबंधित अधिकारियो से साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए संबंधित अधिकारी कार्यक्रम से पहले सौपे गये दायित्वो को पूर्ण कर नोडल अधिकारी के माध्यम से पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रम स्थल सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में की जा रहा व्यवस्थाओ को समय पर पूर्ण करे। उन्होने हेलीपैड के लिए की गई व्यवस्थाओ के साथ ही वाहनों के लिए चिन्हित पार्किंग स्थलों की जानकारी लेने के पश्चात सेक्टरवार पार्किग व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सभा स्थल पर उचित उपचार व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विदित हो कि जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिले के देवसर अनुभाग अंतर्गत तहसील सरई में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जिले के विभिन्न विकास कार्यो का लोकापर्ण भूमिपूजन कराया जाना है उनकी सूची तैयार कर विकास कार्यो की शिलापट्टीका तैयार कराये। साथ ही कलेक्टर ने कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर सभा स्थल पर क्रेन अग्निशमक व्यवस्था पेयजल व्यवस्था सहित शौचालय आदि के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभा स्थल की साफ सफाई व्यवस्था कराने के साथ ही सेफ हाउस एवं ग्रीन रूम स्थापित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर सभा स्थल पर सेक्टर वार बैठक व्यवस्था कराने के साथ ही भीड़ प्रबंधन हेतु बैरिकेटिंग की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा राजेश शुक्ला डिप्टी कलेक्टर सौरभ मिश्रा तहसीलदार सविता यादव जिला पंचायत के अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एन.के जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल गंगा अभियान का दिखने लगा सार्थक परिणाम

**जागरण, बैढ़न।** जल गंगा संवर्धन अभियान जल जन भागादारी से जल संरक्षण करने का अभिनव अभियान है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अगुवाई मे 30 मार्च से प्रारंभ हुये अभियान के दौरान पुरानी जल संरचनओं को नया रूप दिया गया। वही नवीन जल संरचनाओं जिनमें खेत तालाब डगबेल रिचार्ज सोक पिट बोरी बंधन के माध्यम से जल का सरंक्षण किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान मे जल दूत के रूप में कार्य कर रही सीमा भारती ने बताया कि अभियान का समापन 30 जून को होगा लेकिन इससे पहले अभियान का सार्थक परिणाम सबको दिखने लगा है। उन्होन बताया कि डगबेल सोकपिट रिचार्ज के निर्माण से जहा ग्राउड वाटर लेबल में बढोत्तरी देखने को मिल रही वही मानसून की पहली बारिस से ही खेत तालाब पूरी तरह से लबालब भर गए। उन्होने कहा कि इससे फायदा यह होगा कि जिन किसानो की खेती पहले मानसून की बारिस में निर्भर थी अब उनकी निर्भरत कम होगी खेता तालाब में एकात्रित पानी से वह समय पर अपने फसलो की सिचाई कर अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकेगे साथ ही फल सब्जी का उत्पादान करने के साथ ही मछली पालन से किसान अतिरिक्त आमदनी भी प्राप्त कर सकेगे। उन्होने कहा कि एक जल दूत के लिए इससे बड़ी बात क्या होगी उसके द्वारा कराये गए कार्यो का परिणाम दो महीनो के भीतर ही दिखने लगा है। उन्होने कहा कि मै मुख्यमंत्री के इस दूरदर्शी सोच के प्रति आभार व्यक्त करती हू।

# अंतर सदनीय लोकनृत्य संस्कृत श्लोक मंत्रोच्चारण तथा आर्ट एंड क्राफ्ट स्पर्धाओं का आयोजन

## डीपीएस विंध्यनगर हमारी संस्कृति हमारी विरासत




**जागरण विंध्यनगर।** डीपीएस विंध्यनगर. हमारी संस्कृति हमारी विरासत इस विचार को ध्यान में रखते हुए बच्चों में आत्मविश्वास वाचन और लोक कलाओं का महत्व बताने के उद्देश्य से डीपीएस विंध्यनगर के प्रेक्षागृह में आज सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा 3 से 5 के छात्रों की अंतर सदनीय लोक नृत्य कक्षा 6 से 8 की संस्कृत श्लोक मंत्रोच्चारण तथा 9 से 12 के समस्त विद्यार्थियो हेतु आर्ट एंड क्राफ्ट स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में सभी 6 सदनों के 36 बच्चों ने अलग अलग प्रांतों के रंग बिरंगे परिधानों में घूमर भांगड़ा कजरी गिद्दा लावणी राजस्थानी छत्तीसगढ़ी आदि लोकनृत्यों के द्वारा भारत की विविधता में एकता के दर्शन कराए। लोक नृत्य में कक्षा 3 से रावी गंगा और यमुना कक्षा 4 से चिनाब रावी और गंगा तथा कक्षा 5 से सतलुज गंगा और रावीए सदन के विद्यार्थियों ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में श्रीमती मालविका अवस्थी डीजीएम एनटीपीसी विंध्याचल और मुस्कान अरोरा शामिल रहीं जिन्होंने बच्चों की नृत्य प्रस्तुति की बहुत सराहना की। वहीं दूसरी स्पर्धा में कक्षा 6 से 8 की श्लोक स्पर्धा में भी 36 छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला जिसमें कक्षा 6 से गंगा रावीऔर गंगा कक्षा 7 से यमुना चिनाब और गंगा तथा कक्षा 8 से गंगा झेलम सतलज और चिनाब सदन के विद्यार्थियों ने अपने सदन के लिए जीत हासिल की। संस्कृत अध्यापक डॉ बी.पी. मिश्रा एवं मनोज शुक्ला निर्णायक मंडल में शामिल रहे। प्राचार्य डॉ जनार्दन पांडेय ने सभी स्पर्धाओं के प्रतिभागियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए बच्चों का उत्साह बढ़ाया और सभी अभिभावकों एवं प्रभारी शिक्षकों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

Samagra Shiksha,Madhya Pradesh"

**APPOINTMENT**

Facilitation and Awareness of Community for Empowerment "FACE" (NSDC Training Partner) Invites applications for the following posts for implementing Centrally Sponsored Scheme on Vocationalization of Secondary & Higher Secondary Education (CSS for VSE) in Govt.Schools of Madhya Pradesh.

| POSITION | Eligibility |
| --- | --- |
| VOCATIONAL TRAINER<br>Salary – Rs. 20,000/- p.m. (CTC) | Minimum B.Sc. Nursing & Midwifery (4 Years) or GNM 3.5 Years Diploma in Nursing with 1 year of experience. Desirable:Effective communication skills (oral and written), Basic computing skills & Technical competencies. |

**Age limit: In Between 18-37 years as on 1- Jan.- 2025 (Age relaxation will be given if prior worked as VT in Samagra Shiksha Abhiyan Govt. of MP).**

The selected candidates will be placed in Govt. School located in the following districts- UMARIYA, SINGRAULI, SIDHI, SATNA, REWA, KHARGOAN, KHANDWA, ALIRAJPUR, JHABUA, INDORE, DHAR, BURHANPUR, BARWANI, ANUPPUR, SHAHDOL, SAGAR, CHHINDWARA, VIDISHA, AGAR MALWA, BALAGHAT

Email your resume with coloured photograph at –
**faceschoolprojects@gmail.com**
Fill the application :-https://forms.gle/mzLZHi5zQcGbFRUdA
For Details Website **:-https://www.facesociety.org**
Contact: 07662-355136, 8982879994
Apply Before:-07 July 2025 Contact Within Office Time:- 10:00 AM TO 06:00 PM

**परीक्षा की तिथि, समय तथा स्थान की सूचना परीक्षा तिथि के 02 दिवस पूर्व संबंधित अभ्यार्थियों के ई-मेल पर प्रेषित की जायेगी।**

**चेतावनी:** सभी अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत वी.टी.रुप मे चयन हेतु कोई भी अनुचित गतिविधि या छलावे में न फंसे। किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करने वाले झांसे में न आए। यह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य हैं। प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। कृपया किसी भी धोखाधड़ी या गलत सूचना से बचे और स्वयं पर विश्वास रखे। यदि आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो तुरंत सूचित करें। आपकी सफलता केवल आपकी कड़ी मेहनत और योग्यता पर निर्भर करती है।

**Facilitation and Awareness of Community For Empowerment "FACE"**
**Add - 3rd Floor, Ashirwad Complex, Geeta Jyoti School Campus, Urrahat Rewa (M.P.)**



## मैदान से हटकर

# गेंदबाज मुकेश कुमार के घर गूंजी किलकारी, पत्नी ने दिया बेटे को जन्म




भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के घर उस वक्त खुशी की लहर दौड़ गई जब उनकी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया। इसकी जानकारी स्टार खिलाड़ी ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल से साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा- एक नए चैप्टर की शुरुआत...सबसे छोटी सी दिल की धड़कन के साथ। हम साथ में प्यार में रहे। अब हम साथ में अपने बेटे को बाहों में लिए हुए हैं। 2023 में हुई थी मुकेश और दिव्या की शादी। मुकेश की पत्नी का नाम दिव्या है। वह बिहार के छपरा की रहने वाली हैं। दोनों ने साल 2023 में शादी रचाई थी। मुकेश कुमार बिहार के रहने वाले हैं और उन्होंने बंगाल के लिए अंडर-19 क्रिकेट में डेब्यू किया था। लंबे समय तक रणजी खेलने के बाद मुकेश को 2022 में भारत ए की ओर से न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने का अवसर मिला। उन्होंने 36 रन पर पांच विकेट लेकर सनसनी मचा दी। इसके बाद उन्हें भारतीय टीम में चुना गया। मुकेश के करियर की बात करें तो उन्होंने अब तक भारत के लिए तीन टेस्ट, छह वनडे और 17 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इनमें उन्होंने क्रमशः सात, पांच और 20 विकेट अपने नाम किए हैं। वह 52 फर्स्ट क्लास मैचों में 210 विकेट, 36 लिस्ट ए में 44 विकेट और 77 टी20 मुकाबलों में 83 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। (जेएनएन)

## खेल एक नजर

### एएफसी महिला एशियाई कप

# क्वालीफायर में भारत का सामना मजबूत तिमोर लेस्ते से



**चियांग माइ (थाईलैंड), जेएनएन।** एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के पहले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम रविवार को यहां तिमोर लेस्ते के खिलाफ भी जीत की लय जारी रखना चाहेगी। पांच टीम के ग्रुप बी में इराक अभी शीर्ष पर चल रही है। उसने मंगोलिया पर 5-2 की जीत और तिमोर लेस्ते से 0-0 ड्रॉ खेला जिससे उसके चार अंक हैं। वहीं मंगोलिया को पहले मैच में 13-0 से हराने वाली भारतीय टीम और थाईलैंड के तीन तीन अंक हैं। थाईलैंड ने तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया था। तिमोर लेस्ते की टीम रैंकिंग में मंगोलिया से 32 पायदान नीचे 158वें स्थान पर है। पर भारतीय महिला टीम के कोच क्रिस्पिन छेत्री का मानना है कि यह दक्षिणपूर्वी एशियाई टीम कड़ी चुनौती पेश करेगी।

# वैभव ने इंस्ट्रा की स्टोरी पर आशाएं गाना लगाया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वैभव सूर्यवंशी के 48 रन की बदौलत इंडिया -19 ने इंग्लैंड -19 को पहले यूथ वनडे में 6 विकेट से हरा दिया। मैच के बाद वैभव ने टीम के स्पोर्ट्स मसाज थेरेपिस्ट मंगेश गायकवाड़ की स्टोरी को री-शेयर किया। जिसमें उन्होंने फिल्म इकबाल का गाना आशाएं लगाया है। काउंटी ग्राउंड होव में टॉस जीतकर बल्लेबाजी कर रही इंग्लिश टीम 42.2 ओवर में 174 रन पर ही सिमट गई। जवाब में इंडिया -19 ने 24 ओवर में 4 विकेट खोकर 178 रन बनाए और मैच अपने नाम कर लिया। वैभव ने मैच में 19 गेंदों में 48 रन बनाए, जिसमें 5 छक्के और 3 चौके शामिल हैं। उनके अलावा विकेटकीपर अभिज्ञान कुंदू ने 45 रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी पहले मैच में 18 नंबर की जर्सी पहनकर खेलने उतरे। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी 18 नंबर की जर्सी पहनकर खेलते हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोग इसको लेकर चर्चा कर रहे हैं।

# जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप ड्रॉ में भारत पूल बी में पाक के साथ

**लुसाने (स्विट्जरलैंड), जेएनएन।** मेजबान भारत को शनिवार को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के पूल बी में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है जिसका आयोजन इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में किया जाएगा। टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ समारोह यहां एफआईएच मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस चरण में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी।

पूल ए में जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा और आयरलैंड जबकि पूल सी में अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, जापान और चीन शामिल हैं। पूल डी में स्पेन, बेल्जियम, मिस्र और नामीबिया जबकि पूल ई में नीदरलैंड, मलेशिया, इंग्लैंड और ऑस्ट्रिया शामिल हैं। फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया और बांग्लादेश पूल एफ में हैं। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह और हॉकी इंडिया के महानिदेशक आरके श्रीवास्तव के साथ ड्रॉ समारोह में भाग लिया। इकराम ने एक बयान में कहा, बहुत खुशी की बात है कि हम पहली बार 24 टीमों वाले एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप की ओर यात्रा शुरू कर रहे हैं। यह उभरते देशों सहित सभी देशों के युवाओं को सशक्त बनाने की एफआईएच रणनीति का एक हिस्सा है और यह टूर्नामेंट इस दिशा में पहला कदम होगा। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ ने कहा, आज हॉकी की दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि हम 24 देशों की भागीदारी वाले पहले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए पूल ड्रॉ कर रहे हैं। जर्मनी मौजूदा जूनियर पुरुष विश्व चैंपियन है जिसने 2023 चरण के फाइनल में फ्रांस को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड सातवां खिताब जीता था।

# 410 ओवर कर चुके बुमराह को आराम की जरूरत

## दुनिया के किसी भी गेंदबाज से अधिक वर्कलोड है जसप्रीत बुमराह पर



**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंडिया वर्सेस इंग्लैंड 5 मैच की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्ट में खेला जाना है। सीरीज का पहला मैच हारकर यहां पहुंच रही शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम इंडिया की नजरें यहां जोरदार कमबैक करने पर होगी। हालांकि उनके लिए यह चुनौती आसान नहीं होने वाली है। भारत आज तक एजबेस्टन के इस मैदान पर मेजबानों को नहीं हरा पाया है, वहीं रिपोर्ट्स हैं कि टीम को अपने मुख्य हथियार जसप्रीत बुमराह की सेवाओं से वंचित रहना पड़ सकता है क्योंकि टीम मैनेजमेंट उन्हें दूसरे टेस्ट से आराम देने का विचार कर रही है। हालांकि पहले और दूसरे टेस्ट के बीच 7 दिनों का अंतर है, मगर टीम मैनेजमेंट जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड का पूरा ध्यान रखना चाहते हैं।


### पहले से ही तय था बुमराह सभी टेस्ट नहीं खेलेंगे

इंग्लैंड दौरा शुरु होने से पहले ही यह साफ हो गया था कि जसप्रीत बुमराह सीरीज के सभी 5 मैच नहीं खेलेंगे। उम्मीद जताई जा रही थी कि वह पहला और तीसरा मैच खेलने के सीरीज किस तरफ जा रही है उसके बाद तय करेंगे कि उन्हें चौथा या पांचवां कौन सा मैच खेलना है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुमराह ने सभी 5 मैच खेलने का रिस्क लिया था जिस वजह से उन्हें चोट का शिकार बनना पड़ा था, मगर इस बार वह और टीम मैनेजमेंट ये रिस्क नहीं लेना चाहते। हालांकि कई क्रिकेट दिग्गज और फैंस सवाल कर रहे हैं कि अगर पहले और दूसरे टेस्ट के बीच 7 दिनों का गैप है तो बुमराह को दूसरे टेस्ट में आराम क्यों दिया जा रहा है? क्या रेस्ट करने के लिए 7 दिन काफी नहीं है?

### मो. सिराज ने 15 टेस्ट में 355.3 ओवर की है गेंदबाजी

भारतीय गेंदबाजों में, मोहम्मद सिराज जिन्होंने इस दौरान बुमराह के बराबर 15 टेस्ट खेले हैं उन्होंने 355.3 ओवर गेंदबाजी की है, जो इस बात को दर्शाता है कि बुमराह ने किस हद तक बॉलिंग अटेक की जिम्मेदारी संभाली है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि बुमराह तेज गेंदबाजों में भी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, उनके नाम पर इस दौरान 78 विकेट दर्ज हैं। इंग्लैंड के गस एटकिंसन 55 विकेट के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। दिलचस्प बात यह है कि सिराज ने एटकिंसन से लगभग 27 ओवर अधिक गेंदबाजी की है और 14 विकेट कम लिए हैं।

### दूसरे नंबर पर आस्ट्रेलिया के स्टार्क



इस समय जसप्रीत बुमराह पर दुनिया के किसी भी गेंदबाज से अधिक वर्कलोड है। 2024 से टेस्ट क्रिकेट के आंकड़ों की बात करें तो उन्होंने रेड बॉल क्रिकेट में किसी भी तेज गेंदबाज से अधिक ओवर फेंके हैं। बुमराह ने 1 जनवरी 2024 से लेकर अब तक कुल 410.4 ओवर गेंदबाजी की है, वहीं कोई अन्य गेंदबाज 400 ओवर का आंकड़ा तक नहीं छू पाया है। लिस्ट में दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क हैं जिन्होंने इस दौरान 362.3 ओवर गेंदबाजी की है।

# टॉप ऑर्डर को थोड़ी गेंदबाजी भी करनी चाहिए : आकाश

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड ने भारत को पहले टेस्ट मैच में 5 विकेट से हराया। इस मैच में भारत की फील्डिंग खराब रही और टीम ने पांच से ज्यादा कैच ड्रॉप किए। वहीं शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करके दिखाया लेकिन लोअर ऑर्डर बुरी तरह फ्लॉप रहा। दोनों पारियों के दौरान भारतीय टीम काफी मजबूत स्थिति में थी लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों के लगातार विकेट गंवाने से इंग्लैंड को बढ़त मिली और बेन स्टोक्स की टीम ने 371 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया। पूर्व क्रिकेटर्स ने भारत की हार के कई कारण बताए हैं और प्लेइंग इलेवन में बदलाव का सुझाव दिया है। हालांकि आकाश चोपड़ा का मानना है कि टॉप ऑर्डर में कुछ खिलाड़ियों को गेंदबाजी करनी आनी चाहिए। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, हमारे निचले क्रम के खिलाड़ियों को बल्लेबाज नहीं आती औ टॉप ऑर्डर को गेंदबाजी करना नहीं आता। उन्हें थोड़ी गेंदबाजी करनी चाहिए। मैं नहीं कह रहा है कि उन्हें 15 ओवर देने हैं।

# श्रीलंका ने सीरीज पर जमाया कब्जा बांग्लादेश की टीम चारों खाने चित्त..

## श्रीलंका ने पारी के अंतर और 78 रनों से दी मात

**कोलंबो।** श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंकाई टीम ने 2 मैच की टेस्ट सीरीज में 1-0 से अपने नाम कर ली। सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा था। स्पिनर प्रबथ जयसूर्या के 5 विकेट की बदौलत कोलंबो टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका ने बांग्लादेश की दूसरी पारी को 133 रन पर ऑलआउट कर दिया। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 247 रन बनाए थे। टीम से शादमान इस्लाम ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। पथुम निसंका के शतक से श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाए। टीम को बांग्लादेश की पहली पारी के आधार पर 211 रन की ब?त मिली। निसंका को उनके 158 रन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



### आखिरी 5 विकेट 33 रन पर गिरे

तीसरे दिन बांग्लादेश का स्कोर 6 विकेट पर 115 रन था और लेकिन चौथे दिन आधे घंटे के अंदर बांग्लादेश ने बाकी 4 विकेट गंवा दिए। टीम ने आखिरी 5 विकेट मात्र 33 रन पर गंवाए। श्रीलंकाई स्पिनर प्रबथ जयसूर्या ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। उनके अलावा धनंजय डी सिल्वा और थारिंदू रथनायके को 2-2 विकेट मिला। असिथा फर्नांडो ने एक विकेट लिया। बांग्लादेश के लिए दूसरी पारी की शुरुआत करने आए अनामुल हक को तीसरे दिन चाय से ठीक पहले के आखिरी ओवर में असिथा फर्नांडो ने 19 रन पर पवेलियन भेजा। अनामुल ने 2 चौका और एक सिक्स लगाए। उन्होंने शादमान इस्लाम के साथ पहले विकेट के लिए 31 रन जोड़े। शादमान इस्लाम (12 रन), मोमिनुल हक (15 रन) और मुश्फिकुर रहीम (26 रन) बनाकर आउट हुए। टीम से कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर तक पिच पर टिक नहीं सका। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो का विकेट 19 रन पर डी सिल्वा ने लिया।

### ओपनर्स की फिफ्टी पार्टनरशिप

दूसरे दिन के पहले सेशन में बांग्लादेश को 247 रन पर ऑलआउट करने के बाद श्रीलंकाई टीम ने मजबूत शुरुआत की। पथुम निसंका और लहिरू उदारा की जोड़ी ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। यहां टीम का स्कोर 83/0 रहा। श्रीलंकाई ओपनर्स की साझेदारी को तैजुल इस्लाम ने तोड़ा। उन्होंने लहिरू उदारा को 40 रन के स्कोर पर एलबीडब्ल्यू कर दिया। निसंका और उदारा ने पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़े। 88 रन पर पहला विकेट गंवाने के बाद पथुम निसंका ने दिनेश चंडीमल के साथ शतकीय साझेदारी करके श्रीलंकाई टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। उन्होंने चंडीमल के साथ मिलकर 311 बॉल पर 194 रन बनाए। चंडीमल 93 रन बनाकर आउट हुए।

# कंगारुओं ने वेस्टइंडीज को रौंदा..

## टेस्ट मैच के तीसरे दिन ही 159 रन से जीत लिया मैच




**बारबाडोस, जेएनएन।** बारबाडोस में खेले गए पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के 5 विकेट की बदौलत वेस्टइंडीज को 141 रन पर ऑलआउट कर दिया। नाथन लायन ने दिन की आखिरी दो गेंदों पर लगातार 2 विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 310 रन बनाए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। टीम पहली पारी में मात्र 180 रन पर ऑलआउट हो गई। ट्रैविस हेड ने दोनों पारी में फिफ्टी लगाई। उन्होंने पहली पारी में 59 रन और दूसरी पारी में 50 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हेड के अलावा दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए एलेक्स कैरी ने 65 रन और ब्यू वेबस्टर ने 63 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के शमार जोसेफ ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज के 7 खिलाड़ी डबल डिजिट में नहीं पहुंचे वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 190 रन बनाए। टीम को 10 रन की बढ़त मिली। कैरिबियाई टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 301 रन का टारगेट दिया।

वेस्टइंडीज के 7 खिलाड़ी डबल डिजिट में रन नहीं बना पाएं और टीम 141 रनों पर ही सिमट गई। आखिरी विकेट के लिए शमार जोसेफ (44 रन) और जस्टिन ग्रीव्स (38 रन नाबाद) ने 55 रनों की पार्टनरशिप की। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में जोश हेजलवुड ने 5 विकेट लिए। इनके अलावा नाथन लायन ने 2, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क को एक- एक विकेट मिला।

दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से होगा

# ऋषभ पंत के पास एजबेस्टन में शतक लगाकर खास उपलब्धि का है मौका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला एजबेस्टन में खेला जाएगा। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत एजबेस्टन में लगाते हैं तो वह सर डोनाल्ड ब्रैडमैन राहुल द्रविड़ ब्रायन लारा चार्ल्स जॉर्ज मैकार्टनी वॉरेन बार्डस्ले और डेरिल मिचेल जैसे खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो सकते हैं। टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के पास यह उपलब्धि हासिल करने का मौका है। वह सर डोनाल्ड ब्रैडमैन, राहुल द्रविड़, ब्रायन लारा, चार्ल्स जॉर्ज मैकार्टनी, वॉरेन बार्डस्ले और डेरिल मिचेल जैसे खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो सकते हैं। पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जड़े थे। टेस्ट में इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह दूसरे विकेटकीपर बन गए।



### दोनों पारियों में लगाया था शतक

लीड्स टेस्ट की पहली पारी में पंत ने 178 गेंदों पर 12 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 134 रन बनाए थे। दूसरी पारी में विकेटकीपर बल्लेबाज ने 140 गेंदों पर 118 रन कूट दिए थे। उन्होंने टेस्ट में भारतीय विकेटकीपर द्वारा सबसे अधिक शतक दर्ज करके दिग्गज एमएस धोनी को भी पीछे छोड़ दिया। पंत के अलावा केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने भी लीड्स में शतक लगाया। हालांकि, 5 शतक भी भारत को नहीं बच पाए और गिल की कप्तानी वाली टीम को इंग्लैंड के हाथों 5 विकेट से हार मिली।

### 7वें प्लेयर बन जाएंगे पंत

यह पंत का इंग्लैंड में लगातार दूसरा टेस्ट भी था, जिसमें उन्होंने शतक बनाया। इससे पहले उन्होंने 2022 में 146 रनों की तेज पारी खेली थी। अगर पंत मौजूदा सीरीज के दूसरे टेस्ट में एक और शतक लगाते हैं, तो वह इंग्लैंड में किसी मेहमान बल्लेबाज द्वारा लगातार तीन टेस्ट मैचों में शतक बनाने वाले सातवें खिलाड़ी बन जाएंगे।

### अब तक द्रविड़ ने किया यह कारनामा

राहुल द्रावेड़ अब तक इस उपलाब्ध को हासिल करन वाले एकमात्र भारतीय हैं। उन्होंने 2002 की सीरीज में तीन टेस्ट मैचों में तीन शतक बनाए थे। डेरिल मिचेल 2022 में यह उपलब्धि हासिल करने वाले आखिरी बल्लेबाज थे। पंत का इंग्लैंड में अच्छा रिकॉर्ड है। उन्होंने 19 पारियों में 42.52 की औसत से 808 रन बनाए हैं।

# पांच भारतीय स्टार खिलाड़ी जो इंटरनेशनल क्रिकेट में कभी कोई भी विकेट नहीं ले पाए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंटरनेशनल क्रिकेट में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो न के बराबर बॉलिंग करते हैं। इसमें द्रविड़, पोंटिंग, फ्लेमिंग, कुक, अटापट्टू, मार्क बाउचर और धोनी के नाम शामिल हैं। इसके बाद भी इन खिलाड़ियों के नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में विकेट हैं। हालांकि कुछ ऐसे खिलाड़ी भी रहे, जो लंबे समय तक खेलने के बाद भी विकेट नहीं ले पाए। आपको 5 ऐसे ही भारतीय स्टार खिलाड़ियों के बारे में बताते हैं,



**दिलीप वेंगसकर :** वेंगसकर उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने 100 से ज्यादा टेस्ट खेले। इंटरनेशनल क्रिकेट में 10 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले वेंगसकर गेंदबाजी में विकेट नहीं ले पाए।



**नवजोत सिंह सिद्धू :** अपने समय के स्टार बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू के नाम भी इंटरनेशनल क्रिकेट में विकेट नहीं है। 1983 में डेब्यू करने वाले सिद्धू ने 1999 में आखिरी मैच खेला था।

इस दौरान उन्होंने सिर्फ 10 गेंद डाली और 12 रन खर्च करने के बाद भी विकेट नहीं मिला।



**अजिंक्य रहाणे :** भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके अजिंक्य रहाणे ने अभी तक इंटरनेशनल क्रिकेट में गेंदबाजी नहीं की है। रहाणे ने अभी तक इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास नहीं लिया है।



**गौतम गंभीर :** भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर के नाम भी इंटरनेशनल क्रिकेट में विकेट नहीं है। गंभीर ने 242 मैचों में सिर्फ दो बार ही गेंदबाजी की।



**शिखर धवन :** धवन सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं, जिनके नाम विकेट नहीं है। धवन ने भारत के लिए 269 इंटरनेशनल मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 5 पारियों में 9 ओवर डाले।

# फील्डिंग टीम बनने के लिये रवैये में बदलाव की जरूरत : हाडिन



**सिडनी, जेएनएन।** आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्राड हाडिन का मानना है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खराब फील्डिंग की समस्या से उबरने के लिये अपने रवैये में बदलाव करना होगा। भारतीय क्षेत्ररक्षकों खासकर यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में कई कैच टपकाये। भारत को बेन स्टोक्स की टीम ने पांच विकेट से हराकर श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। आस्ट्रेलिया के लिये 66 टेस्ट खेल चुके हाडिन ने कहा हर दौर में हर महान टीम फील्डिंग में भी शानदार रही है। शुभमन गिल को भी इस टीम में इसकी शुरूआत करनी चाहिये । इसके लिये रवैये में बदलाव की जरूरत है। आप अच्छी फील्डिंग करना चाहते हैं और हर समय प्रतिस्पर्धी रहना चाहते हैं, यह रवैये की बात है। हाडिन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में भी कैचिंग का स्तर बहुत खराब था । उन्होंने कहा ,इस साल आईपीएल में कैचिंग बहुत ही लचर रही । हमने प्रतिभाशाली गेंदबाजों और बल्लेबाजों की बात की लेकिन असल समस्या कैचिंग की थी । उन्होंने कहा मैं इतना जरूर कहूंगा कि सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग टीम बनने का तरीका तलाशना होगा क्योंकि प्रतिभा की कमी नहीं है।

# टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट से पहले प्रैक्टिस की, बुमराह और कृष्णा शामिल नहीं हुए

**लंदन, जेएनएन।** टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी शुरू कर दी है। टीम के खिलाड़ियों ने शुक्रवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन में नेट सेशन किया। लीड्स टेस्ट में 5 विकेट से मिली हार के बाद प्लेयर्स का यह पहला प्रैक्टिस सेशन था। शुभमन गिल की कप्तानी टीम सुबह 9.15 बजे मैदान पर पहुंची और 3 घंटे तक प्रैक्टिस किया। इस प्रैक्टिस सेशन में पेसर जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने हिस्सा नहीं लिया, हालांकि वह टीम के साथ ग्राउंड आए थे। मोहम्मद सिराज ने केवल बल्लेबाजी का अभ्यास किया।



उन्होंने कोच सितांशु कोटक के साथ करीब 30 मिनट तक गेंद को छोड़ने, खेलने की तकनीक पर काम किया। अर्शदीप सिंह और आकाश दीप ने बल्ले और गेंद दोनों से लंबे समय तक अभ्यास किया। दोनों को मुख्य कोच गौतम गंभीर और सपोर्ट स्टाफ ने करीब से देखा। अर्शदीप ने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के साथ अपने रन-अप, बैक-फुट लैंडिंग और तकनीक को बेहतर करने पर ध्यान दिया। दूसरे टेस्ट में आकाश दीप और अर्शदीप को मौका मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एजबेस्टन टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है। ऐसे में आकाशदीप और अर्शदीप सिंह में से एक खिलाड़ी को मौका मिल सकता है।

# स्व. दया कुमार रम्भा चतुर्वेदी स्मृति जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा प्रारम्भ

**भोपाल।** जिला टेबल टेनिस एसोसिए शन के तत्वाधान में स्व.दयकुमार रम्भा चतुर्वेदी स्मृति, जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा आज टी टी नगर स्टेडियम में प्रारम्भ हुई। स्पर्धा का शुभारम्भ सय्यद जलालुद्दीन पूर्व हाकी ओलम्पियन द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर विशेष अतिथि प्रशांत कुशवाह, प्रसिडेंट आल इंडिया केनोईंग क्यकिंग, श्री अखिलेश, अध्यक्ष बैतूल ओलम्पिक संघ एवं चतुर्वेदी परिवार के सदस्य उपस्थित थे। ओलम्पियन जलालुद्दीन एवं प्रशांत कुशवाह द्वारा टेबल पर खेल कर स्पर्धा का शुभारंभ किया गया। अथितियों का स्वागत श्री सुनयन चतुर्वेदी द्वारा किया गया। स्पर्धा के सम्बंध में जिला सचिव साबिर अली द्वारा बताया गया की इस रैंकिंग स्पर्धा में भोपाल के विभिन्न कैटेगिरी में 130 खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। श्री जलालउद्दिन द्वारा जिला एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मेंहनत करने की सलाह दी गई।



# तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सेमीफाइनल में



**लोवा (अमेरिका), जेएनएन।** भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोलह वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराया।


आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया । पुरूष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी । तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी ।

### जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 30 को

**सतना।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं अत्याचार निवारण नियम संशोधित 2016 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 30 जून 2025 को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गई है।

### रेडियोग्राफर एवं लेब टेक्नीशियन पदों की काउंसलिंग 1 जुलाई से

**सतना।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा वर्ष 2024 (समूह-5) के अंतर्गत पद कोड-01 रेडियोग्राफर एवं पद कोड-02 लेब टेक्नीशियन के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इन पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन एवं नियुक्ति की प्रक्रिया के लिये काउंसलिंग 1 जुलाई से प्रारंभ की जा रही है।



# जिला शिक्षा अधिकारी ने ली बैठक, तलब की जानकारी

## कहा जर्जर भवनों का प्रस्तुत करो प्रमाण पत्र



**जागरण, सतना।** जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार सम्हाल रहे विष्णु त्रिपाठी ने शनिवार को सतना व मैहर जिले के अंतर्गत पदस्थ सभी आठो विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिये है। बताया जाता है कि डेढ घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री त्रिपाठी ने कई बिन्दुओ पर चर्चा कर उनकी समीक्षा की है। बैठक के दौरान सभी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

**इन बिन्दुओ पर हुई चर्चा :** जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों से जर्जर भवनो की जानकारी तलब की और उन्हे तत्काल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। यानी प्रमाण पत्र जारी करने का मतलब उनके क्षेत्र में जो भी जर्जर विद्यालय भवन है उनमें कक्षाए संचालित नही हो रही है। इसके आलावा जिला शिक्षा अधिकारी ने न्यायालयीन प्रकरणो पेशन प्रकरण ,नामांकन , एक पेड मॉ के नाम के तहत वृक्षारोपण, छात्रवृत्ति, सीएम हेल्पलाइन और विद्यालय की समय सीमा को लेकर चर्चा करते हुये स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि विद्यालय समय सीमा में संचालित हो यदि ऐसा नही पाया गया तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। बताया जाता है कि जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा 9 से 12 वीं तक की संचालित स्कूलो के लिए दिये गये बजट की उपयोगिता पर भी चर्चा की है। चर्चा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि सभी बीईओ को यह निर्देशित किया गया है कि बरसात का समय है और किसी भी हालत में जर्जर भवनो में कक्षाए संचालित न हो , एकल शिक्षकीय विद्यालय किसी हालत में बंद न रहे। सुरक्षा को लेकर भी उन्होने निर्द्रेश दिये है इतना ही नही तकरीबन 15 स्कूलो को दी गई मरम्मत की राशि दी गई थी मगर अब तक कार्य पूर्ण नही हुये है। उन्होने कि कार्य शुरू होने के पहले की , कार्यकरते समय , कार्य पूर्ण होने के फोटो ग्राफ्स और उपयंत्री का मूल्यांकन प्रस्तुत करना होगा इसके अलावा एक जिला स्तरीय समिति गठित कर सत्यापन कराने के पश्चात ही भुगतान की प्रक्रिया होगी।

## सीएसपी ने किया पैदल भ्रमण, कोलगवां टीआई रहे मौजूद



**जागरण, सतना।** पुलिस द्वारा शहर में आने वाले मुहर्रम त्यौहार और इस त्यौहार में निकलने वाली ताजिया को देखते हुए आज कोलगवा थाना क्षेत्र के टिकुरिया टोला लखन चौकए पानी टंकी चौराहे ईदगाह चौक कवरराम टॉकीज मार्ग सहित मुख्य बाजार से पैदल मार्च किया गया शहर में त्यौहार के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह पैदल मार्च किया गया इस दौरान सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह कोलगवा टी आई सुदीप सोनी सहित आरएएफ टीम एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

## कुशवाहा बीज भंडार सील, कृषि अधिकारी ने की कार्यवाही

### समाप्त था लाइसेंस फिर भी बीज,खाद व दवाईयों का हो रहा था विक्रय



**जागरण, सतना।** कृषि अधिकारी ने शनिवार को बगैर लाइसेंस संचालित हो रही एक खाद बीज व दवा की दुकान सील कर दिया है। यह कार्यवाही दोपहर 1 बजे एडीई आरएस बागरी द्वारा की गई है।


**यह मामला :** बताया जाता है कि बिरसिंहपुर कस्बे के कटरा मोहल्ले में संचालित कुशवाहा बीज भंडार द्वारा लाइसेंस का लम्बे समय से नवीनी करण नही कराया गया था । लाइसेंस पूरी तरह से समाप्त था इसके बाद भी बीज खाद एवं दवाईयो का धुआधार बडे पैमाने पर विक्रय सिंह जा रहा था। निरीक्षण के दौरान यह बात पकड में आते ही डीडीए मनोज कश्यप के मार्गदर्शन में एडीई आरएस बागरी दलबल के साथ कार्यवाही करने पहुचे और उन्होने उक्त बीज भंडार का सील कर दिया है।

> बिरसिंहपुर में कुशवाहा बीज भंडार बगैर लाइसेंस के संचालित हो रहा था लाइसेंस के लिए आवेदन तक नही किया और बीज खाद एवं दवाईयो का भंडारण कर लिया। इस मामले में बीज भंडार को सील कर दिया गया है। दुकान संचालक के विरूद्ध सीड एक्ट , ई.सी. एक्ट के अंतर्गत धारा 3, 5, 7 के तहत एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।
>
> **मनोज कश्यप, डीडीए सतना**









# मंदाकिनी नदी उफान पर लगाए गए चेतावनी बोर्ड



**जागरण, सतना।** चित्रकूट अंचल में हो रही लगातार बारिश से मंदाकिनी नदी उफान पर है । प्रशासन ने वहां पर चेतावनी बोर्ड लगा दिया है । रामघाट की कई दुकानों के अंदर पानी घुस गया। तुलसीदास घाट व मंदाकिनी आरती स्थल में भी जल भराव हो गया है। पुलिस ने भी बैरिकेड करके वाहनों का रामघाट जाने से प्रवेश रोक दिया गया है। नदी के घाट के आसपास एसडीआरएफकी टीम तैनात कर दी गई है। सतना में शुक्रवार रात हुई तेज बारिश के कारण शहर और गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। जिला मुख्यालय के कई इलाकों में नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया है। भरहुत नगर में एक पेड़ गिरने से सड़क बंद हो गई और बिजली की तारें टूट गईं।

### शेरगंज में जल भराव

शेरगंज के श्रीधाम आश्रम इलाके में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे लोगों के घरों में गंदा पानी भर गया। इसका असर घरेलू सामान पर पड़ा जो पानी से खराब हो गया है। रैगांव इलाके के भुमकहर कुड़िया और अहिरवार समेत कई गांवों की स्थिति गंभीर है। रास्ते बंद हो गए हैं और नदियां.नाले उफान पर हैं। जैतवारा नदी का जल स्तर बढ़ जाने से आवागवन रोकने पुलिस तैनात की गई है।

### मझगवां क्षेत्र में भी पानी पानी

मझगवां तहसील और उसके आसपास के गांवों में सड़कें नदी में तब्दील हो गई हैं। जल निकासी की सही व्यवस्था न होने से घरों में पानी घुस गया है। सिर्फ आधे घंटे की बारिश ने जनजीवन को अस्त.व्यस्त कर दिया है। देवलहा के अहिरान टोला में सड़कों पर भी पानी का तेज बहाव देखा गया।

# बिरहुली रेलवे फ्लाईओवर बना परेशानी का सबब

## लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होगी: सांसद गणेश सिंह

**सतना।** बिरहुली रेलवे फाटक पर बन रहा फ्लाईओवर परेशानी का सबब बना हुआ है। ठेकेदार की लापरवाही के चलते आम नागरिकों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य के चलते ओवरब्रिज के नीचे तीन फिट तक पानी भर जाता है। ठेकेदार के द्वारा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई है। जो डायवर्सन दिया गया था वह अत्यंत जीणछीन हालत पर हैए और जहां से रेलवे ने पानी निकालने की पुलिया बनाई थीए वह पूरी तरह से आवागमन में क्षतिग्रस्त हो गई है। कई गाडयिां धस गई हैं शनिवार को हुई बारिश के कारण ब्रिज के नीचे पानी भर गया जिससे वाहन फंस गए और लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंचे सांसद ने लोगों की परेशानी से रुबरु हुए। सांसद श्री सिंह ने रेलवे और ब्रिज निर्माण करने वाली एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करें अन्यथा सब के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com